*
ओड़िशा संस्करण
www.epaper.azadsipahi.in
08 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 197

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

चाइबासा और बसिया में भाजपा-मोदी पर इंडी गठबंधन ने साधा निशाना





# आलमगीर के करीबियों के यहां से मिले नोटों के पहाड़ से बैकफुट पर कांग्रेस

## ■ इडी की कार्रवाई के बाद झारखंड में सत्तारूढ़ गठबंधन असहज महसूस कर रहा

## ■ नोटों की बरामदगी के बाद गिरा पार्टी नेताओं-कार्यकर्ताओं का मनोबल

**आजाद सिपाही विशेष**

**लोकसभा चुनाव की गहमा-गहमी के बीच प्रवर्तन निदेशालय द्वारा झारखंड की राजधानी रांची में हुई कार्रवाई का राजनीतिक असर पड़ना स्वाभाविक था और ऐसा हो भी रहा है। कांग्रेस कोटे के मंत्री आलमगीर आलम के करीबी के यहां से बरामद 35 करोड़ रुपये से अधिक की नगदी के कारण अब पूरी पार्टी की फजीहत हो रही है। एक तरफ भाजपा और उसकी सहयोगी पार्टियां उस पर हमलावर हैं, तो दूसरी तरफ झारखंड के सत्ताधारी गठबंधन के दूसरे घटक दल, झामुमो और राजद भी असहज महसूस करने लगे हैं। यहां तक कि झारखंड कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेता भी इस मुद्दे पर कुछ भी कहने से बच रहे हैं। दरअसल उन्हें समझ में ही नहीं आ रहा है कि वे क्या बोलें। कांग्रेस के कई पुराने और समर्पित नेताओं-कार्यकर्ताओं ने इस कैश कांड में मंत्री आलमगीर आलम को तत्काल बर्खास्त करने की वकालत की है, ताकि चुनाव से पहले पार्टी की प्रतिष्ठा को थोड़ा बहुत बचाया जा सके। वैसे भी पिछले करीब साढ़े चार साल में, जब से कांग्रेस झारखंड की सत्ता में लगभग बराबर की साझीदार बनी है, कई बार इसी तरह के मामलों में उसकी किरकिरी हो चुकी है, लेकिन यह समय विशेष है, क्योंकि अभी चुनाव का माहौल है और कांग्रेस राज्य की 14 में से सात सीटों पर चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस के लिए यह कैश कांड राजनीतिक रूप से बहुत नुकसानदेह साबित हो रहा है और उसके लिए इस भंवर से निकलना आसान नहीं होगा। क्या है इस कैश कांड का साइड इफेक्ट और कब-कब विवादों में घिरी है झारखंड कांग्रेस, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के नजदीकियों के आवास से 35 करोड़ रुपये नगदी की बरामदगी ने कांग्रेस के साथ राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन के दूसरे घटक दलों, झामुमो और राजद को बैकफुट पर लाकर खड़ा कर दिया है। लोकसभा चुनाव से ठीक पहले हुई इडी की कार्रवाई ने राज्य में राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है और इस तूफान में कांग्रेस की नाव पूरी तरह डगमगाती नजर आ रही है। स्थिति यह है कि पार्टी के नेता और कार्यकर्ता भी कह रहे हैं कि उन्हें अब चुनाव प्रचार करने में भी शर्म आ रही है।

झारखंड कांग्रेस के लिए इडी की कार्रवाई और कैश कांड राजनीतिक रूप से बेहद नुकसानदेह है, क्योंकि आलमगीर आलम न केवल कांग्रेस विधायक दल के नेता हैं, बल्कि चंपाई सोरेन सरकार में नंबर दो की पोजिशन पर हैं। वह हेमंत सोरेन सरकार में भी इसी स्थिति में थे। यह भी संयोग है कि राहुल गांधी की न्याय यात्रा के झारखंड में प्रवेश करने के पहले इडी ने तत्कालीन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था और अब राहुल की पहली चुनावी सभा से पहले पार्टी की इतनी बड़ी फजीहत हो रही है। वैसे तो आलमगीर आलम बरामद की गयी रकम के संदर्भ में ज्यादा बोलने से बचते हुए पल्ला झाड़ रहे हैं, लेकिन इस प्रकरण की आंच उन तक आयेगी, क्योंकि संजीव लाल उन्हीं के पीएस हैं और जहांगीर को भी उन्होंने रखवाया था। इसका खामियाजा कांग्रेस को उठाना पड़ेगा। इडी की कार्रवाई से कांग्रेस पूरी तरह बैकफुट पर है। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब अपने नेताओं की वजह से पार्टी को असहज होना पड़ रहा है। इडी की कार्रवाई के बाद कांग्रेस नेता और प्रवक्ता डिफेंसिव मोड में हैं।

### धीरज साहू प्रकरण की याद ताजा हो गयी

मंत्री आलमगीर आलम के करीबियों के ठिकाने से सोमवार को मिला नोटों का पहाड़ पूर्व राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू की याद दिला गया। साहू के ठिकाने से 350 करोड़ रुपये से अधिक बरामद हुए थे। पिछले दिनों झारखंड की चुनावी सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उनका उल्लेख करते हुए कहा था कि ये पैसे लोगों की गाढ़ी कमाई के थे। धीरज प्रसाद साहू फिलहाल राजनीतिक गतिविधियों से दूर हैं।



### कई बार विवादों में घिर चुके हैं कांग्रेसी नेता

जुलाई 2022 में कांग्रेस के तीन विधायक इरफान अंसारी, नमन विक्सल कोंगाड़ी और राजेश कच्छप को 50 लाख नगद के साथ हावड़ा में गिरफ्तार किया गया। इस मामले को राज्य में सरकार गिराने से जुड़ा बता कर कांग्रेस की ओर से ही अरगोड़ा थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी थी। तब भी अपनी पार्टी की छवि बचाने के लिए कांग्रेस के नेताओं ने भाजपा पर आरोप लगाया था। इसके बाद बन्ना गुप्ता विवादों में आये। विवाद कोरोना काल में अपने खास लोगों को विभाग से पैसे दिलाने के कारण हुआ था। मामला थाने तक पहुंचा। अप्रैल 2023 में कांग्रेस कोटे के मंत्री बन्ना गुप्ता का एक वीडियो वायरल हुआ था। 21 सेकंड के इस वायरल वीडियो को लेकर राज्य में जहां राजनीतिक बयानबाजी का दौर चला, वहीं बन्ना गुप्ता ने इसे विरोधी दलों की साजिश बताते हुए वीडियो की वैधता पर सवाल खड़े किये। इस मामले में जमशेदपुर में प्राथमिकी भी दर्ज करायी गयी, जो अभी लंबित हैं। लेकिन इस घटना की वजह से भी राज्य में कांग्रेस की छवि को नुकसान पहुंचा। इसके अलावा हजारीबाग में खासमहाल की 50 डिसमिल जमीन पर अवैध तरीके से बाउंड्री करने के मामले में कांग्रेसी विधायक अंबा प्रसाद और उनके पिता पूर्व मंत्री योगेंद्र प्रसाद का नाम सुर्खियों में रहा। इस प्रकरण की वजह से भी झारखंड कांग्रेस अपने ही नेताओं की वजह से बैकफुट पर नजर आती दिखी। इसके बाद राज्य के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के यहां से 30 लाख की नकदी मिलने की खबर ने भी झारखंड कांग्रेस की न सिर्फ फजीहत करायी, बल्कि जनता में पार्टी को लेकर परसेप्शन खराब हुआ। शराब घोटाला मामले में इडी ने 30 जगहों पर छापामारी की थी, जिसमें सबसे ज्यादा सुर्खियां वित्त मंत्री के आवास से मिली रकम की खबर थी। पिछले साल दिसंबर में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के यहां से 350 करोड़ रुपये नगद और बड़ी मात्रा में सोना-चांदी बरामद की गयी थी। इस कारण भी पार्टी की खूब किरकिरी हुई थी। इनके अलावा जेवीएम से कांग्रेस में आये प्रदीप यादव, जो गोड्डा से कांग्रेस के प्रत्याशी हैं, वह भी विवादों में घिरे हैं।

### कांग्रेसियों की कारगुजारी से दुविधा में झामुमो

कांग्रेसियों की इन कारगुजारियों के कारण उसकी सहयोगी झामुमो भी दुविधा में है। सहयोगी दल होने के नाते झामुमो नेता यह तो कहते हैं कि भाजपा के इशारे पर कार्रवाई हो रही है, लेकिन साथ ही साथ यह भी बोलते हैं कि कांग्रेसी थोड़ी भी गलती करें, तो उसे भाजपा वाले बढ़ा-चढ़ा कर मुद्दा बना देते हैं। झामुमो के विधायकों और मंत्रियों का नाम ऐसे मामलों में नहीं आता, क्योंकि वे सभी अनुभवी होने के साथ-साथ धरातल पर राजनीति करते हैं।

### इंडी गठबंधन की संभावनाओं पर असर

इस घटनाक्रम का राजनीतिक असर राज्य में लोकसभा चुनाव में इंडी गठबंधन के नतीजों पर पड़ना तय है। राज्य की 14 लोकसभा सीटों में से सात पर कांग्रेस, पांच पर झामुमो और एक-एक सीट पर राजद और भाकपा-माले चुनाव लड़ रही है। इडी की कार्रवाई के बाद अब कहा जा रहा है कि गठबंधन के प्रत्याशी कहीं न कहीं असहज महसूस करने लगे हैं। उनके मनोबल पर असर पड़ा है।

भाजपा ने स्वाभाविक तौर पर इस घटनाक्रम पर कांग्रेस और झामुमो पर हमला बोल दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जहां ओड़िशा में अपनी सभा में इस पर टिप्पणी कर रहे हैं, वहीं प्रदेश में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, केंद्र में मंत्री और खूंटी से प्रत्याशी अर्जुन मुंडा, आजसू के सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी, दीपक प्रकाश समेत अगली कतार के नेता लगातार हमलावर हैं। मंगलवार में पार्टी के तमाम नेताओं ने अपनी सभाओं में जनता के समक्ष यह मुद्दा उठाया। अर्जुन मुंडा ने बुंडू और बारिहातू की सभा में लोगों से यह सवाल किया कि क्या इसीलिए राज्य की जनता ने कांग्रेस और झामुमो को झारखंड की कमान सौंपी थी कि वे जनता की गाढ़ी कमाई से अपनी तिजोरी भरें। भाजपा ने पहले से ही भ्रष्टाचार के मुद्दे पर गठबंधन की तगड़ी घेराबंदी कर रखी है। भ्रष्टाचार के आरोप में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल में हैं। ताजा प्रकरण के बाद भाजपा और अधिक हमलावर हो गयी है। भाजपा नेताओं ने कहा कि झारखंड सरकार के मंत्री के पीएस के घर से 25-30 करोड़ रुपया मिल रहा है, तो सोचा जा सकता है कि मंत्री के पास कितना धन होगा? क्या ऐसे लोग राष्ट्र निर्माण के बारे में सोच सकते हैं? ये जनता की गाढ़ी कमाई की लूट है।

---

## बाबूलाल मरांडी ने सीएम चंपाई सोरेन को पत्र लिख कहा

# इडी रेड में मुख्य सचिव का पत्र मिलना गंभीर

**पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी ने सीबीआइ जांच की मांग की**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन को पत्र लिखा है। पत्र में कहा है कि इडी रेड के दौरान इडी कार्यालय द्वारा मुख्य सचिव को लिखे गये पत्र की प्रति मिलना एक गंभीर मामला है। इस पर बिना देर किये प्राथमिकी दर्ज कराते हुए पूरे मामले की सीबीआइ से जांच कराने की अनुशंसा करें। अन्यथा यह माना जायेगा कि भ्रष्टाचार के इस गंभीर मामले में आप चुप रहे और यह सब कुकृत्य देखते रहे। झारखंड की जनता भी आपसे यह सवाल पूछेगी। अगर आप और मुख्य सचिव यह सब जानने और संज्ञान में आने के बाद भी उपरोक्त कार्रवाई के अनुरोध पर कार्रवाई नहीं करेंगे, तो देर-सबेर आप भी इस गंभीर मामले में आपराधिक षड्यंत्र का आरोपी बनने से बच नहीं पायेंगे।



**देशभर में हो रही है चर्चा :** मरांडी ने पत्र में लिखा है कि देशभर में नोट के बंडल के साथ मुख्य सचिव का पत्र मिलने की चर्चा हो रही है। झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में डूबी हुई है। मुझे विश्वास है कि आप भी यह देख कर आश्चर्य चकित होंगे। आगे लिखा है कि प्रवर्तन निदेशालय, रांची द्वारा दिनांक 8 मई 2023 को मुख्य सचिव, झारखंड को पत्र लिखा जाता है और दूसरे दिन 9 मई को मुख्य सचिव द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग के सचिव को कार्रवाई का आदेश दिया जाता है। आश्चर्य है कि सचिव ने इस संवेदनशील मामले में कार्रवाई करने में कोई रुचि नहीं दिखायी। गंभीर मामला यह भी है कि इडी द्वारा लिखा गया गोपनीय पत्र मंत्री के निजी सचिव के कर्मचारी जहांगीर आलम के घर से इडी की छापेमारी में नोटों के बंडल में मिलता है। जिस पत्र के आधार पर सचिव को भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई करनी थी, इसे ही दबा कर भ्रष्टाचार के जरिए अकूत संपत्ति अर्जित करने का धंधा चलता रहा। एक तो भ्रष्टाचार करना और दूसरी ओर गोपनीय पत्र नौकर के आवास में नोटों के बंडल में मिलना अति गंभीर मामला है।

**पत्र के जरिये ये उठाये सवाल**

**बाबूलाल मरांडी ने सवाल उठाते हुए सीएम से पूछा है कि आखिर यह गोपनीय पत्र मंत्री के निजी सचिव के आवास में कैसे पहुंचा। इसमें किस पदाधिकारी की भूमिका है। जांच कराना आवश्यक है। साथ ही इस पत्र के संज्ञान पर भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई होनी थी, उन्हें बचाया गया, इस षड्यंत्र में किसकी-किसकी भूमिका है? झारखंड की जनता को इसे जानने का अधिकार है। मुझे उम्मीद है कि आप इस मामले को गंभीरता से लेंगे।**

# निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लोबिन हेंब्रम ने किया नामांकन



आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम ने मंगलवार को अपना नामांकन किया।

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण में राजमहल लोकसभा सीट पर होनेवाले चुनाव के लिए अधिसूचना जारी होने के साथ ही साहिबगंज में उम्मीदवारों के नामांकन प्रक्रिया हो गयी है। नामांकन के पहले ही दिन मंगलवार को बोरियो से झामुमो के विधायक लोबिन हेंब्रम अपनी ही पार्टी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए झामुमो के विरोध में अपनी किस्मत आजमाने राजमहल लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन प्रपत्र दाखिल किया। जेएमएम ने पहले ही राजमहल लोकसभा सीट से प्रत्याशी के रूप में विजय कुमार हांसदा को चुना है। जेएमएम के खिलाफ लोबिन हेंब्रम इस चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने के लिए मैदान में उतरे हैं।

---

## नेता अमर कुमार बाउरी ने कांग्रेस और झामुमो पर जम कर हमला बोला

# कांग्रेस नेताओं के घर छापेमारी में जब रुपये के बंडल बरामद होते हैं, तो संविधान खतरे में आ जाता है : बाउरी

**जेल के अंदर से ही हेमंत सोरेन अपने कार्यकर्ताओं और अधिकारियों से फोन पर बात कर रहे हैं**

**भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद की जननी कांग्रेस पार्टी ही है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** ग्रामीण विकास मंत्री सह कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर आलम के घर से रुपये के बंडल बरामद होने पर भाजपा को गठबंधन सरकार को घेरने की संजीवनी मिल गयी है। भाजपा इस मुद्दे को लोकसभा चुनाव में भुनाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ना चाहती है। मंगलवार को प्रदेश भाजपा मीडिया सेंटर में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा विधायक दल के नेता अमर कुमार बाउरी ने कांग्रेस और झामुमो पर जम कर हमला बोला है।

उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक दल के नेता होने के नाते मैं कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम और राहुल गांधी से यह जानना चाहता हूं कि कांग्रेस विधायक दल के नेता आज उनकी सभा में क्यों नहीं दिखे? वह कहां छुपे हुए हैं? झारखंड और झारखंडियों के लुटे हुए पैसे का जो नंगा नाच इस महा गठबंधन की सरकार में किया जा रहा है, उससे पूरा झारखंड शर्मसार हो रहा है। उन्होंने कहा कि यदि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों से देश की बागडोर नहीं होती तो यह स्थिति और भी भयावह हो गयी होती। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री ने चुनाव को प्रभावित करने के लिए न सिर्फ ट्रांसफर-पोस्टिंग और टेंडर मैनेज के नाम पर पैसों की उगाही की, बल्कि अपनी पसंद के अधिकारियों को भी चुनाव प्रभावित करने के लिए काम में लगा दिया है।

नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि पलामू में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा और रांची में आयोजित रोड शो में जिस तरह से जिला प्रशासन द्वारा आमजनों को सभा में सम्मिलित होने से रोका गया है और मीडिया वालों के हाथों से माइक छीन ली गयी है, इससे साफ लगता है कि महागठबंधन की सरकार हर कीमत पर इस चुनाव को प्रभावित करने का मन बना चुकी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि जेल के अंदर से ही हेमंत सोरेन अपने कार्यकर्ताओं और अधिकारियों से फोन पर बात कर रहे हैं। इन सब पर अंकुश लगाना जरूरी है। नेता प्रतिपक्ष ने झारखंड में मिले पैसे के विषय में कहा कि राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि पैसे किसके हैं और जहांगीर आलम का आलमगीर आलम के साथ क्या संबंध है। वह यह भी बतायें कि और कितने कांग्रेसी नेताओं के पास पैसे रखे हुए हैं। क्या ये सारे पैसे चुनाव में दुरूपयोग के काम में आने वाले थे। क्या कारण है कि खेलगांव में एक हेलीकॉप्टर रखा हुआ है। क्या हेमंत सोरेन गांडेय उपचुनाव में जीत हासिल करवाने के लिए हवाई मार्ग से पैसे भेज रहे हैं। हेमंत सोरेन विक्टिम कार्ड खेल रहे हैं। अमर कुमार बाउरी ने कहा कि जब इनके नेताओं के घर से पैसे बरामद किये जाते हैं तो संविधान खतरे में आ जाता है, जबकि सच्चाई यह है कि संविधान पहले से ज्यादा सुरक्षित है और संविधान प्रदत्त हर व्यक्ति को उनका हक अधिकार दिया जा रहा है। प्रेसवार्ता में प्रदीप सिन्हा, शिवपूजन पाठक मौजूद थे।

# नैतिकता के आधार पर मंत्री आलमगीर को अपने पद से देना चाहिए इस्तीफा : जेडीयू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य में दो साल से चल रही इडी की कार्रवाई एक बार फिर सुर्खियों में है। जेडीयू के प्रदेश महामंत्री संतोष कुमार सोनी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि झारखंड में गरीब, आदिवासी, दलित का हक मारा जा रहा है। मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के नौकर के घर से इडी की छापेमारी में बरामद पैसा उसका उदाहरण है। राज्य में ऐसे कई लोग हैं, जिन्होंने कमजोर समाज के लोगों के हक-अधिकार को मार कर अकूत दौलत इकट्ठा की है। इतनी बड़ी मात्रा में मंत्री के पीएस के नौकर के घर से कैश मिलना कोई आम बात नहीं है। इस घटना की जितनी निंदा की जाये कम है, मंत्री आलमगीर आलम को अब लाभ के पद पर बने रहने का कोई अधिकार नहीं है। नैतिकता के आधार पर उन्हें मंत्री पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। साथ ही राज्यपाल से निवेदन है कि राज्य में बढ़ रहे भ्रष्टाचार और इडी कार्रवाई में भारी मात्रा में मिल रहे कैश को देखते हुए, तत्काल गठबंधन सरकार को बर्खास्त कर राष्ट्रपति शासन लगाने की अनुशंसा करें।

www.epaper.azadsipahi.in
08 मई, 2024
वैशाख, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00
कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही
रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 197




### चाइबासा और बसिया में भाजपा-मोदी पर इंडी गठबंधन ने साधा निशाना

## जल-जंगल-जमीन पर पहला हक आदिवासियों का : राहुल

- कहा, इंडी गठबंधन को वोट कर संविधान को बचाइये
- चंपाई सोरेन, कल्पना सोरेन, गुलाम अहमद मीर, राजेश ठाकुर समेत अन्य नेता हुए शामिल

**अभिजीत/आफताब अंजुम**



**गुमला/चाइबासा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी ने कहा कि यह पहला चुनाव है, जहां इंडी गठबंधन संविधान की रक्षा कर रहा है। संविधान की किताब की रक्षा कर रहा है। वहीं, भाजपा संविधान पर आक्रमण कर रही है। इस चुनाव में यही लड़ाई है। राहुल ने कहा कि चंपाई सोरेन, हेमंत सोरेन, मैं खुद और कांग्रेस पार्टी के सभी नेता संविधान, आरक्षण और पब्लिक सेक्टर की रक्षा कर रहे हैं। भाजपा के लोग संविधान पर हमला कर रहे हैं। राहुल गांधी इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में मंगलवार को गुमला के बसिया और चाइबासा में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, पूर्व मुख्यमंत्री की पत्नी कल्पना सोरेन, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर, मंत्री सत्यानंद भोक्ता समेत अन्य नेता मौजूद थे। इन नेताओं ने इंडी गठबंधन प्रत्याशी जोबा माझी और सुखदेव भगत के समर्थन में वोट करने की अपील की।

**भाजपा आदिवासी को बनवासी मानती है:** राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के लोग आदिवासियों को वनवासी कहते हैं। जंगल में रहनेवाले कहते हैं। हम आदिवासी का सम्मान करते हैं। हमारी नजर में आदिवासी वे लोग हैं, जो हिंदुस्तान और इस धरती के पहले मालिक थे। आदिवासियों की भागीदारी शिक्षा में, समाज में, सरकार चलाने में पहले होनी चाहिए। आदिवासियों को इंजीनियर, डॉक्टर बनाना चाहिए, व्यापार करना चाहिए। राहुल ने कहा कि भाजपा आदिवासियों के इतिहास को कुचलना चाहती है। हम इंडी गठबंधन के लोग उसकी रक्षा करना चाहते हैं। राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर का उद्घाटन किया। पार्लियामेंट बिल्डिंग का उद्घाटन किया। राष्ट्रपति आदिवासी हैं। आपने राष्ट्रपति को पार्लियामेंट में देखा? नहीं देखा। आपने राष्ट्रपति को राम मंदिर उद्घाटन में देखा? नहीं देखा। क्योंकि इनके दिलों में आदिवासियों के लिए कोई जगह नहीं है। ये सिर्फ इस्तेमाल करना चाहते हैं।

**भाजपा ने 22 लोगों के लिए काम किया:** कांग्रेस सांसद ने कहा कि हिंदुस्तान की बड़ी कंपनियों की लिस्ट निकाल लो। उसमें कोई आदिवासी नहीं है। पब्लिक सेक्टर में थे, उसको खत्म कर दिया। भाजपा ने सिर्फ 22 लोगों के लिए काम किया। 22 अरबपति बनाये। अब हमने निर्णय ले लिया है कि अगर ये 22 अरबपति बनायेंगे, हम करोड़ों लखपति बनाने जा रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि जैसे ही हमारी सरकार आयेगी, हम लोग करोड़ों लखपति बनायेंगे। हिंदुस्तान के गरीब परिवारों की लिस्ट बनेगी। करोड़ों लोगों को नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर गरीबी में गिरा दिया है। उनकी भी लिस्ट बनेगी। हर गरीब परिवार में से एक महिला का नाम चुना जायेगा। फिर करोड़ों महिलाओं के बैंक अकाउंट में साल का एक लाख रुपये हम डाल देंगे। किसी भी राजनीतिक पार्टी ने ऐसा काम नहीं किया। हम करने जा रहे हैं। ये जो हमारी बहनें आयी हैं, इनके खाते में महीने का 8500 रुपये जायेगा। यानी साल का एक लाख। उस दिन तक यह पैसा खातों में जायेगा, जब तक यह परिवार गरीबी रेखा से नीचे रहेगा। जिस दिन गरीबी रेखा से ऊपर आ गये, तब बैंक आकउंट में पैसा आना बंद होगा। उन्होंने रोजगार देने समेत अन्य बातों का जिक्र किया।

### राहुल ने मीडिया पर साधा निशाना

राहुल गांधी ने मीडिया पर भी जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि ये जो मीडिया के लोग खड़े हैं, ये कभी आदिवासियों की बात करते हैं? कभी नहीं करेंगे, ये आपके हैं ही नहीं। ये मीडिया के लोग अरबपतियों के हैं। ये उनका काम करते हैं, या फिर अंबानी के घरों की शादी दिखाते हैं 24 घंटा। मगर आदिवासी मर जाये, दब जाये, कुचल जाये, हाथ जोड़े कभी नहीं दिखेगा मीडिया में आपको। क्योंकि मीडिया में आपका कोई है ही नहीं। पत्रकारों में भी कोई एक नाम राष्ट्रीय स्तर पर हो तो बता दो। एक एंकर का भी नाम बता दो जो स्टूडियो में आपकी बात करता है। एक भी नहीं है। राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 22 लोगों का 16 लाख करोड़ कर्जा माफ किया है, मीडिया ने एक शब्द नहीं बोला। जैसे ही इंडी गठबंधन गरीबों को पैसा देगी मीडिया बोलेगी, देखो आदत बिगाड़ रहे हैं। मीडिया 24 घंटा मोदी की तस्वीर दिखायेगी आपको। मगर आदिवासी, दलितों, पिछड़ों और किसानों की कोई आवाज नहीं आठाता।

### राज्य के पिछड़ेपन की जिम्मेदार भाजपा: चंपाई

बसिया (आजाद सिपाही)। गुमला के बसिया में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि ये चुनाव देश के लिए निर्णायक है। हम सब आइएनडीआइए गठबंधन के हैं। देश में तानाशाही है। लोकतंत्र को बचाना है। संविधान को खतरा है। देश में भाजपा का शासन 2014 से है। तब से पूरे देश में झूठ की खेती हो रही है। जुमलेबाजी हो रही है। रोजगार महंगाई पर किसी पर नहीं कहती। झारखंड अलग है। यहां खनिज है। आज प्रदेश में 24 साल में उन लोगों लोग सबसे ज्यादा शासन किया, लेकिन झारखंड को अलग दिशा में ले गये। उन्होंने कहा कि झारखंड में पिछड़ेपन की जिम्मेदार भाजपा है। वह रोजगार और आदिवासी मूलवासी कल्याण की बात नहीं करते। 10 साल से केवल जुमलाबाजी हो रही है। चंपाई ने कहा कि पांच साल बाद मिला यह एक मौका नहीं गंवाना है। उनको वोट की चोट देनी है। उन्हें सत्ता से बेदखल करना है। वे झारखंड के किसानों का हित नहीं सोचते। मुट्ठी भर पूंजीपति के लिए केंद्र सरकार है। यहां केइतिहास और परंपरा से मतलब है। पीएम आये थे लेकिन कभी नहीं सोचा कि आदिवासी अस्मिता कैसे बचेगी। चंपाई ने कहा कि राज्य में गठबंधन की सरकार आयी। आदिवासी मूलवासी अस्तित्व बचाने के लिए सरना धर्म कोड बनाया, लेकिन भाजपा ने रोक दिया। ओबीसी के लिए 27 फीसदी आरक्षण की व्यवस्था की, लेकिन वह आगे नहीं बढ़ेगी। डबल इंजन की सरकार ने प्राइमरी स्कूल बंद किये। गांव के बच्चों की शिक्षा प्रभावित हुई। इनकी मंशा आदिवासी कल्याण की नहीं है। भाजपा यहां का इतिहास मिटाना चाहती है। जंगल के भीतर भी योजना पहुंची। सर्वजन पेंशन स्कीम हम लाये। देखें वह सभी तक पहुंच रही।

### जनता बदला वोट से ले: कल्पना सोरेन

बसिया (आजाद सिपाही)। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने भी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जेल का ताला टूटेगा, हेमंत सोरेन छूटेगा। उन्होंने केंद्र सरकार पर सरकारी संस्थाओं का गलत इस्तेमाल कर विपक्ष को परेशान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि लोग वोट की चोट से इसका जवाब दें। एक आदिवासी नेता को जेल में भेजने का बदला लेने का समय है। वोट के जरिये इसका बदला लोग ले सकते हैं।

### अहमदनगर में कांग्रेस पर गरजे प्रधानमंत्री

## कांग्रेस के नेता कसाब को निर्दोष बता रहे: नरेंद्र मोदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अहमदनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि महाराष्ट्र में कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की शिवसेना और शरद पवार की एनसीपी (एससीपी) का भानुमति का कुनबा 4 जून को रेत के टीले की तरह बिखरने वाला है। इंडी-अघाड़ी वालों का 4 जून के बाद झंडा उठाने वाला भी कोई नहीं मिलेगा। उन्होंने मंगलवार को तीसरे फेज की वोटिंग के दौरान महाराष्ट्र के अहमदनगर में रैली की और जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान मोदी इंडी गठबंधन, महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी, कांग्रेस के घोषणापत्र, तुष्टिकरण की राजनीति पर जम कर बरसे। उन्होंने महाराष्ट्र कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार के उस बयान पर भी पलटवार किया, जिसमें उन्होंने कहा था कि आतंकवादी अजमल कसाब ने पुलिस अधिकारी हेमंत करकरे की हत्या नहीं की थी, बल्कि आरएसएस से जुड़े एक पुलिसकर्मी ने उन्हें गोली मारी थी।

**ए टीम हार रही तो बी टीम एक्टिव हो गयी है:** प्रधानमंत्री ने कहा कि ये कांग्रेसी मिल कर अब आतंकी कसाब का पक्ष ले रहे हैं। मुंबई में 26/11 का आतंकी हमला पाकिस्तान ने करवाया था। यह बात दुनिया को पता है। अदालतें फैसला दे चुकी हैं, यहां तक कि पाकिस्तान भी स्वीकार कर चुका है, लेकिन कांग्रेस पार्टी आतंकियों के बेकसूर होने का सर्टिफिकेट जारी कर रही है। उन्होंने कहा कि इंडी-अघाड़ी का कोई हथकंडा जनता के सामने नहीं चल रहा है। ये हताशा सीमा पार भी दिखाई दे रही है। यहां वाली ए-टीम हार रही है, इसलिए कांग्रेस की सीमा पार वाली बी-टीम एक्टिव हो गयी है। सीमा पार से कांग्रेस का हौसला बढ़ाने के लिए ट्वीट किये जा रहे हैं। बदले में कांग्रेस, पाकिस्तान को आतंकी हमलों में क्लीनचिट दे रही है। ये मुंबई हमले में मारे गये सभी निर्दोष नागरिकों, सुरक्षा बलों और शहीद तुकाराम ओम्बले जैसे शहीदों का अपमान है।




## रांची में दूसरे दिन भी इडी की रेड, दो करोड़ बरामद

- बिल्डर्स और ठेकेदार के सात ठिकानों पर दबिश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** लोकसभा चुनाव के बीच झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की ताबड़तोड़ छापेमारी चल रही है। सोमवार को ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल, उसके सहायक जहांगीर और अन्य जगहों पर छापेमारी के बाद मंगलवार को सात नयी जगहों पर इडी ने दबिश दी। इडी ने रांची में सात बिल्डर और ठेकेदार के ठिकानों पर मंगलवार सुबह-सुबह छापेमारी की। सूत्रों के मुताबिक यह छापेमारी टेंडर मैनेज घोटाला के तहत किया गया है, जिसमें चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम की गिरफ्तारी हुई थी। वीरेंद्र राम को फरवरी 2023 में गिरफ्तार किया गया था। इडी कई बार उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। वीरेंद्र राम फिलहाल जेल में हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इडी की अलग-अलग टीमों ने रांची में सुबह लगभग पांच बजे सात जगहों पर छापेमारी शुरू की। इनमें सिंह मोड़ के पास रहने वाले एक बिल्डर के साथ-साथ रांची के रातू और आइटीआइ बस स्टैंड के पास रहने वाले दो बिल्डर शामिल हैं। इसके अलावा कुछ अन्य जगहों पर छापेमारी की गयी। डोरंडा इलाके में रहने वाले ठेकेदार राजीव कुमार सिंह के ठिकाने से 2 करोड़ रुपये बरामद हुए। बताया जा रहा है कि उसके जरिए 10 करोड़ से ज्यादा रकम की हेराफेरी हुई है।

### संजीव लाल और जहांगीर आलम की छह दिन की रिमांड मिली

रांची (आजाद सिपाही)। रांची में इडी की छापेमारी के दौरान बरामद 35.23 करोड़ रुपये मामले में मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके सहायक जहांगीर आलम की गिरफ्तारी के बाद मंगलवार को इडी कोर्ट में पेश किया गया। पूछताछ के लिए इडी ने 10 दिनों की रिमांड की मांग की। कोर्ट ने छह दिनों की रिमांड की अनुमति दी। अब इनकी पेशी 13 मई को होगी। मंगलवार को इन्हें जेल भेजा गया। इडी ने दोनों को बीती रात गिरफ्तार किया था।




सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,
## निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com

### आम सूचना

लोकसभा निर्वाचन -2024 के सफल संचालन हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के कार्यालय में राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। यही व्यवस्था सभी जिलों में भी की गयी है।

### राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष

TOLL FREE

Tel.: 0651-2440020/ 0651-2440022/ 0651-2440023/ 0651-2440024
Toll Free Number No.- 1800-331-1950, Voter Helpline Number- 1950

### जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष

| क्रम सं0 | जिला | | सम्पर्क दूरभाष |
|---|---|---|---|
| 1. | साहेबगंज | - | 06436-356485, 06436-222101 |
| 2. | पाकुड़ | - | 06435-222064, 9262216191 |
| 3. | दुमका | - | 06434-295042 |
| 4. | जामताड़ा | - | 06433-222004, 06433-222006, 06433-222007 |
| 5. | देवघर | - | 06432-275733, 1800-345-0733 |
| 6. | गोड्डा | - | 06422-222002 |
| 7. | कोडरमा | - | 06534-252219 |
| 8. | हजारीबाग | - | 06546-265233 |
| 9. | रामगढ़ | - | 06553-261417, 06553-261427 |
| 10. | चतरा | - | 06541-253219 |
| 11. | गिरिडीह | - | 06532-228829, 9693143157 |
| 12. | बोकारो | - | 06542-242402, 06542-221125 |
| 13. | धनबाद | - | 03262-222045 |
| 14. | पूर्वी सिंहभूम | - | 06572-440111, 0657-2221718, 06572-221717 |
| 15. | सरायकेला खरसावां | - | 1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483 |
| 16. | पश्चिमी सिंहभूम | - | 06582-296128 |
| 17. | रांची | - | 8987790664, 9798300836 |
| 18. | खूंटी | - | 06528-221755, 9262998530 |
| 19. | गुमला | - | 06524-223686 |
| 20. | सिमडेगा | - | 06525-299908 |
| 21. | लोहरदगा | - | 06526-224014 |
| 22. | लातेहार | - | 06565-247981 |
| 23. | पलामू | - | 06562-230003, 06562-222295, 06562-230002 |
| 24. | गढ़वा | - | 06201-261084 |

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदर्श आचार संहिता /निर्वाचन व्यय सम्बन्धी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपर्युक्त दूरभाष /टॉलफ्री नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।
# इस बार दिन भर मतदान

P.R. 324540 (Election) 24-25

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,300 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 85,000 रु./प्रति किलो |



# खूंटी फतह के लिए एक साथ कूदे सुदेश और अर्जुन

## इंडी गठबंधन ने डकैती डाली है : सुदेश महतो

- जनजातीय समाज का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में कभी रहा ही नहीं
- खूंटी लोकसभा में जीत सुनिश्चित करने को लेकर बनी रणनीति

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बुंडू।** जनजातीय समाज का विकास राज्य सरकार की प्राथमिकता में कभी रहा ही नहीं। इनका उद्देश्य सिर्फ तुष्टिकरण की राजनीति करना है। यह सरकार जनजाति वर्ग का इस्तेमाल अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने के लिए कर रही है लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। इस समाज के गौरवपूर्ण विरासत को सुरक्षित और अक्षुण्ण रखते हुए उनके विकास के लिए कार्य करना हमारा दायित्व है।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने बुंडू स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित एनडीए की बैठक में कहीं। मौके पर केंद्रीय मंत्री सह खूंटी लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी अर्जुन मुंडा मुख्य रूप से उपस्थित रहें। इस दौरान कई युवाओं ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन राज्य की अर्थव्यवस्था पर डकैती किया है राज्य को खोखला कर दिया है। राज्य का आलम जनता देख रही है। ये सरकार राज्य के बेरोजगार युवाओं की गुनहगार है। गुनाह की सजा लोकतंत्र की अदालत में मिलेगी। उन्होंने कहा कि साढ़े चार साल के कार्यकाल में सरकार ने भ्रष्टाचार का रिकॉर्ड बनाया है। जनता के विश्वास पर खरा उतरते हुए हम आपसी समन्वय और साझेदारी के साथ खूंटी समेत राज्य की सभी 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत सुनिश्चित करेंगे। पार्टी में शामिल हुए सभी लोगों का स्वागत करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि राज्य में आवश्यक राजनीतिक परिवर्तन में आप सभी का योगदान महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर आजसू के केंद्र प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, लोकसभा प्रभारी गंजल इकिर मुंडा, रमेश मुंडा, राम दुर्लभ सिंह मुंडा, जिप सदस्य विजय मानकी, केंद्रीय सचिव सुधा मुंडू, केंद्रीय सदस्य रमेश भगत, अड़की प्रमुख कृष्ण सिंह मुंडा, तमाड़ प्रखंड अध्यक्ष जगदीश गुप्ता, बुंडू प्रखंड अध्यक्ष हरिहर महतो, राधिका देवी, दुति कृष्ण मुंडा, उमेश नायक, हरदेव महतो, सुनिता देवी, प्रेम गुप्ता, कन्हाई सिंह, योगेश्वर, सुमित्रा देवी संतोष महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।



### इन्होंने ली सदस्यता

चरण उरांव, कारण उरांव, भकतु उरांव, अशोक दास, पुरनू मुंडा, जितेन उरांव, अजीत मुंडा, दिलीप यादव, मुकेश उरांव, शालित उरांव, समीर उरांव, विष्णु उरांव, मुकेश उरांव, लालू उरांव, मुनिश उरांव, लखिंद्र उरांव, अजीत उरांव, दीपक उरांव, पिंकी कुमारी, पूजा देवी सनोका देवी, पुष्पा देवी, सुपति देवी, कोकिला देवी, विशोला देवी (अड़की), विशोला देवी (बुंडू), कुसुम देवी बसंती कुमारी, सुनीता कुमारी, प्रदीप महतो समेत अन्य कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## राज्य सरकार में भ्रष्टाचार हावी : अर्जुन मुंडा

- विकसित भारत बनाने के लिए भाजपा को वोट करें
- इंडी गठबंधन के पास न कोई मिशन है न विजन
- रांची से टाटा तक रेलवे लाइन बने यह हमारा संकल्प

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बुंडू।** तमाड़ विधानसभा क्षेत्र के बुंडू में मंगलवार को केंद्रीय मंत्री और खूंटी लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा एनडीए के घटक दल आजसू के द्वारा आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने सभी से विकसित भारत, विकसित खूंटी बनाने के लिए 13 मई को मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हम सभी राष्ट्र निर्माण में लगे हैं और इसी संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। दूसरी तरफ ऐसे लोग चुनाव लड़ रहे हैं, जिनके पास न कोई मिशन है न कोई विजन। आज राज्य में खनन माफिया राज्य के बालू को बाहर भेज दे रहे हैं, लेकिन अगर कोई गरीब अपना घर बनाना चाह रहा है तो उसे बालू नसीब नहीं हो रहा है।

श्री मुंडा ने कहा कि राज्य सरकार में भ्रष्टाचार हावी है। जहां भी छापे पड़ रहे हैं, वहां से करोड़ों मिल रहे हैं। यह राज्य के लिए दुर्भाग्य है। झारखंड राज्य को बनाने के लिए कई लोगों ने आहुति दी है, कई गोलीकांड हुए हैं, जिसकी जिम्मेदार भी कांग्रेस ही है। इसी कांग्रेस के साथ मिल कर राज्य की सरकार जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने का काम कर रही है, जहां मंत्री के पीए के नौकर के घर करोड़ों रुपये मिल रहे हैं। कांग्रेस लंबे अरसे तक शासन में थी, लेकिन उसने अलग झारखंड की मांग को हमेशा लटकाने का काम किया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है। रांची से टाटा तक रेलवे लाइन बने यह हमारा संकल्प है। शिक्षा के क्षेत्र में हम आगे बढ़ें ये हमारा संकल्प है। कृषि क्षेत्र में हम बेहतर करें ये हमारा संकल्प है। श्री मुंडा ने कहा कि आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल संसद में पास करा कर हमारी सरकार ने महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है । 2029 में जब चुनाव होगा, संसद में 33 प्रतिशत महिलाएं चुन कर संसद में जायेंगी। इस ऐतिहासिक बिल को भी कांग्रेस ने वर्षों से लटका कर रखा था।

### विभिन्न गांवों का भी किया दौरा

श्री मुंडा ने मंगलवार को तमाड़ विधानसभा के विभिन्न गांवों में जाकर जनसंपर्क अभियान चलाया और सभी से 13 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने के लिए हम सभी को मतदान करना है।

# पीएम मोदी से प्रभावित होकर सौकड़ों अल्पसंख्यकों ने भाजपा का दामन थामा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** लोकसभा से ठीक पहले सौकड़ों अल्पसंख्यकों ने भाजपा का दामन थामा। मंगलवार को मोहम्मद अनवर अपने समर्थकों के साथ भाजपा में शामिल हुआ। मोहम्मद अनवर का स्वागत रांची के विधायक सिपी सिंह ने पट्टा पहना कर किया। अरगोड़ा स्थित संजय सेठ के कार्यालय में सौकड़ों मुस्लिम सहित अन्य समुदायों के लोगों ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रभावित हो कर भाजपा में शामिल हुआ। यह कार्यक्रम वरूण साहू के द्वारा करवाया गया। इस कार्यक्रम का संचालन जोनी वर्कर और मो. रब्बानी ने किया।

मोहम्मद अनवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश दिन-प्रतिदिन प्रगति के पथ पर है। देश में सभी समुदायों को एक समान देखते हैं, उनकी हर योजना सभी के लिए बराबर है उन्होंने कहा कि सिर्फ देश ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हमारे प्रधानमंत्री कुशल नेतृत्व का परचम लहरा रहे हैं। मो. रब्बानी, जोनी वर्कर राजा अंसारी, एस्टीया खान, रफीक अंसारी, अब्दुल खान, सेराज खान, समीम अंसारी, खलील खान, साकिब अंसारी, रुस्तम अंसारी,चेतन साहू,कुमार साहू, रविंद्र जायसवाल, पारस, नीमूल, कामाख्या, अजय, अविनाश, संजय संग कई लोगों ने भाजपा का दामन थामा।

# जयराम महतो को कोर्ट से मिली बड़ी राहत, पीड़क कार्रवाई पर रोक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** जेबीकेएसएस अध्यक्ष और गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार जयराम महतो की अग्रिम जमानत याचिका पर रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई है। कोर्ट से जयराम को बड़ी राहत मिली है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने उसके खिलाफ किसी भी पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। साथ ही कोर्ट ने इस केस के अनुसंधानकर्ता को कोर्ट के समक्ष डायरी प्रस्तुत करने को कहा है।

**नामाकंन के दिन गिरफ्तार करने पहुंची थी पुलिस :** जयराम महतो के खिलाफ रांची पुलिस ने रांची के नगड़ी थाना में वर्ष 2022 में दर्ज कांड संख्या 48 में वारंट लिया है। गौरतलब है कि जिस दिन जयराम महतो अपना नामांकन दाखिल करने गये थे उस दिन रांची पुलिस वारंट लेकर जयराम महतो को गिरफ्तार करने पहुंच गयी थी। हालांकि जयराम ने नामांकन के बाद जनसभा को संबोधित किया और फिर पुलिस को चकमा देकर वहां से निकल गये। इसके बाद वह सीधे कोर्ट की शरण में पहुंच गये। अब इस मामले में कोर्ट 21 मई को सुनवाई होगी।

# इडी को 35 करोड़ कैश मिलने के बाद निशिकांत ने प्रदीप यादव पर साधा निशाना

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** 6 मई को इडी की छापेमारी में ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजय लाल और उसके नौकर जहांगीर के घर आवास से 35 करोड़ कैश मिलने बाद गोड्डा सासंद निशिकांत दुबे ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। इस संबंध में उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट जारी किया है। जारी पोस्ट में उन्होंने गोड्डा से इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार प्रदीप यादव पर निशाना साधा है। बता दें कि सांसद निशिकांत भी गोड्डा से ही एनडीए के लोकसभा उम्मीदवार हैं। निशिकांत ने झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष और प्रदीप यादव पर केस दर्ज करने की मांग की है।

**क्या कहा है निशिकांत ने :** निशिकांत ने जारी पोस्ट में लिखा है, इडी की छापेमारी में 40 करोड़ रुपये बरामद हुए हैं। कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव जो गोड्डा लोकसभा के उम्मीदवार हैं, उनका पत्र मीडिया के अनुसार छापेमारी में बरामद हुआ है। इससे ये प्रतीत होता है कि पैसे लेकर ट्रांसफर-पोस्टिंग और गोड्डा लोकसभा में चुनाव को प्रभावित करने का खेल चल रहा है। सभी अधिकारियों को अविलंब चुनाव से हटाया जाये। निशिकांत ने कहा, झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष और प्रदीप यादव की चिट्ठी को संज्ञान में लेकर दोनों पर केस दर्ज किया जाये।

# चौथे चरण के लिए अधिसूचना जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** देश के सातवें और झारखंड के चौथे चरण के लिए नामांकन प्रक्रिया को लेकर अधिसूचना जारी कर दी गयी है। इसके साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गयी है। उम्मीदवार 7 मई से लेकर 14 मई तक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। अंतिम चरण के लिए 1 जून को मतदान होना है। बता दें कि झारखंड में अंतिम चरण में राजमहल, गोड्डा और दुमका में वोटिंग होगी। संताल की इन तीन सीटों में राजमहल और दुमका एसटी के लिए आरक्षित है, जबकि गोड्डा सामान्य सीट है। वहीं देश में कुल 57 सीटों पर वोटिंग होगी।

**15 मई को होगी स्क्रूटनी :** गौरतलब है कि 7 मई से 14 मई तक उम्मीदवार नामांकन दाखिल कर सकेंगे। नामांकन पत्रों की स्कूटी 15 मई को होगी जबकि नाम वापसी की तिथि 17 मई को है। 1 जून को मतदान संपन्न होने के बाद अगामी 4 जून को मतगणना होनी है। चौथे चरण में दुमका, राजमहल और गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में चुनाव संपन्न होना है। संताल परगना की तीनों लोकसभा सीटों पर जमकर वोट पड़ते हैं। वर्ष 2019 के चुनाव में ही तीनों सीटों पर राज्य औसत से अधिक वोट पड़े थे। तीनों सीटों पर लगभग 70 प्रतिशत या इससे अधिक मतदान हुआ था। पिछले चुनाव में तीनों सीटों पर पुरुषों से अधिक महिलाओं ने वोट दिया था।

**इनके बीच होगी कांटे की टक्कर :** बता दें कि लोकसभा चुनाव के इस अंतिम चरण में दुमका सबसे चर्चित सीट है, जहां दिशोम गुरु शिबू सोरेन की बहू सीता सोरेन भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। वहीं, उनके सामने लगातार सात बार विधानसभा चुनाव की जीत का रिकॉर्ड बना चुके झामुमो के नलिन सोरेन हैं। गोड्डा सीट भी जहां इस बार भाजपा के वर्तमान सांसद निशिकांत दूबे चौका लगाने के लिए पूरा प्रयास कर रहे हैं। उनका सामना इंडिया गठबंधन के प्रदीप यादव से है। राजमहल से विजय हांसदा और ताला मरांडी चुनावी मैदान में हैं।

### बच्चू यादव थाना में लगायेगा हाजिरी

# साहिबगंज के 10 कुख्यात पर सीसीए की कार्रवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप में जेल में बंद पंकज मिश्रा के खास सहयोगी बच्चू यादव समेत 10 अपराधियों पर सीसीए के तहत साहिबगंज पुलिस ने कार्रवाई की है। बच्चू यादव को सीसीए के तहत थाना में हाजरी लगानी होगी। आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर साहिबगंज जिला के विभिन्न कांडों में सक्रिय और कुख्यात 10 अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। इसके तहत 2 अपराधियों को जिला बदर, 1 अपराधी को जेल निरुद्ध एवं 7 अपराधी को प्रतिदिन थाना में हाजरी लगानी होगी। नगर थाना क्षेत्र के अजय प्रताप और मनीष पासवान के विरुद्ध जिला बदर, जेल में बंद कुख्यात अपराधी विक्की रविदास को सीसीए के तहत जेल में निरुद्ध किया गया है। वहीं चतुर चौधरी, बच्चू यादव, निर्मल साव, राजा ठाकुर, मिठुन मंडल, अर्जुन पासवान शरीफ अंसारी पर थाना हाजरी की कार्रवाई की गयी है। जेल में बंद कुख्यात अपराधी विक्की रविदास पर के विरुद्ध हत्या, आर्म्स एक्ट, जान मारने की नीयत से गोली फायर करने, लूट की योजना बनाने एवं डकैती जैसी गंभीर प्रकृति के कांड विभिन्न थानों में दर्ज हैं।

# आलम के पीएस की ठसक ऐसी कि अफसर भी होते थे नतमस्तक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल की ठसक ऐसी थी कि आइएएस तक नतमस्तक होते थे। इसकी बड़ी वजह यह थी कि संजीव लाल एक ऐसे अधिकारी हैं, जो भाजपा की सरकार में भी और झामुमो-कांग्रेस की सरकार में भी मंत्री के पीएस रहे। भाजपा सरकार में नीलकंठ सिंह मुंडा व सीपी सिंह के पीएस रह चुके हैं। आज की तारीख में संजीव लाल की सरकार के तीन विभागों ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग और पंचायती राज्य विभाग में तूती बोलती थी। विभागों में संजीव लाल की ठसक की बात करें, तो आचार संहिता के लागू होने से चंद दिन पहले ग्रामीण कार्य विभाग में 60-60 करोड़ के चार से पांच टेंडर निकालवा दिया। संजीव लाल ने विभाग के अभियंता प्रमुख जेपी सिंह, मुख्य अभियंता प्रमोद सिंह, विकास कुमार जैसे कई लोगों का कुनबा बना रखा था।संजीव लाल की कार्यशैली को लेकर एक आइएएस अफसर ने भी सवाल उठाया था। लेकिन संजीव लाल की ठसक ऐसी थी कि सवाल उठाने वाले आइएएस अधिकारी को ही चलता कर दिया गया।

### टेंडर मैनेज करने में माहिर है संजीव लाल

संजीव लाल को टेंडर मैनेज करने में भी माहिर माना जाता है। विभाग के लोग बताते हैं कि ग्रामीण विकास, आरइओ, स्पेशल डिविजन के टेंडर को मैनेज करने का काम बखूबी करता था। मामला सिर्फ संजीव लाल तक ही नहीं था। वह सरकार के एक बड़े राजनेता के यहां ये पैसे पहुंचाने का काम भी करते रहे। आरइओ के विभिन्न पैकेज के सभी टेंडर में ठेकेदारों को मैनेज कर, उसका पर्सेंटेज तय करना इनका काम था। विभाग में यह चर्चा आम है कि ट्रांसफर पोस्टिंग से भी बड़े पैमाने पर राशि एकत्र किये जाते थे। राज्य में 263 प्रखंड है इन सभी प्रखंडों में एक से अधिक बार प्रखंड विकास अधिकारियों का ट्रांसफर हुआ है। लोगों को मनचाही पोस्टिंग दिलाने में संजीव लाल की भूमिका अहम होती थी।

### रांची में ड्रग्स की बिक्री नहीं रुकने पर हाइकोर्ट नाराज, कहा-

# ड्रग्स बिक्री के मुख्य सूत्रधार पर एक्शन लें

- डीजी सीआइडी से मांगी एक्शन टेकन रिपोर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** रांची शहर में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को लेकर झारखंड हाइकोर्ट ने मौखिक नाराजगी जताते हुए कहा कि राजधानी रांची में ड्रग्स का कारोबार रुक नहीं रहा है। रांची एसएसपी सहित पुलिस के आला अधिकारी राजधानी में ड्रग्स खरीद बिक्री पर रोक नहीं लग पा रहे हैं। ड्रग्स बिक्री के मुख्य सूत्रधार पर पुलिस को एक्शन लेना चाहिए, ड्रग्स खरीदी बिक्री की जड़ तक पुलिस को पहुंचना होगा। पुलिस केवल छोटे-छोटे ड्रग्स विक्रेताओं को ही पकड़ रही है। ड्रग्स खरीद बिक्री के मुख्य सूत्रधार अभी भी खुले घूम रहे हैं जिस कारण ड्रग्स के कारोबार पर रोक नहीं लग पा रही है। कोर्ट ने मामले में डीजी सीआइडी को ड्रग्स की खरीद बिक्री पर रोकथाम पर एक्शन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। साथ ही मामले में झारखंड लीगल सर्विस अथॉरिटी (झालसा) के मेंबर सेक्रेट्री को प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा है कि रांची में जिन थाना क्षेत्र में ड्रग्स की खरीद बिक्री अभी भी चल रही है वहां के थाना इंचार्ज ने क्या कार्रवाई की है। इसके अलावे जो पुलिस अधिकारी ड्रग्स की खरीद बिक्री पर रोक लगाने में असफल रहे उनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी। कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई 14 मई निर्धारित की है। कोर्ट ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को भी ड्रग्स की रोकथाम पर राज्य की पुलिस एजेंसी के साथ मिलकर कार्रवाई करने को कहा है।

# मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। मनोज कुमार वर्तमान में पर्यटन सचिव के पद पर कार्यरत हैं। बता दें उमाशंकर सिंह ओड़िशा में चुनाव प्रेक्षक के रूप में 5 मई को ही चले गये हैं। ऐसे में उनके स्थान पर मनोज कुमार को शिक्षा सचिव का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

# इडी की रेड के बाद छोटू उर्फ गजनफर इमाम के नाम की चर्चा तेज

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** झारखंड सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के करोड़पति सरकारी सचिव संजीव लाल और उसके सहयोगी जहांगीर की गिरफ्तारी के बाद एक नया नाम काफी चर्चा में है। यह नाम है छोटू उर्फ गजनफर का। इस नाम की चर्चा इसलिए हो रही है क्योंकि आलमगीर के यहां सहायक के पद पर कार्यरत छोटू की मर्जी के बिना कोई मंत्री जी से मिल भी नहीं सकता था। करीब एक दशक से छोटू मंत्री के साथ साये की तरह है। छोटू तब भी आलमगीर आलम के साथ था, जब वह पावर में नहीं थे। छोटू का घर वैसे तो रांची में ही है। लेकिन पाकुड़ में भी उसने अच्छी पैठ बना ली है। मंत्री से मिलना हो, उनसे कोई काम हो तो इसका पूरा ब्यौरा आपको सबसे पहले छोटू को देना होगा। छोटू चाहेगा तभी आपका काम होगा। लोग बताते हैं कि मंत्री भी छोटू पर आंख मूंद कर भरोसा करते हैं। किसी भी पैरवी के लिए अधिकारियों को छोटू का ही फोन जाता है। इससे पहले छोटू पूर्व मंत्री बंधू तिर्की का भी सहयोगी रह चुका है। पार्टी के सेकेंड लाइन के नेता और कार्यकर्ता छोटू के आगे नतमस्तक रहते हैं। छोटू भी इडी की रडार पर है।

# डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किये गये साईं नाथ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ एसपी अग्रवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची में कुलपति के पद पर पदस्थापित प्रो. डॉ एसपी अग्रवाल को नयी दिल्ली में हुए एक कार्यक्रम में वर्ल्ड पीस ऑफ युनाईटेड नेशंस यूनिवर्सिटी, अमेरिका द्वारा कला, संगीत, साहित्य, शिक्षा एवं समाज-सेवा के क्षेत्र में सराहनीय योगदान के लिए साईं नाथ विश्वविद्यालय, रांची के कुलपति- प्रो. डॉ एसपी अग्रवाल को डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गयी।

डॉ अग्रवाल को यह उपाधि और सम्मान प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेत्री, फिल्म निर्माता और पूर्व मिस एशिया पैसिफिक एवं वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया की ब्रांड एंबेसडर-दीया मिर्जा, परमवीर चक्र कैप्टन- योगेंद्र सिंह यादव, आर्मी ऑफिसर, बांग्लादेश हाई कमीशन- शबनम महमूद एवं इंडियन रेसलर (अर्जुन अवार्डी)- नरसिंह यादव के हाथों दिया गया।




लगातार 20 वर्षों से कला, संगीत, साहित्य, शिक्षा एवं समाज-सेवा के क्षेत्र में अपने जुनून और परोपकारी स्वभाव के चलते उन्होंने समाजसेवा के क्षेत्र में विशेष ख्याति प्राप्त कर ली है। प्रो डॉ एसपी अग्रवाल ने जिन विद्यार्थियों के माता-पिता का कोरोना महामारी की चपेट में आने से निधन हो गया उन विद्यार्थियों को निःशुल्क शिक्षा प्रदान करने का बीड़ा उठाया है। झारखंड के गौरव कहे जाने वाले विश्वविद्यालय के कुलपति- प्रो डॉ एसपी अग्रवाल भारत के शिक्षाविदों में उल्लेखनीय नाम है। शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने के कारण डॉ अग्रवाल का अपना एक महत्वपूर्ण स्थान है। जिन्होंने आधुनिक शिक्षा व्यवस्था एवं कार्य प्रणालियों की विशिष्टताओं को झारखंड में लागू किया है।

डॉ अग्रवाल सिविल इंजीनियरिंग में डॉक्टरेट, एमटेक, स्वर्ण पदक विजेता (कंस्ट्रक्शन टेक्नोलॉजी एवं मैनेजमेंट) के साथ यूएसए की कई यूनिवर्सिटी का भ्रमण कर चुके हैं जिसमें प्रतिष्ठित हार्वर्ड बिजनेस स्कूल भी शामिल है।

डॉ अग्रवाल ने अपनी डायरेक्टरशिप में छात्रों की एक टीम को यूएसए के नासा लैब भेजने का गौरव प्राप्त है। जहां छात्रों ने पिटक्रू अवार्ड जीता है। यह अवार्ड नासा लैब के उपकरणों को सबसे बेहतर ढंग से प्रयोग के लिए दिया जाता है।

प्रो डॉ एसपी अग्रवाल की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेको जर्नल तथा किताबें प्रकाशित हो चुकी हैं। पर्यावरण, क्वालिटी एजुकेशन, निर्माण तकनीक, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट, इंजीनियरिंग मैकानिक्स एवं इंजीनियरिंग ड्राइंग में इनकी विशेष रूचि और स्पेशलाइजेशन है। डॉ अग्रवाल आगरा यूनिवर्सिटी के 72 साल के इतिहास में सबसे युवा डाइरेक्ट Institute of Engineering & Technology में नियुक्त हुए साथ ही वर्ष 2022 में राज्यपाल (झारखंड) रमेश बैस के हाथों आइकॉन ऑफ झारखंड अवार्ड से सम्मानित किये गये हैं। डॉ अग्रवाल वर्तमान में वर्ष 2016 से साईं नाथ विश्वविद्यालय में कुलपति के पद पर अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** आमदनी के नये स्रोत बनेंगे, मान-सम्मान, पद-प्रतिष्ठा, धन-ऐश्वर्य की वृद्धि।

**वृष** समसामयिक प्रयास सफल, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा, महत्वपूर्ण कार्य पूरे होंगे।

**मिथुन** आत्मविश्वास की वृद्धि, नये कार्ययोजनाओं के प्रति रूचि बढ़ेगी।

**कर्क** काम की गति बढ़ेगी, सुख-संसाधनों की वृद्धि, व्यापारिक विस्तार की योजना।

**सिंह** कामकाज का विस्तार, आप उन्नति के मार्ग की ओर प्रशस्त होंगे, संकल्पित कार्य पूरा होगा।

**कन्या** बहुत दिनों से चली आ रही इच्छाओं की पूर्ति होगी, व्यवसाय में सफलता।

**तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।

**वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।

**धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।

**मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।

**कुंभ** रुके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।

**मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

# झामुमो ने चमरा लिंडा को पार्टी से निलंबित किया



लोहरदगा से बागी विधायक निर्दलीय लड़ रहे चुनाव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के बागी विधायक चमरा लिंडा को पार्टी से निलंबित कर दिया गया है। साथ ही उन्हें पार्टी के सभी पदों से भी मुक्त कर दिया गया। इससे संबंधित पत्र पार्टी के महासचिव विनोद पांडेय ने जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव में आपने (चमरा लिंडा) महागठबंधन के खिलाफ जाकर लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन किया है। ऐसे में केंद्रीय समिति के अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर आपको पार्टी के सभी पदों से हटाया जाता है। साथ ही पार्टी की सदयस्ता से भी निलंबित किया जाता है।

मालूम हो कि चमरा लिंडा ने लोहरदगा संसदीय सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि पार्टी ने उन्हें नाम वापसी की तिथि तक अंतिम मौका दिया था। लेकिन उन्होंने नाम वापस नहीं लिया। जिसके बाद पार्टी ने चमरा लिंडा पर कार्रवाई करते हुए सभी पदों से हटा दिया और पार्टी की सदयस्ता से भी निलंबित कर दिया।

## लतरातू डैम से रांची को जोड़ना होगा, तभी पानी की समस्या का समाधान : धर्मेंद्र तिवारी

**रांची (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष और रांची लोकसभा सीट के उम्मीदवार धर्मेंद्र तिवारी ने कहा है कि खूंटी में स्थित लतरातु डैम से रांची को जोड़ कर पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना उनका बड़ा मकसद है। इसके पूर्व श्री तिवारी ने मोराबादी मैदान, कांटाटोली, चुटिया आदि स्थानों में जनसंपर्क कर अपने लिए समर्थन मांगा। साथ ही चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष नवल किशोर सिंह एवं उनके सहयोगियों के साथ बैठक की।

# चंदौरी बाजार में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**तिसरी।** तिसरी प्रखंड अंतर्गत चंदौरी में वरिष्ठ भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने चंदौरी बाजार में कोडरमा लोक सभा भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर श्री सिंह ने कहा पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुए विकास से जनता खुश है। घरेलू माताओं को धुआं से बचाने हेतु उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया। गरीबों को राशन, विधवा और वृद्ध को पेंशन दी। बेघर को पीएम आवास योजना के तहत घर दिया। आगामी 20 मई को कमल फूल पर वोट कर जनता कोडरमा लोकसभा भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी को विजयी बनायेगी। इस मौके पर चंदौरी मंडल अध्यक्ष रविंद्र पंडित, तिसरी प्रमुख राजकुमार यादव, थाना सांसद प्रतिनिधि सुनील साव, उत्तरी भाग जिला परिषद सुनील यादव, संजीत राम, बालमुकुंद राम, गोपी रविदास, सिकंदर यादव, कर्मवीर राम, कारू बरनवाल, अनसियास हेंब्रम, लखीराम आदि शामिल थे।

# सरला बिरला पब्लिक स्कूल में अवेकेंड सिटिजन कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीबीएससी ने रामकृष्ण मिशन, गुड़गांव के सहयोग से 6 मई 2024 को सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के परिसर में अवेकेंड सिटिजन कार्यक्रम (प्रिंसिपल्स ऑरिएंटेशन ऑन वेल्यु एजुकेशन) का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन समरजीत जाना, डिस्ट्रिक्ट ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर, प्राचार्य, जवाहर विद्या मंदिर, रांची और परमजीत कौर, डेप्युटी सिटी कोऑर्डिनेटर और प्राचार्या, सरला बिरला पब्लिक स्कूल रांची की उपस्थिति में किया गया। सत्र के मुख्य वक्ता स्वामी शंतात्मानंद थे। सत्र के अन्य वक्ता डॉ. नंदिनी शेषाद्रि और डॉ. उर्मिला सिंह थीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमद्भगवद गीता के श्लोकों से किया गया। सत्र की शुरूआत इस चर्चा से हुई कि नैतिक मूल्य हमारे जीवन में क्यों महत्वपूर्ण हैं तथा छात्रों को इन मूल्यों को प्रदान करना किसकी जिम्मेदारी है? अनुभवात्मक शिक्षा, कार्यप्रणाली और जीवन जीने के मॉडल और आंतरिक मूल्यों को विकसित करने पर भी चर्चा की गयी। सत्र में झारखंड के विभिन्न स्कूलों के 60 से अधिक प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया। प्रचार्या परमजीत कौर ने स्कूलों में ऐसे जागरूकता बढ़ाने वाले सत्र आयोजित करने पर बल दिया, जो एनइपी 2020 के अनुरूप है और हमें अपने समाज में मूल्यों को आत्मसात करने के सार का एहसास कराता है और भविष्य के नागरिकों को हमारे मूल्यों के प्रति समर्पित होने में मदद करता है।

# 17 मई को मां जानकी जन्मोत्सव का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय में मंगलवार को लेखानंद झा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि 17 मई को समिति के कार्यालय में मां जानकी जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में माता जानकी की विधिवत पूजा अर्चना की जायेगी। पंडित निर्भयकांत झा शास्त्री और यजमान संजीव ठाकुर के द्वारा मां जानकी की विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात प्रसाद का वितरण किया जायेगा। समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा ने कहा कि विद्यापति स्मारक समिति प्रतिवर्ष मां जानकी जन्म महोत्सव का भव्य आयोजन करती है। इस वर्ष देश में चल रहे लोकसभा चुनाव के कारण लगी हुई आचार संहिता में समिति जानकी जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन नहीं करेगी। समिति के द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि आनेवाले समय में इस सांस्कृतिक कार्यक्रम की तिथि पर निर्णय लिया जायेगा। समिति के अध्यक्ष ने यह भी बताया कि वैशाख मास के शुक्ल पक्ष नवमी तिथि को मां जानकी प्रकट हुई थीं। इसलिए इस तिथि को मां जानकी जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। वाल्मीकि रामायण के अनुसार एक बार मिथिला में बड़े भयंकर सूखे से राजा जनक बेहद परेशान हो गये थे। तब इस समस्या से छुटकारा पाने के लिए उन्हें एक ऋषि ने यज्ञ करने और खेत में हल चलाने का सुझाव दिया था। उन ऋषि-मुनियों के सुझाव पर राजा जनक ने एक यज्ञ कर खेत में हल चलाने का फैसला किया और उन्हें हल चलाते समय एक सोने की घड़ा खेत में टकराया। उससे एक सुंदर दिव्य कन्या मिली। उस कन्या का नाम मां सीता/जानकी नाम दिया गया। इसे राजा जनक ने अपने पुत्री के रूप में अपनाया। आगे चलकर मां जानकी का विवाह भगवान विष्णु के रामावतार रूप में पुरुषोत्तम श्रीराम से हुआ। इस बैठक में लेखानंद झा, उदित नारायण ठाकुर, श्रेष्ठ नारायण झा, बीके झा, डॉ बच्चा राम झा, श्रीराम मिश्र, दिलीप झा, रंजीत लाल दास, संजीव ठाकुर, रविकांत झा, कृतेष झा सहित अन्य मौजूद थे।

# कुख्यात माओ नेता सामाया माडकाम का कंधमाल पुलिस के सामने आत्मसमर्पण

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** कुख्यात माओवादी और केकेबीएन संगठन के डिविजनल कमेटी सदस्य सामाया माडकाम ने मंगलवार को पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। स्थानीय जिला पुलिस मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में आइजी दक्षिणांचल जय नारायण पंकज ने बताया कि वह इस डिवीजन की 8वीं कंपनी की पहली प्लाटून में कमांडर के पद पर कार्यरत थे।

आइजी के मुताबिक सामाया का घर छत्तीसगढ़ राज्य के सुकमा जिले के किस्ताराम थाने के मंगलगुड़ा गांव में है। वह 2005 में 10 साल की उम्र में माओ संगठन में शामिल हुए थे। छत्तीसगढ़ में विभिन्न संगठनों में काम करने के बाद वह दो साल से भी कम समय के बाद केकेबीएन संगठन में शामिल होने के लिए ओड़िशा आ गये, जबकि वह विभिन्न हिंसात्मक गतिविधियों में शामिल था। आइजी ने बताया कि कंधमाल, बौध और नुआपड़ा जिलों में उसके नाम पर 17 से अधिक मामले हैं। सामाया ने कहा है कि उन्होंने राज्य सरकार की पुनर्वास योजना और माओ संगठन की जनविरोधी गतिविधियों के कारण आत्मसमर्पण किया है। बौध और कंधमाल जिले में माओ विरोधी अभियान तेज होने के साथ नियमित गोलीबारी से माओवादी संगठन को काफी नुकसान हुआ है। आइजी जय नारायण पंकज ने कहा कि संगठन कमजोर हुआ है और माओ नेता आत्मसमर्पण करने को मजबूर हैं। आइजी और कंधमाल एसपी शुभेंदु कुमार ने सरेंडर करने वाले माओ नेता का स्वागत किया। सामाया ने कहा कि वह हिंसा छोड़ कर समाज की मुख्यधारा में शामिल होने से बहुत खुश हैं। कंधमाल एसपी श्री पात्र ने कहा कि उन्हें राज्य सरकार की योजना के अनुसार सभी सुविधाएं प्रदान की जायेंगी।

# बाबूलाल मरांडी आज खूंटी में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को करेंगे संबोधित

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी बुधवार को खूंटी लोकसभा क्षेत्र में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेंगे। कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन सिमडेगा के ठेठईटांगर प्रखंड के टुकुपानी बगीचा में दोपहर 12 बजे से किया गया है। सम्मेलन में लोकसभा क्षेत्र प्रभारी डॉ रविंद्र कुमार राय, खूंटी से एनडीए प्रत्याशी एवं केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाइक, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी (सिमडेगा) शैलेंद्र सिंह, विधानसभा क्षेत्र प्रभारी (कोलेबिरा) श्यामलाल शर्मा सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## जदयू के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक चौधरी निष्कासित

**रांची।** जदयू के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सह संथाल परगना प्रमंडल प्रभारी अशोक चौधरी को छह वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया गया। चौधरी पर जदयू पार्टी के विरोध में बैठक बुलाने, प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ बयान देने, पार्टी के अनुशासन को भंग करने और दल विरोधी गतिविधि में शामिल होने का आरोप है। इस संबंध में मंगलवार को जदयू के महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी भगवान सिंह ने उनके निष्कासन से संबंधित पत्र जारी किया।

## संतोष जयसवाल ने नामांकन दाखिल किया



**रांची (आजाद सिपाही)।** अखिल भारत हिंदू महासभा के द्वारा रांची लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार संतोष जयसवाल रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के हर समस्या के समाधान को प्राथमिकता रखते हुए हिंदू महासभा के कार्यालय में बाबा विद्यापति की पूजा करने के बाद अपने साथ सैकड़ों कार्यकर्ता एवं हिंदू महासभा के का. अध्यक्ष जयंत झा, मिलकर उपायुक्त कार्यालय, रांची जाकर अपना नामांकन दाखिल किया। इधर, अध्यक्ष जयंत झा ने कहा कि हमारी रणनीति यह है कि पूरे ताकत से हिंदू महासभा के प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए हर संभव प्रयास रहेगा।

# नीट परीक्षा में पकड़े गये नकली अभ्यर्थी

## भद्रक ग्रामीण पुलिस ने 3 आरोपियों को किया गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** भद्रक ग्रामीण पुलिस ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में नकल करने के आरोप में 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि तीन और आरोप आव फरार है। नीट परीक्षा भद्रक शहर के एक निजी विद्यालय में आयोजित की गयी थी। इस बीच पुलिस ने फर्जी परीक्षार्थी को गिरफ्तार कर लिया है। 5 मई को जब परीक्षा चल रही थी तो अधिकारियों को एक परीक्षार्थी पर शक हुआ। केंद्र की ओर से प्रशासनिक अधिकारी को सूचना दी गयी। हालांकि, एडमिट कार्ड में फर्जी परीक्षार्थी की फोटो थी, लेकिन आधार कार्ड वेरिफिकेशन के दौरान फिंगरप्रिंट मैच नहीं हुआ। फिंगर प्रिंट की जांच के बाद पता चला कि यह फर्जी परीक्षार्थी है। बाद में पुलिस जांच में पता चला कि असली परीक्षार्थी मयूरभंज का शास्वत त्रिपाठी है। कोलकाता के मेडिकल छात्र अंकित राज उसके लिए परीक्षा में लिख रहे थे। इसके लिए 10 लाख रुपये में सौदा हुआ था। इन दोनों लोगों के बीच आदित्य कुमार और राजेश कुमार ने संपर्क किया था। पूरी घटना में छह लोग शामिल हैं। 3 लोगों को पकड़ा गया है। 3 अन्य फरार हैं।

गिरफ्त आरोपियों में बिहार के नावादा जिले के साहेब चौंक का अंकित राज, बिहार के लखीसराय जिले के पिपरिया गांव का राजेश मधुकर और झारखंड राज्य के पूर्व सिंहभूम जिले के नबरंग बाजार इलाके का प्रेमशंकर पांडे शामिल हैं। घटना में पुलिस ने परीक्षा संबधित दस्तावेज, एडमिट कार्ड, 3 मोबाइल फोन और एक नीली कार जब्त की है। इस घटना से पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। यह जानकारी भद्रक एसडीपीओ सौरभ ओता ने दी।

# अच्छी लेखन शैली को आत्मसात करें : डॉ तपन कुमार शांडिल्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची में मंगलवार को डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर के द्वारा, हाउ टू स्टडी लैंग्वेज विषय पर न्यू एकेडमिक बिल्डिंग के सेमिनार हॉल में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान सह कार्यशाला के रिसोर्स पर्सन के तौर पर डोरंडा महाविद्यालय, रांची के प्राचार्य डॉ राजकुमार शर्मा आमंत्रित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि आज भाषा और साहित्य के विद्यार्थियों के साथ सबसे बड़ी समस्या पुस्तकों का न्यूनतम अध्ययन और अच्छी लेखन शैली का अभाव है। उन्होंने कहा कि हमें रोजाना समाचार पत्रों को पढ़ने के साथ शुद्ध लिखने की कला को आत्मसात करना चाहिए।

नियमित रूप से अच्छी पुस्तकों के अध्ययन से शब्दकोश का संग्रह होता है। उन्होंने कहा कि शुरूआत में छोटे वाक्यों से लेखन की शुरूआत करते हुए एक सटीक लिखने की कला विकसित की जा सकती है। हमारे बोलने और लिखने में व्याकरण का सही बोध दिखना चाहिए, तब वह सही अर्थों में प्रभावशाली भाषा दृष्टिगत होती है।

उन्होंने विद्यार्थियों को एक अच्छे श्रोता बनने की सलाह दी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि हमें किसी भी विषय विशेषज्ञ की बातों को सुनने के उपरांत संबंधित विषय पर संवाद करने की क्षमता होनी चाहिए। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ राजकुमार शर्मा ने कहा कि

मनुष्य जन्म लेते ही भाषा का प्रयोग शुरू कर देता है। उन्होंने रेने डेसकार्टेस को उद्धत करते हुए कहा, "मैं सोचता हूं, इसलिए मैं हूं" यह दो प्रकार का है- इंटीग्रेटिव और इंस्ट्रुमेंटल। एकात्म 'जीवन किसी के अस्तित्व का माप है'। अंग्रेजी भाषा विश्व की एक सामान्य भाषा है और यह एक संपर्क भाषा के तौर पर काम करती है। उन्होंने किसी के भी व्यक्ति विशेष के आत्मविश्वास और क्षमता के बीच को एक बड़ा अंतर बताया। उन्होंने कहा कि सामान्यतः ऐसा देखा जाता है कि उत्तर भारत के लोगों में अंग्रेजी भाषा बोलने में आत्मविश्वास की कमी होती है जबकि यह स्पष्ट है कि उनमें योग्यता की कोई कमी नहीं है।

उन्होंने विद्यार्थियों को शब्दकोश के प्रयोग के महत्व पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। इस संदर्भ में उन्होंने शब्दकोश के कुछ घटकों का भी उल्लेख किया। इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए डिपार्टमेंट ऑफ इंग्लिश लैंग्वेज एंड लिटरेचर की समन्वयक डॉ पीयूषबाला ने स्वागत भाषण के साथ विषय प्रवेश कराया। उन्होंने इस कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में डॉ रजनी, प्रो राजेश कुमार सिंह, डॉ शुचि संतोष बरवार के साथ इएलएल विभाग के शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

# माफियाओं और गैंगस्टरों की हिंसा

आज देश में विभिन्न माफियाओं तथा गैंगस्टरों द्वारा देश में हिंसा तथा रक्तपात लगातार जारी है। इनके हौसले इतने बढ़ चुके हैं कि वे अपने मार्ग में बाधा बनने वाले किसी भी व्यक्ति की हत्या करने या उसे क्षति पहुंचाने से जरा भी संकोच नहीं करते। माफियाओं तथा गैंगस्टरों द्वारा मचाये उत्पात के चंद उदाहरण दर्ज हैं : 31 जनवरी, 2024 को भिंड के हिलगवां घाट पर रेत का अवैध खनन रोकने गए पुलिस अधिकारियों की गाड़ी को घेर कर रेत माफिया ने उन पर हमला कर दिया तथा लाठी मार कर एक पुलिस कर्मचारी का सिर फोड़ दिया। 23 मार्च, 2024 को ओड़िशा में कटक जिले के दलुआ गांव में अवैध शराब और कच्चा माल रखने के आरोपी रवींद्र स्वैन के घर पर छापा मारने गयी एक्साइज विभाग की टीम पर रवींद्र स्वैन और उसके घर वालों ने हमला करके न सिर्फ उनकी गाड़ी को तोड़ डाला, बल्कि उनके साथ मारपीट भी की। 5 मई, 2024 को मध्य प्रदेश के शहडोल जिले के ब्यौहारी थाना क्षेत्र में रेत के अवैध परिवहन में लगे ट्रैक्टर-ट्राली चालक ने एक सहायक पुलिस उपनिरीक्षक महेंद्र बागरी को कुचल कर मार डाला। अवैध खनन के लिए बदनाम इस क्षेत्र में अक्सर पुलिस तथा माफिया के सदस्यों के बीच झड़पें होती रहती हैं। बताया जाता है कि महेंद्र बागरी एक फरार आरोपी को पकड़ने के सिलसिले में जा रहे थे। रास्ते में उन्हें ट्रैक्टर-ट्राली दिखायी दी, जिस पर रेत लदी हुई थी। उन्होंने उसे रोकना चाहा तो चालक ने ट्रैक्टर सहित भागने का प्रयास करते हुए उन्हें कुचल दिया। 5 मई, 2024 को ही दिल्ली पुलिस ने गत 22 अप्रैल को हुए अलीपुर गोलीकांड, जिसमें एक व्यक्ति की मृत्यु हो गयी थी, के सिलसिले में टिल्लू गैंग के 2 शार्प शूटरों को गिरफ्तार किया। उन्होंने यह गोलीबारी अमित दबंग नामक एक गैंगस्टर के कहने पर की थी, जो इस समय मंडोली जेल में बंद है। वही फिलहाल टिल्लू गैंग को चला रहा है। उक्त घटनाओं से स्पष्ट है कि आज विभिन्न समाज विरोधी माफियाओं और गैंगस्टरों की गतिविधियां किस कदर बढ़ चुकी हैं कि आम आदमी ही नहीं, बल्कि प्रशासन भी माफिया के हाथों बंधुआ बन कर रह गया है। इसका संकेत 29 अप्रैल, 2022 को भंडारा में एक वायरल वीडियो से भी मिला था, जब वहां के कुछ पुलिस कर्मचारी रेत माफिया के सदस्यों के साथ पार्टी करते पकड़े गये, जिन्हें बाद में निलंबित कर दिया गया। इसी तरह की स्थिति पर टिप्पणी करते हुए 6 जुलाई, 2022 को इलाहाबाद हाइकोर्ट की लखनऊ पीठ ने कहा कि राजनेताओं, अपराधियों और नौकरशाहों के बीच का अपवित्र गठबंधन मिटा देना चाहिए। लिहाजा इस संबंध में माफिया के विरुद्ध कड़ा अभियान छेड़ने के साथ-साथ उन्हें शरण देने वाले राजनीतिज्ञों और पुलिस कर्मचारियों, अधिकारियों आदि का पता लगा कर उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई किए बगैर इस समस्या का हल संभव नहीं।


**आज विभिन्न समाज विरोधी माफियाओं और गैंगस्टरों की गतिविधियां किस कदर बढ़ चुकी हैं कि आम आदमी ही नहीं, बल्कि प्रशासन भी माफिया के हाथों बंधुआ बन कर रह गया है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**1947 में तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा था कि लोकतंत्र भारत के लिए उपयुक्त नहीं है और आज वही पश्चिम कह रहा है कि भारत दुनिया में स्वतंत्र राजनीतिक इच्छाशक्ति की सबसे बड़ी अभिव्यक्ति है। 94 करोड़ मतदाता, लगभग 10 लाख मतदान केंद्र, 6 राष्ट्रीय, 56 क्षेत्रीय और करीब 2400 से अधिक अन्य पार्टियां। महिलाओं को संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण। देश में पहली बार जनजातीय समुदाय से महिला राष्ट्रपति और एक चाय बेचने वाला हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।**

# देश का लोकतंत्र नहीं, बल्कि विपक्ष की साख खतरे में

**जयवीर शेरगिल**



2024 के लोकसभा चुनावों की सरगर्मियां शिखर पर हैं। 2 चरणों का मतदान संपन्न हो चुका है और कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष अपने पुराने गढ़ अमेठी से लेकर असम तक न तो कहीं मुकाबले में नजर आ रहा, न ही मोदी सरकार को घेर पा रहा है इसलिए हर बार की तरह इस बार भी इन्होंने एक राग अलापना शुरू किया है- लोकतंत्र, संविधान खतरे में है, देश में तानाशाही है। जैसे अंग्रेजों ने आजादी के समय भारत के लोकतंत्र पर ये प्रश्नचिन्ह उठाया था कि यहां बैलेट नहीं, बुलेट का राज चलेगा, वैसे ही राहुल गांधी और उनके साथी भारत के लोकतंत्र पर सवाल उठा रहे हैं, पर वास्तविकता यह है कि आज भारत अपने यशस्वी प्रधानमंत्री के चलते समूचे विश्व में सबसे मजबूत और जीवंत लोकतंत्र का उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है।

1947 में तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने कहा था कि लोकतंत्र भारत के लिए उपयुक्त नहीं है और आज वही पश्चिम कह रहा है कि भारत दुनिया में स्वतंत्र राजनीतिक इच्छाशक्ति की सबसे बड़ी अभिव्यक्ति है। 94 करोड़ मतदाता, लगभग 10 लाख मतदान केंद्र, 6 राष्ट्रीय, 56 क्षेत्रीय और करीब 2400 से अधिक अन्य पार्टियां। महिलाओं को संसद में 33 प्रतिशत आरक्षण। देश में पहली बार जनजातीय समुदाय से महिला राष्ट्रपति और एक चाय बेचने वाला हिंदुस्तान के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। मजबूत संविधान, स्वतंत्र चुनाव आयोग, यह है भारत के लोकतंत्र की शक्ति, सुन्दरता और विविधता।

**मोदी सरकार जो सबका हाथ सबका विकास वाली राजनीति कर जहां राम, रहीम, रूपिंद्र और रॉबर्ट सबको बिना किसी भेदभाव के लाभ पहुंचा रही।**

**2014 के बाद से मोदी सरकार की योजनाओं-उज्जवला, जन-धन, आयुष्मान योजना, पी.एम. किसान सम्मान निधि, खेलो इंडिया, स्मार्ट सिटी, डिजिटल इंडिया से हिन्दुस्तान की तस्वीर और तकदीर दोनों में बदलाव दिखा है। एक मूल मंत्र है कि पहले तोलो फिर बोलो। ऐसा लगता है मानो विपक्ष यह मंत्र भूल गया।**

2014 के बाद से मोदी सरकार की योजनाओं-उज्जवला, जन-धन, आयुष्मान योजना, पी.एम. किसान सम्मान निधि, खेलो इंडिया, स्मार्ट सिटी, डिजिटल इंडिया से हिन्दुस्तान की तस्वीर और तकदीर दोनों में बदलाव दिखा है। एक मूल मंत्र है कि पहले तोलो फिर बोलो। ऐसा लगता है मानो विपक्ष यह मंत्र भूल गया। आज की तारीख में लोकतंत्र के प्रमुख स्तंभ स्वायत्त न्यायपालिका, कार्यपालिका और विधायिका स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से काम कर रही हैं। यह इस बात का जीता-जागता सबूत है कि हिन्दुस्तान में न तो लोकतंत्र खतरे में है न संविधान।

अब कुछ सवाल हैं, जो विपक्ष के खोखले आरोपों का सवालों से ही खंडन करेंगेः पहला-कौन-सी तानाशाही सरकार एक विपक्षी नेता को भारत तोड़ो यात्रा (एक और दो) की सुरक्षा के साथ अनुमति देती?

वह यात्रा जिसका मूल लक्ष्य मोदी को गाली देना, भारत विरोधी लोगों को साथ लेना, सनातन का अपमान, हिंदू धर्म का विरोध, चीन की प्रशंसा, भारतीय सेना से सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगना है। दूसरा-जब हिमाचल, तेलंगाना, कर्नाटक में कांग्रेस जीती उस समय इनके लिए लोकतंत्र जीवित था और इवीएम भी ठीक था, पर वहीं जब कांग्रेस हारती है तो वही लोकतंत्र खतरे में आ जाता है। विपक्ष का रवैया वैसा ही है जैसे परीक्षा में फेल होने पर शिक्षक पर दोषारोपण करना।

तीसरा-जब सुप्रीम कोर्ट विपक्ष के हक में कोई फैसला देती है, तो लोकतंत्र और संविधान सुरक्षित परंतु वही सुप्रीम कोर्ट जब विपक्ष के भ्रष्टाचारी नेताओं को राहत नहीं देती है, तब लोकतंत्र और संविधान तुरंत खतरे में आ जाता है। लोकतंत्र को लेकर विपक्ष का यह दोहरापन हिन्दी की एक कहावत 'नाच न जाने आंगन टेढ़ा' पर सटीक बैठती है। सत्य तो यह है कि देश के मतदाताओं के मन में लोकतंत्र को लेकर कोई शंका नहीं है, बल्कि दो विचारधाराओं को लेकर पूरी स्पष्टता है।

एक तरफ नरेंद्र मोदी सरकार जो सबका हाथ सबका विकास वाली राजनीति कर जहां राम, रहीम, रूपिंद्र और रॉबर्ट सबको बिना किसी भेदभाव के लाभ पहुंचा रही। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस की तुष्टीकरण वाली राजनीति, जो आज जनता की 55 प्रतिशत सम्पत्ति छीनने की बात कर रही। स्वस्थ लोकतंत्र के हित के लिए यह अच्छा होगा कि विपक्ष लोकतंत्र पर लांछन लगाने की बजाय चिंतन और मंथन करे कि जनता के दरबार में उनकी साख और वोट दोनों ही क्यों खतरे में आ गयी है?

**(लेखक : सुप्रीम कोर्ट अधिवक्ता एवं भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# सांसद ने गांधी आश्रम में चलाया जनसंपर्क अभियान,मांगा भाजपा के पक्ष में समर्थन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सांसद सह भाजपा प्रत्याशी बिद्युत बरण महतो ने जमशेदपुर लोकसभा चुनाव को लेकर गांधी आश्रम में जनसंपर्क अभियान चलाया। मंगलवार को बाराद्वारी गांधी आश्रम में अभियान के दौरान स्थानीय लोगों के साथ बैठक कर चुनावी चर्चा की। मौके पर पूर्व अध्यक्ष गुंजन यादव,मंडल अध्यक्ष सुरेश शर्मा समेत आश्रम से जुड़े लोग मौजूद रहे। वही सांसद ने स्थानीय लोगों से 25 मई को भाजपा के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने व नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए आशीर्वाद व समर्थन देने की अपील की। सांसद बिद्युत महतो ने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में चहुंमुखी विकास हुआ है। मोदी सरकार के बीते दस वर्षों में संकल्प के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण बिना किसी भेदभाव के पहुंची है। आज भी केंद्र सरकार की अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्ग के लोगों को मिल रहा है। वही आश्रम के लोगों ने किचेन शेड निर्माण समेत अन्य मांगों पर सांसद का ध्यान आकृष्ट कराया। सांसद बिद्युत महतो ने त्वरित समाधान का अश्वासन दिया। मौके पर पवन अग्रवाल,नागेश प्रसाद,रंजीत सिंह,वासुदेव प्रसाद, संतोष कुमार,अरुण मिश्रा, मुरारीलाल गोयल,संतोष सेठ, मितरु प्रधान,संजीत चौरसिया, कमल वर्मा सहित अन्य मौजूद रहे।

**बिरसानगर व बमामाइंस मंडल में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन**

मंगलवार को सांसद ने लोकसभा चुनाव के लिए बिरसानगर जोन नंबर 3 व बमामाइंस ओम टेंट के समीप चुनावी कार्यालय का शुभारंभ किया।मौके पर मंडल अध्यक्ष बबलू गोप व दीपक झा सहित पार्टी के कई वरीय नेतागण मौजूद रहे। उद्घाटन के पश्चात सांसद ने कार्यकताओं से चुनाव संबंधी चर्चा कर जनसंपर्क अभियान में तेजी लाने का आह्वान किया। मौके पर देवेंद्र सिंह,मिथिलेश सिंह यादव, रामबाबू तिवारी, संजीव सिंह, कल्याणी शरण, गुंजन यादव, बबुआ सिंह,मंजीत सिंह, बबलू गोप,अजय सिंह,संतोष ठाकुर, पप्पू सिंह,बिपिन सिंह, राजेश सिंह पप्पू, जितेंद्र मिश्रा, श्रीराम प्रसाद, प्रोबिर चटर्जी राणा, पप्पू मिश्रा, गुरदेव सिंह आजाद, सुरेंद्र नाथ मिश्रा, तापस कर्मकार, नरेश प्रसाद, सूरज सिंह, मनोज श्रीवास्तव, रविजेंट सिंह, मनीष पांडेय, रामदुलारी देवी, लक्ष्मी यादव, मीणा देवी, मधु तांती, कैलाशपति मिश्रा, भूषण मुर्मू, वर्मा कंसारी, मनोज राय सहित अन्य मौजूद रहे।

# झारखंड मजदूर यूनियन ने शिक्षिका को न्याय दिलाने के लिए अधीक्षक से की शिकायत

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सरदार माधव सिंह मेमोरियल मिडिल स्कूल में गर्भवती शिक्षका के साथ सरकारी गाइडलाइन का उल्लंघन करने का मामला प्रकास में आया है। मंगलवार को झारखंड मजदूर यूनियन के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिला शिक्षा अधीक्षक से मुलाकात कर स्कूल प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने बताया गर्भवती शिक्षका को चिकित्सा छुट्टी व सरकार द्वारा दिए गए एरियल के नहीं दिया गया। झारखंड मजदूर यूनियन केंद्रीय उपाध्यक्ष राजेश सामंत ने बताया बिष्टुपुर निवासी निशा चावला साउथ पार्क सरदार माधव सिंह मेमोरियल मिडिल स्कूल में बीते 2016 से सहायक शिक्षका के तौर पर कार्यरत है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रीमती रविंदर कौर व चेयरमैन जगदीश सिंह से चिकित्सा छुट्टी के लिए आवेदन देने पर आनाकानी करते है। जबकि सरकार की ओर से गर्भवती महिला को छुट्टी देने का प्रावधान है। उसके बावजूद सरकारी गाईडलाइन को अनदेखी की जा रही है। कमीशन की मांग की जारही है। नहीं देने पर बदले में पड़ताडित किया जारहा है। इससे पूर्व भी उन्होंने डीसी से शिकायत की थी। एरियल का रुपए की मांग करने पर अध्यक्ष के द्वारा सस्पेंड करने की धमकी दी जाती है। मौके पर झारखंड मजदूर यूनियन ने गर्भवती महिला शिक्षिका को जिला शिक्षा अधीक्षक से उचित कार्रवाई कर न्याय दिलाने की मांग की। जानकारी मिलने पर जिला शिक्षा अधीक्षक ने न्याय दिलाने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जेबीकेएसएस के राजा कालिंदी, राजकुमार दुबे, पिंकी सिंह, छोटे सरदार सहित अन्य मौजूद रहे।

# एसएसपी और ग्रामीण एसपी ने थाना प्रभारियों के साथ की बैठक



**घाटशिला (आजाद सिपाही)।** पूर्वी सिंहभूम जिले में एसएसपी किशोर कौशल ने चुनाव तैयारी को लेकर ग्रामीण थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। मौके पर ग्रामीण एसपी रिशव गर्ग शामिल रहे। मौके पर एसएसपी व ग्रामीण एसपी ने विधि व्यवस्था बनाए रखने व किसी तरह की समस्या उत्पन्न होने से निपटने के लिए पुलिस पदाधिकारी को कई अहम जानकारी दी। घाटशिला एसडीपीओ कार्यालय में बैठक के दौरान एसएसपी किशोर कौशल ने साफ निर्देश देते हुए कहा चुनावी प्रक्रिया स्वक्ष और निष्पक्ष होनी चाहिए। उन्होंने कहा जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में चुनाव 25 मई को होना है। पुलिस पदाधिकारी को हर हाल मे शांतिपूर्ण तरीके से लोकसभा चुनाव संपन्न कराना है।

# सोनारी में आपसी विवाद में चली गोली, दो घायल, स्थानीय लोगों ने आरोपी को पकड़ कर किया पुलिस के हवाले

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** शहर के सोनारी थाना अंतर्गत झबरी बस्ती साल मैदान के पास आपसी विबाद में गोली चलने से दो युवक बुरी तरह घायल होगाया। मंगलवार को घटना के दौरान बस्ती वासियों ने आरोपी आकाश सिंह उर्फ बाटला को धर दबोचा।उसके बाद पुलिस के हवाले कर दिया। वही सूचना मिलने पर पहुची पुलिस व स्थानीय लोगो की मदद से घायल अभय गोप और सूर्या को इलाज के लिए टीएमएच भेजा गया। स्थानीय लोगो के अनुसार बस्ती में स्थानीय युवाओ के साथ मंगलवार को आरोपी आकाश सिंह का आपसी विबाद हुआ था। उसी बीच आकाश सिंह उर्फ बटला कार से हतियार निकाल कर डरा धमकाने लगा। जहा अचानक गोली चलने से अभय गोप को हाथ और सूर्या को पेट मे गोली लगी है। घटना के बाद स्थानीय लोगो ने आरोपी को घटना स्थल में ही पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। फिलहाल पुलिस आरोपी आकाश सिंह उर्फ बटला को इलाज के लिए एमजीएम में भर्ती कराया।स्थानीय लोगो ने बताया गोली लगने से घायल दोनो युवक का टीएमएच में इलाज चल रहा है। वही घायल सूर्या के मा ने बताया घर मे बेटा को गोली लगने की सूचना मिलने पर टीएमएच आये।लेकिन सूर्या को गोली कहाँ लगा कौन मारा कोई जानकारी नही है। उधर गोली चलने की सूचना मिलते ही सिटी एसपी मुकेश कुमार लुणायत टीएमएच पहुचे। सिटी एससी ने बताया आपसी विवाद में गोली चलने से दो युवक घायल है। फिलहाल दोनों खतरे से बाहर है। आरोपी आकाश सिंह उर्फ बटला को पकड़ कर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सौंप दिया। फिलहाल उसका इलाज एमजीएम में चल रहा है। उन्होंने बताया गोली चलने की घटना में पुलिस सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है। पुलिस जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सरायकेला में 21 वर्षीय महिला ने की आत्महत्या, दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला के झपड़ागुड़ा गांव निवासी सुनील महतो की पत्नी 21 वर्षीय नंदनी महतो ने साड़ी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। मंगलवार को घटना की सूचना मिलने पर सरायकेला पुलिस शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जारहा है मृतका के पति सुनील महतो ड्यूटी से रात को शादी समारोह में शामिल हुए। सुबह मृतिका के सास बहू के कमरे का दरवाजा खोला तो लटकता पाया। उसके बाद पुलिस को सूचना दी। उधर मृतक के पिता ने सरायकेला थाने में पति सुनील महतो के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया। उनके अनुसार सुनील महतो दहेज के लिए हमेशा प्रताड़ित कर मारने की धमकी दिया करता था। थाना प्रभारी हीरालाल कुमार ने बताया मृतका की पिता के लिखित शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। हत्या व आत्महत्या दोनो बिंदुओं पर पुलिस जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मामले का खुलासा होगा।

## 8 जून को विशेष लोक अदालत का आयोजन

गढ़वा (आजाद सिपाही)। प्रधान जिला जज डीएलएसए अध्यक्ष राजेश शरण सिंह की अध्यक्षता में उनके प्रकोष्ठ में विशेष लोक अदालत को लेकर बैठक संपन्न हुई। विशेष लोक अदालत में मोटर यान दुर्घटना दावा अधिनियम से संबंधित सभी लंबित मामलों का निष्पादन कराने के लिए निर्देश दिये गये। अधिवक्ताओं न्यायिक पदाधिकारी को संबोधित करते हुए प्रधान जिला जज ने कहा कि 8 जून को होने वाले विशेष लोक अदालत में मोटरयान दुर्घटना से संबंधित सभी मामलों के निष्पादन में सबके सहयोग की आवश्यकता है। क्योंकि ऐसे संवेदनशील मामले जिसमें आश्रितों सहयोग अति आवश्यकता होती है, ऐसे मामलों का त्वरित निष्पादन होना आवश्यक है। उन्होंने खासकर अधिवक्ताओं से अपील किया कि इस मामले में सहयोग कर मोटर यह दुर्घटना में मृतक के परिजनों को सहयोग कर पुण्य का भागी बने। बैठक में डीएलएसए सचिव रवि चौधरी, इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि के अलावा अधिवक्ता युधिष्ठिर गिरी, संघ के अध्यक्ष गौतम कृष्ण सिन्हा सहित अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।

## मझिगावां में आंगनबाड़ी सहियाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली

कांडी (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने और महिला मतदान का प्रतिशत में वृद्धि किये जाने के लक्ष्य की प्राप्ति और नव महिला व पुरूष मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न किये जाने हेतु सहिया, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, महिला वार्ड सदस्य के द्वारा मंगलवार की दोपहर में मझिगावां पंचायत के मुख्य बस्ती में जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली में मुख्य रूप से सहिया उषा शर्मा, अमरावती देवी, सेविका बिंदा देवी, वार्ड सदस्य किरण देवी तथा ग्रामीण महिला वीणा देवी, पल्लवी शर्मा, किरण देवी, अंजू देवी, मीना देवी, सुनैना देवी, सुलक्षण देवी सहित कई महिलाओं ने भाग लिया। जागरूकता अभियान के माध्यम से लोगों शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया।

## मुखिया कलावती के नेतृत्व में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान



सगमा (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर कटहर कला पंचायत में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुखिया कलावती देवी ने रंगोली कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए पंचायत के सभी मतदाताओं से पहले मतदान फिर जलपान करने की अपील करते हुए कहा कि मतदान किसी के बहकावे या लालच में आकर नहीं, बल्कि अपने विवेक से करके लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करना आपका दायित्व के साथ साथ परम कर्तव्य है। मतदान के दिन तेरह मई को सभी मतदाताओं को घर से निकलकर अपने अपने मतदान केंद्रों पर जाकर अपने मताधिकार का प्रयोग करना जरूरी है। इस मौके पर पंचायत के बिडिसी सभी वार्ड सदस्य के साथ महिला समूह की दीदी उपस्थित रहे।

## बीडीओ ने मतदाताओं को किया जागरूक

केतार (आजाद सिपाही)। आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाताओं में मतदान के प्रति जाग रूकता उत्पन्न करने और महिला मतदान का प्रतिशत में वृद्धि किये जाने के लक्ष्य की प्राप्ति और नव मतदाताओं में मतदान के प्रति जागरूकता उत्पन्न किये जाने हेतु जागरूकता अभियान चलायी। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के पाचाडूमर में बीडीओ और प्रखंडकर्मी द्वारा जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी ने अपने सभी कर्मियों के साथ घर-घर और मुख्य बाजार में जाकर मतदाताओं को अपने वोट के अधिकार को समझाया। वहीं नुक्कड़ नाटक से सभी लोगों को वोट करने के लिए प्रेरित किया। साथही उन्होंने कहा कि 13 मई को पहले मतदान करें, उसके बाद जलपान करें। वहीं मतदाता जागरूकता अभियान में सुरेश कुमार, राकेश कुमार, संजीव कुमार, आयुषी चौबे, धीरेंद्र विश्वकर्मा, जितेंद्र कुमार, अनूप कुमार, छोटन कुमार सहित अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

## विधवा को एसबीआइ शाखा प्रबंधक ने दो लाख रुपये का चेक प्रदान किया

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत मकरी पंचायत के छावनी टोला निवासी स्व. शिवशंकर चंद्रवंशी के विधवा पत्नी सतवंती देवी को एसबीआई शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत मंगलवार को दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। जानते चले कि स्व. शिवशंकर चंद्रवंशी का निधन बीते वर्ष मवेशी चराने के दौरान बज्रपात की चपेट में आकर हो गयी थी। स्व. शिवशंकर चंद्रवंशी ने मकरी के सीएसपी संचालक सुरेश पाल के पास एसबीआई से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 20 रुपये वाला दो लाख का बीमा कराया था। जिसका लाभ सुरेश पाल के अथक प्रयास से मृतक की पत्नी को मिला। इस अवसर पर सीएसपी संचालक सुरेश पाल, अजित चंद्रवंशी, राजेश मुंडा, सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# कई दलों के सैकड़ों लोगों ने थामा भाजपा का दामन



पूर्व विधायक सत्येंद्र तिवारी की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र के रामकंडा प्रखंड के उदयपुर पंचायत में भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी की उपस्थिति में भाजपा का दामन थामा। इस अवसर पर पूरे विधायक ने झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय जनता दल के काफी संख्या में लोगों को अपने हाथों से माला और भाजपा का पट्टा ओढ़ा कर भाजपा में शामिल करवाया। इस अवसर पर सभी को लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम के पक्ष में 13 मई की तारीख को अत्यधिक मतदान कर नरेंद्र मोदी के 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने में सहभागी बनने की अपील की और उन्हें प्रण दिलाया। पूर्व विधायक ने भाजपा में शामिल होने वाले सभी लोगों से अपने सभी सगे संबंधी और एक दूसरे दल के समर्थकों को भी भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। सभी लोगों ने काफी जोशो-खरोश के साथ भाजपा को हर सहयोग करने का भरोसा दिलाया और शत प्रतिशत मतदान भाजपा के पक्ष में करने का विश्वास दिलाया। इस अवसर पर पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी की उपस्थिति में प्रेमनाथ यादव, जयप्रकाश यादव, जितेंद्र यादव, रूपम यादव, पप्पू यादव, आनंद यादव, अजीत यादव, मुन्ना यादव, डॉक्टर ओम प्रकाश यादव, जितेंद्र यादव, कृष्ण यादव, मिथिलेश यादव, लालू, अशर्फी यादव, श्याम सुंदर, रामकिशन, वीरेंद्र, मदन, अजय, प्रदीप, रंजीत, कौशल, राजकुमार, उमेश, मुखलाल, राजेश, भोला, अविनाश, बबलू, मनोज यादव और रामलाल समेत सैकड़ों लोगों ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

## केतार में एक दर्जन से अधिक लोगों ने थामा भाजपा का दामन

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** आगामी लोकसभा चुनाव का प्रचार प्रसार के दौरान प्रखंड में एक दर्जन से अधिक झामुमो कार्यकर्ता भाजपा का दामन थामा। भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने उन्हें पार्टी का पट्टा पहनाकर सम्मान के साथ अपने पार्टी में शामिल कराया।

वहीं मौके पर भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि भाजपा के विकास को देख कर झामुमो छोड़ भाजपा में लोग शामिल हो रहे हैं। वहीं झामुमो छोड़ कर भाजपा में आने वाले अशोक ठाकुर, भागीरथी गुप्ता, अरविंद सिंह, विकास सिंह, छठन गुप्ता, रामयाद ठाकुर, रौशन गुप्ता, कपील गुप्ता, राकेश ठाकुर, नन्हकू सिंह, मंटू गुप्ता, सीताराम गुप्ता, दीपक ठाकुर, रविरंजन ठाकुर, देवकुमार गुप्ता, चंद्रमनी सिंह, अकलेश पासवान, राकेश कुमार गुप्ता, पप्पू कुमार गुप्ता का नाम शामिल हैं।

वहीं भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने सभी लोगों से वीडी राम को वोट करने के लिए कहा और भवनाथपुर सहित पूरे पलामू में बड़ा कमल खिलाकर मोदी जी के हाथों में सौंपने की बात कही। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि ज्वाला प्रसाद, भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष रवींद्र सोनी, बीरबल मेहता, सोनू सिंह, गौतम पाल, सीताराम जायसवाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भाजपा के चुनाव कार्यालय का उदघाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**बंशीधर नगर।** भाजपा की ओर से सोमवार की शाम पुराना स्टेट बैंक के सामने और शहरी मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क के आवास में पार्टी के विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय का शुभारंभ किया गया। चुनाव कार्यालय का उद्घाटन विधायक भानू प्रताप शाही और विधानसभा प्रभारी और पूर्व जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उस मौके पर अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व अध्यक्ष शिवधारी राम, जिला महामंत्री विकास स्वदेशी, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, भगत दयानंद यादव, शहरी मंडल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, ग्रामीण अध्यक्ष विकास पांडेय, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि सह ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता, युवा मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य मुकेश कुमार चौबे, विधायक प्रतिनिधि लालमोहन यादव, विभूतिभूषण चौबे, अशोक सेठ, लवली आनंद, संजय कांस्यकार, मिथिलेश पासवान, रामदत चौबे, धर्मन यादव, सोहराइ चौधरी, विवेकानंद पांडेय, इसराइल अंसारी समेत कई लोग मौजूद थे।

## डॉ चंद्रवंशी ने वीडी राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने मंगलवार को बरडीहा प्रखण्ड के कई गांवों का दौरा कर भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान जतरोबंजारी सेमरी, गंतेरिया, सरसतिया, बभनी, नवाडीह, बरछाबांध, आदर, लवाचंपा, खडीहा, सुखनादि , कोलुह्वा, लेवाताड़ सहित दर्जनों गांव में पार्टी प्रत्याशी वीडी राम के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया। साथ ही मोदी सरकार के कार्यकाल में चलायी जा रही सभी योजनाओं के बारे में विस्तृत रूप से ग्रामीणों को जानकारी दी। साथ ही श्री चंद्रवंशी ने लोगों से भाजपा प्रत्याशी बीडी राम को कमल पर वोट देकर भारी मतों से विजयी बनाने का अपील भी किया। मौके पर मंडल अध्यक्ष संजय यादव, सुदामा चौधरी, मझियाव नगर मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, भगवान तिवारी, महेंद्र यादव, स्वेंदर पांडे, सोनी चंदवंर्शी, अमित, दीपक कुमार, रामेश्वर, बीरबल राम, विनय यादव, सुरेंद्र यादव आशीष यादव, नंदलाल प्रशाद, अरविंद राम, विध्या साव, विगन रजवार, सरजू प्रशाद, फुलदेव यादव, संतोष, रामकुमार रजवार सहित कई लोग मौजूद थे।

## जीएन कान्वेंट स्कूल में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रमों का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** स्थानीय जीएन कॉन्वेंट(10+2) स्कूल में आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर मतदाताओं को संविधान प्रदत मताधिकार का उचित प्रयोग हेतु, मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक और उपप्राचार्य बसंत ठाकुर ठाकुर द्वारा सम्मिलित रूप से भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि व्यक्ति को अपने देश के प्रत्येक चुनाव में भाग लेने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए क्योंकि देश के प्रत्येक नागरिक का मत हो देश के भविष्य की नीव बनाता है। मतदान नागरिक का अधिकार है, साथ यह एक कर्तव्य भी है। मतदान के माध्यम से हम अपने देश के भविष्य को आकार देते हैं। एक मतदान से सरकार बदल सकती हैं देश का विकास हो सकता। है और समाज में बदलाव आ सकता है। मत दान के माध्यम से हम समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किये गये चित्र-कला, रंगोली, कविता वाचन, श्लोगन लेखन, निबंध लेखन और भाषाण अत्यन्त ही सार गर्भित एवं प्रशंसनीय रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को निदेशक द्वारा पुरस्कृत किया किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक वीरेंद्र साव, खुर्शीद आलम, अभिषेक, नीरा, सरिता, रिजवाना, सुषमा, सुनिता, निलम, शिवानी, सुस्मिता, संतोष आदि की भूमिका सराहनीय रही। पुरस्कार विजेता में रानी केशरी, मुस्कान तिवारी, आकृति कुमारी, आर्या पांडेय, आस्था, रिबिका, गोविंद आदि मुख्य रूप से अव्वल रहे।

## बीडीओ की आत्महत्या मामले में जांच करने पहुंची फोरेंसिक टीम

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** विशुनपुरा दिवंगत बीडीओ हीरक मन्ना केरकेट्टा के आत्महत्या की घटना को लेकर फोरेंसिक रांची की चार सदस्सीय टीम प्रखंड कार्यालय जांच करने पहुंची।

### टीम ने बीडीओ आवास की फोटो ग्राफी की

जानकारी के अनुसार सोमवार रात्रि करीब 8 बजे विशुनपुरा फोरेंसिक टीम के सहायक निदेशक वैज्ञानिक सहायक जांच करने पहुंचे। जांच के दौरान थाना प्रभारी राहुल सिंह से घटना की जानकारी लिया। इसके बाद बीडीओ आवास के सील दरवाजा को अंचलाधिकारी सह दंडाधिकारी संदीप कुमार मद्धेशिया के द्वारा वीडियो कैमरा के साथ खोलवाया गया। दरवाजा खुलते ही टीम अपनी कार्रवायी में लग गयी। जांच की प्रक्रिया लगभग देर रात्रि तक चलती रही, जांच की प्रक्रिया पूरी नहीं होने पर सोमवार रात्रि को आवास को पुनः सील कर दिया गया। उसके बाद जांच टीम मंगलवार सुबह बीडीओ आवास पहुंची, उसके बाद सील दरवाजा को प्रभारी बीडीओ सतीश भगत और थाना प्रभारी राहुल सिंह के उपस्थिति में खोला गया।









विशुनपुरा घटनास्थल की जांच करते फॉरेंसिक टीम रांची

### फोरेंसिक टीम घटना को लेकर जांच में लगी

फोरेंसिक टीम घटना की हर पहलुओं पर बारीकी से जांच किया। घंटो जांच के बाद फॉरेंसिक टीम के सहायक निदेशक अपने टीम के साथ रांची के लिए वापस हो गये। इस संबंध में इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह से पूछे जाने पर बताया कि घटना को लेकर निष्पक्ष और गहनता से जांच किया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जायेगा। इस मौके पर प्रभारी बीडीओ सतीश भगत के साथ थाना प्रभारी अपने दल के साथ उपस्थित थे।

# मूलभूत समस्याओं का समाधान होगा : ममता भुइयां

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरिया।** भंडरिया गढ़वा- पलामू लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन प्रत्याशी ममता भुईयां भंडरिया प्रखंड मुख्यालय स्थित चुनावी कार्यालय में पहुंचे कार्यकर्ताओं के साथ बैठक किया। बैठक के उपरांत दर्जनों कार्यकर्ताओं के साथ पदयात्रा कर लोगों से अपने पक्ष में लालटेन छाप पर मतदान करने की अपील की। आम लोगों से मिलते हुए आग्रह किया कि राष्ट्रीय जनता दल के केंद्रीय नेतृत्व ने पलामू लोकसभा क्षेत्र से हमें इंडिया गठबंधन प्रत्याशी घोषित किया है, आप सब अपना बहुमूल्य समर्थन देकर पलामू लोकसभा क्षेत्र से प्रतिनिधित्व करने का मौका एक बार दें। उन्होंने क्षेत्र के मूलभूत समस्याओं के निदान समेत भंडरिया प्रखंड के लोगों का जीत परिचित मांग बिंदा बीजका कोयला खदान बरवाडीह चिरमिरी रेल लाइन मंडल डैम जैसे समस्याओं का समाधान करने का वादा किया। आदिवासी महासभा के प्रखंड अध्यक्ष नीलम कुजूर राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष निर्मल ठाकुर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष हरिदास तिर्की राष्ट्रीय जनता दल के प्रखंड अध्यक्ष बजरंग यादव आंदोलनकारी रवि शंकर कश्यप चंद्रशेखर सिंह, सुनीत मिंस स्टार पन्ना लाजारूस कुजूर, बसंत यादव, वीरेंद्र यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## डंडई बाजार में इंडी गठबंधन कार्यालय का शुभारंभ



डंडई। प्रखंड मुख्यालय के मुख्य बाजार स्थित छोटन यादव के मकान में सोमवार को इंडी गठबंधन का चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया गया। जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी और राजद प्रदेश उपाध्यक्ष अभय पांडे ने संयुक्त रूप से फिता काटकर उक्त कार्यालय का उद्घाटन किया। मौके पर जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि चुनाव लड़ने वाले हर राजनीतिक पार्टी का एक अस्थायी जगह होना जरूरी होता है। इस लिहाज से डंडई मुख्य बाजार स्थित इंडी गठबंधन पार्टी चुनाव कार्यालय खोला गया है। साथ ही उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन ने पलामू लोक सभा से ममता भुइयां को प्रत्याशी बनाकर महिलाओं का मान सम्मान बढ़ाने का कार्य किया है। सभी को मिलकर उनकी जीत सुनिश्चित करानी है। वहीं अभय पांडे ने कहा कि देश में बेरोजगारी व भ्रष्टाचार चरम पर है। गरीब व असहाय लोगों की सुननेवाला कोई नहीं है, इस बार जनता बदलाव के लिए तैयार है। उन्होंने लालटेन छाप को जिताने की अपील की। मौके पर सुभाष मेहता,राजेश मेहता, जितेंद्र ठाकुर, सकलदीप पासवान, आनंद, चंद्रशेखर प्रसाद, नंदू प्रसाद,गोपाल प्रसाद, नंदू यादव सहित बड़ी संख्या में महागठबंधन के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ममता भुइयां के पक्ष में वोट करने के लिए चलाया जनसंपर्क अभियान

आजाद सिपाही संवाददाता



**रंका।** लोकसभा चुनाव 2024 में राजद समर्थित इंडिया महागठबंधन के सांसद प्रत्याशी ममता भुईयां के पक्ष में वोट करने के लिए रंका अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में गठबंधन दलों के कार्यकर्ताओं के द्वारा जनसंपर्क और बुथ कमेटियों की बैठक आयोजित कर लोगों को ममता भुईयां के पक्ष में वोट करने का अपील किया गया। इसी क्रम में चिनियां (प्रखंड) के भुईयां टोला में बैठक कर ममता भुईयां को वोट करने का संकल्प लिया गया। रंका प्रखंड के शिवनाला में बुथ नंबर 376 में प्रभारी शत्रुघ्न चंद्रवंशी, अरूण रवि और अजय गुप्ता के नेतृत्व में ममता भुईयां के चुनाव चिन्ह लालटेन छाप पर वोट करने का निर्णय लिया गया। ग्राम भंवरी के चौराटांड़ बुथ नंबर 415 कमेटी के साथ बैठक किया गया। बुथ नंबर 414 में भी कमेटी का बैठक किया गया। बुथ नंबर 413 में भी बैठक किया गया। चुटिया के बुथ नंबर 416 में बुथ कमेटी के साथ बैठक किया गया। रमकंडा प्रखंड के रक्शी पंचायत अंतर्गत ग्राम दाहो में बुथ स्तरीय तैयारी बैठक में झामुमो के महिला नेत्री प्रखंड अध्यक्ष बसंती पन्ना शामिल हुई और लालटेन छाप पर वोट देकर ममता भुईयां को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया गया। रमकंडा प्रखंड के बिराजपुर पंचायत के ग्राम बैरिया में झामुमो की बैठक हुई जिसमें पंचायत प्रभारी शिव लखन लकड़ा, झामुमो युवा प्रखंड अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, जगनारायण सिंह, हृदयानंद मिंज, रंजन केरकेट्टा, अमृत कुजूर, मंजू तिर्की, मंजुषा कच्छप शामिल हुए और ममता भुईयां को विजयी बनाने के लिए निर्णय लिया गया। रंका प्रखंड के ग्राम सोनपुरवा में बुथ नंबर 142,143 में कमेटी का बैठक किया गया और लालटेन छाप पर बटन दबाकर ममता भुईयां को जिताने का संकल्प लिया गया।

कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, कोडरमा
(वाहन कोषांग)
–:प्रेस विज्ञप्तिः–

लोकसभा चुनाव 2024 वाहन कोषांग, कोडरमा।
आवश्यक सूचना।

एतद् द्वारा सभी वाहन मालिकों को सूचित किया जाता है कि लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन हेतु अधिग्रहित वाहन को जमा करते समय निम्नांकित कागजातों के साथ समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे:–

1. वाहन मालिक का स्वअभिप्रमाणित बैंक खाता की छायाप्रति।
2. वाहन निबंधन पुस्तिका की छाया प्रति।
3. वाहन चालक अनुज्ञप्ति की छाया प्रति।
4. वाहन चालक का मतदाता पहचान पत्र की छाया प्रति।

विदित हो कि लोकसभा चुनाव 2024 सर्वाधिक प्राथमिकता प्राप्त कार्य है जिसके लिए आवश्यक वाहनों का अधिग्रहण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 160 के अंतर्गत किया गया है। किसी भी परिस्थिति में त्रुटिरहित तरीके से ससमय चुनाव का कार्य पूर्ण करवाना बाध्यकारी है, जिसमें वाहन अधिग्रहण से संबंधित किसी भी आदेश के आलोक में अथवा आवश्यकतानुसार किसी भी तिथि के अनुसार वाहन जमा करने के आदेश में लापरवाही या उक्त आदेश के अवमानना को चुनाव अपराध के रूप में लिया जाएगा एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 167 के अंतर्गत एक वर्ष की कैद, फाइन अथवा दोनो के साथ–साथ भारतीय दंड संहिता 1860 तथा मोटर वाहन अधिनियम 1988 के सुसंगत धाराओं के तहत वाहन मालिकों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

इसे अत्यावश्यकता समझें।

वरीय पदाधिकारी (वाहन कोषांग)
–सह– उप विकास आयुक्त,
कोडरमा।

PR 324536 Election(24-25)D

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 08 मई, 2024
www.azadsipahi.in


# सीपीआइएम ने कालीचरण मुंडा के समर्थन में निकाली रैली



आजाद सिपाही संवाददाता

**तमाड़।** तमाड़ मे सीपीआईएम पार्टी कार्यालय से खूंटी लोकसभा के इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा के समर्थन में आज एक रैली निकाली गयी जो तमाड़ के विभिन्न रास्तों से होकर बाजार टांड़ स्टैंड चौक पर पहुंचा और नुक्कड़ सभा की और बाजार में हैंड बिल बांटे गए, जिसमें मोदी के खिलाफ नारेबाजी की गयी इस अवसर पर जिला सचिव का सुखनाथ लोहरा ने कहा की मोदी सरकार किसानों के हक को मार रही है का सुरेश मुंडा जो तमाड़ विधानसभा प्रभारी व राज्य कमेटी सदस्य है ने कहा कि मोदी सरकार पिछले दस सालों में देश की अर्थव्यवस्था को झकझोर कर रख दिया है आप अपना किमती वोट इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा को वोट देकर विजई बनाए, इस अवसर पर सुरेश मुंडा सुखनाथ लोहरा जहरू लाल मुंडा घासी राम मुंडा यदु गोपाल सिंह मुंडा आदि मौजूद रहे।

# भाजपा सत्ता में आयी, तो संविधान बदल देगी : कालीचरण मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने मंगलवार को मुरहू प्रखंड के मुरहू, डुडरी, कोड़ाकेल, गनालोया, हस्सा, गज गांव में डोर टू डोर संपर्क कर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने राहुल गांधी के हाथों को मजबूत करने और संविधान विरोधी भाजपा को मतदान द्वारा सबक सिखाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में मुझे चुनाव चिह्न हाथ छाप पर वोट दे कर विजय बनायें। वे मुंडा ने कहा कि अगर भाजपा पुनः केंद्र की सत्ता में आती है, तो हम सभी आदिवासी-मूलवासी का आस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा, क्योंकि वे भरे मंच से संविधान बदलने की बात कर रहे हैं। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रवि मिश्रा ने हुटार, सिलादोन और मरगहदा में चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के समर्थकों की मेहनत से लग रहा कि जीत तो निश्चित है, पर अपने विरोधी को कमजोर नहीं समझना चाहिए। मौके पर विधानसभा प्रभारी अमरेन्द्र सिंह, रविकांत मिश्रा, विलसन तोपनो, बबलू, फुलचंद टुटी ,मगतराय मुण्डा, विपीन लुगुन, अनमोल होरो, एडवर्ड हंस आदि उपस्थित थे।

## उग्रवादियों के विरुद्ध छापेमारी में बाइक बरामद



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में टीएसपीसी उग्रवादियों के विरुद्ध बुढ़मू क्षेत्र के जंगलों में छापेमारी अभियान चलाया गया डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस जवान एव झारखंड जगुवार की टीम ने बुढ़मू के सीरम जंगल में टीएसपीसी उग्रवादियों के विरुद्ध छापेमारी एव सर्च अभियान चलाया गया। जिसमे उग्रवादियों द्वारा प्रयुक्त एक अपाची मोटरसाइकिल भी बरामद किया गया डीएसपी ने कहा उग्रवादियों के विरुद्ध पुलिस का छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा। इस अभियान में बुढ़मू थाना प्रभारी, विशेष टीम एव झारखंड जगुवार की टीम शामिल थे।

## विष्णुपद के नेतृत्व में जनसंपर्क अभियान



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष विष्णु पद के नेतृत्व में बाइक रैली के साथ जनसंपर्क अभियान चलाया गया। जनसंपर्क अभियान के माध्यम से भाजपा उम्मीदवार खूंटी लोकसभा के उम्मीदवार अर्जुन मुंडा को कमल फूल छाप में बटन दबाकर भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की गयी। बाइक रैली एवं डोर टू डोर संपर्क अभियान में तमाड़ विधानसभा प्रभारी विनोद सिंह, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा के साथ ही बड़ी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे। कार्यक्रम में प्रभारी विनोद सिंह, जिला उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह मुंडा, आदिवासी नेता सुखलाल सिंह मुंडा के साथ ही मंडल अध्यक्ष विष्णु पद महतो, जयकिशोर प्रमाणिक, संतोष साहू, सुधीर मिश्रा, दिनेश साहू, राधामोहन महतो, अंगद महतो, धनेश्वर महतो, अंगद महतो, गणेश महतो, लंबोदर महतो, रामधन हजाम, खंजन महतो,ज्योतिलाल महतो, सोहनलाल महतो, उदय महतो, प्रकाश मुंडा सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

# नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सरहदें सुरक्षित : राजा पीटर

आजाद सिपाही संवाददाता



**तमाड़।** खूंटी लोकसभा का चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है पूर्व मंत्री राजा पीटर तमाड़ विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पछ में खुब पसीना बहा रहे हैं। आज तमाड़ के कैनल रूट का दौरा किया एवं ग्रामीणों से वार्ता की और कई गांव में लोगों से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा को वोट देकर जिताने की अपील किया इसी दौरान प्रेम नगर नवाडीह में प्रचार को तेज गति देने के लिए बिरसा विकास समिति का कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश काफी मजबूत हुआ है आज विदेश में भी नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सराहना हो रही है आज कोई भी हमारे सीमा पर आंख दिखाएं तो उसको मुंहतोड़ जवाब नरेंद्र मोदी की सरकार दे रही हैं इसलिए देश की मजबूती के लिए अर्जुन मुंडा को वोट देकर भारी से भारी बहुमत से विजय बनाना है। इस मौके पर बिरसा विकास समिति के प्रवक्ता नीतीश पांडे नरेंद्र नाथ महतो रमेश महतो गणेश महतो बिशु महतो राजकिशोर सिंह मुंडा मिशन महतो दुग्धेश्वर महतो जयंत महतो राकेश कुमार महतो नरेश महतो महाबीर महतो लादु महतो घनश्याम महतो राजु महतो निलकमल महतो हरीहर महतो उमेश महतो संजय महतो प्रमेश्वर महतो कमलेश्वर महतो बिरेंद्र महतो आशिष पांडेय लखिराम मुण्डा भोला मुखर्जी महाबीर साहु बिनीत पांडे सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# खलारी बालिका आवासीय विद्यालय में कानूनी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं को कानूनी जानकारियां प्रदान की गयी। डालसा सिविल कोर्ट रांची के प्रतिनिधि मुन्नू शर्मा के द्वारा नेशनल लीगल सर्विसेस अथॉरिटी के योजनाओं के सन्दर्भ में बताया गया उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार सिविल कोर्ट रांची के द्वारा , गरीब शोषित पीड़ित के लिए निःशुल्क न्याय का प्रवाधान है जिसे माध्यम से मध्यस्तता, आपसी विवाद का निपटारा, निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराई जाती है। वहीं विधिक जागरूकता के अंतर्गत महिला संरक्षण, चाइल्ड प्रोटेक्शन, के तहत चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, सेफ एंड अनसेफ टच, लैंगिक अपराधों से बच्चों की सुरक्षा बचाव, पॉक्सो एक्ट, एवम जे.जे.एक्ट की जानकारी, बाल विवाह के प्रति जागरूकता, ट्रैफिक जागरूकता, मोटर व्हेकिल एक्ट, को विस्तार से बताया साथ ही मोटर व्हीकल एक्ट 2019 के सेक्शन 134 तहत सड़क दुर्घटना में घायल को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति पर किसी भी प्रकार से कानूनी प्रकिया से दूर रखा जायेगा। डायन प्रथा की रोक थाम के लिए इस कुरूतियों से बचाव, अंधविश्वास को दूर करने, बाल विवाह को रोकने हेतु समाज को सजग बंनाने, नाश उनमुलन के प्रति जागरूकता, विस्तार रूप से बताया गया।

कार्यक्रम विद्यालय की वार्डन लालमणि कुमारी मुंडा शिक्षक चांदनी कुमारी उपस्थित रहें।

## मैं भी इलेक्शन एंबेसडर के तहत जागरूकता



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड के अंतर्गत पड़ने वाले सभी मतदान केंद्रों पर मंगलवार को सोशल मीडिया कैंपेन चलाया गया। बीएलओ की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रखंड के सभी 60 मतदान केंद्रों पर बूथ लेबल अवेयरनेस ग्रुप के साथ बैठक की गयी साथ ही सोशल मीडिया कैंपेन मैं भी इलेक्शन एंबेसडर हूं के तहत जागरूकता कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम के तहत बूथ स्तरीय जागरूकता ग्रुप को लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने एवं मतदान करने के लिए शपत दिलाई गयी। वहीं सभी विद्यालयों में छात्र छात्राओं के द्वारा एवं सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ एवं जेएसएलपीएस की दीदियों के द्वारा रंगोली और रैली का कार्यक्रम किया गया। साथ ही कार्यक्रम से सम्बंधित फोटो एवं वीडियो विभिन्न सोशल मीडिया हैंडल्स पर के साथ संध्या 6 बजे से 8 बजे तक अपलोड किया गया।इस दौरान बीडीओ संतोष कुमार, बीपीआरओ आदित्यनाथ झा, बीपीओ बिनय कुमार गुप्ता के अलावा जेएसएलपीएस के वरीय पदाधिकारी मौजूद थे।

# झामुमो ने तोरपा प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** झामुमो नेता सुदीप गुड़िया कें नेतृत्व में तोरपा प्रखंड के फटका, गुंम्पीला गौरबेड़ा उनुक्दा, सरगेला गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाकर कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा को विजयी बनाने की अपील ग्रामीणों से की। उन्होंने कहा कि भाजपा को विकास से मतलब नहीं है। भाजपा जाति, धर्म, संप्रदाय के नाम पर राजनीति करती है। भाजपा खूंटी में 45 साल से अधिक समय से प्रतिनिधित्व कर रही है, लेकिन क्षेत्र का कोई विकास नहीं हो सका है। इसके करण हैं भाजपा के सांसद अर्जुन मुंडा। केन्द्रीय मंत्री रहते हुए भी खूंटी लोकसभा क्षेत्र पिछड़ा रहा। महागठबंधन के प्रत्याशी कलीचरण मुंडा को भारी मतों से चुनाव जीतना है। लि परिषद सदस्य सोसंती कोनगाड़ी ने कहा कि महिलाओं पर अत्याचार पर चुप्पी साधनेवाली भाजपा सरकार को केंद्र से उखाड़ फेंकाना है। सभा को गुड़िया पड़हा के बड़लाल सेरेंग पतरस, मुखिया प्रदीप गुड़िया, शिशिर गुड़िया, मुखिया रोशनी गुड़िया ने संबोधित किया।

# गांव गरीब किसान युवा के लिए समर्पित है मोदी सरकार : संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** रांची लोकसभा के एनडीए भाजपा प्रत्याशी और सांसद संजय सेठ ने ईचागढ़ विधानसभा में मंगलवार को जनसंपर्क अभियान शुरू किया। वह गांव पहुंच कर लोगों को केंद्र सरकार की उपलब्धि बता रहे हैं। वहीं, इस लोकसभा चुनाव में अपने लिए मतदान करने की अपील कर रहे हैं। ईचागढ़ प्रखंड के नावाडीह गांव से संजय सेठ ने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत किया। इससे पूर्व रांगामाटी चौक स्थित एक होटल पर ईचागढ़ विधानसभा के भाजपा व आजसू नेताओं के साथ चुनाव प्रचार की रणनीति पर चर्चा की। इसके बाद नावाडीह गांव से जनसंपर्क अभियान शुरू किया। सांसद संजय सेठ ने कहा कि गांव गरीब किसान युवा के लिए समर्पित है मोदी सरकार। पिछले पांच साल के कार्यालय में उन्होंने सड़क व रेलवे से जुड़े समस्याओं का समाधान किया है। सड़क व रेलवे के अधिकांश समस्याओं का समाधान करने का प्रयास किया है, जिसमें काफी सफलता मिली है। क्षेत्र के अधिकांश प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क का पुनः मरम्मत कार्य स्वीकृति प्रदान कराया गया है, जो प्रगति पर है। इसके अलावा कई नये सड़क का निर्माण भी जारी है। वहीं, चांडिल डैम के विस्थापितों से जुड़े समस्याओं तथा क्षेत्र के हाथियों की समस्या को उन्होंने सदन में उठाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि आगे वह चांडिल डैम परियोजना की सीबीआई जांच के मुद्दे को जोर शोर से उठाने का काम करेंगे। वहीं, क्षेत्र के किसानों के लिए सिंचाई की समुचित व्यवस्था पर भी जोर देंगे। संजय सेठ ने बताया कि जब कोरोनकाल का प्राकृतिक संकट पूरे भारत में छाया हुआ था तब केन्द्र सरकार ने गरीबों के घर घर तक पहुंचकर सेवा प्रदान की। संजय सेठ ने दावा किया है कि रांची लोकसभा से वह ऐतिहासिक जीत दर्ज करेंगे। सांसद संजय सेठ ने ईचागढ़ प्रखंड अंतर्गत नावाडीह, रुगड़ी, आगसिया, कूंदरीलौंग, घाटियां, काशीडीह, लेपाटांड़, ईचागढ़, पुराणडीह, बाकोलतोड़िया, तमारी, पातकुम, बांदु गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया।मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो, विधानसभा प्रभारी दिनेश कुमार, मधु गोराई, सारथी महतो, मदन सिंह सरदार, सरदार कमलेश राम, फटीक गोराई, ठाकुरदास महतो, विश्वनाथ उरांव, देवाशीष राय, मनोज महतो, खुदी सिंह सरदार, अनीता पारित, मनोरंजन महतो, दिवाकर सिंह, विशाल चौधरी, अनिल सिन्हा, ठाकुर दास, डॉक्टर भूषण मुर्मू, राजेन सिंह मुंडा समेत सैकड़ों भाजपा व आजसू के कार्यकर्ता मौजूद थे।

## कांग्रेस के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** खुटी लोकसभा क्षेत्र के तमाड़ विधानसभा के तमाड़ रायडीह मोड़ में आज कांग्रेस का चुनावी कार्यालय का फीता काट कर उद्घाटन किया गया इस अवसर पर ललित कृष्ण मुंडा संजय सेठ रिषिकेश महतो हलधर महतो अमीत लाला आदि मुख्य रूप से मौजूद हुए।

## स्वीप कार्यक्रम के तहत हॉकी मैच का आयोजन



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** स्वीप कार्यक्रम के तहत खूंटी में हॉकी मैच का आयोजन सात, आठ और नौ मई को जिले के सभी प्रखंडों में किया जा रहा है। यह आयोजन महिला एवं पुरूष के बीच किया जाना है। इसके तहत मंगलवार को हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में आवासीय और डे बोर्डिंग पुरुष के बीच मैच का आयोजन कराया गया। मौके पर जनसंपर्क विभाग की नुक्कड़ नाटक टीम के कलाकारों के माध्यम से खिलाड़ी एवं दर्शकों को लोकतंत्र के महापर्व को सफल बनाने के लिए अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ ही युवा मतदाताओं को मताधिकार की महत्ता से अवगत कराने के लिए अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए खेल प्रतिभागियों ने इस चुनाव में एक भी मतदाता न छूटे का संदेश प्रेषित किया। आयोजन में मुख्य रूप से जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बुंडू प्रखंड के बूथों का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू प्रखंड के विभिन्न बूथों का निरीक्षण मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार के द्वारा किया गया। इस मौके पर बूथ संख्या 69 तथा 72 पर आंगनबाड़ी सेविका सह बीएलओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने बूथ के मुलभूत सुविधा बिजली, पानी, शौचालय, पहुंच पथ, रैंप आदि का जायजा लिया। इसको लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बूथ के संबंधित बीएलओ से मतदाता सूची, मतदाता पर्ची का वितरण, मतदाता जागरूकता अभियान के अलावा वैसे मतदाता जो बाहर में रहकर काम कर रहे हैं, के साथ ही दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं की संख्या के विषय में जानकारी ली। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने ग्रामीणों से भी बातचीत की और उन्हें 13 मई को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया. कहा कि सभी को समय पर मतदान करने पहुंचना है। यह भी पूछा कि गांव के कोई ऐसा मतदाता है जो बूथ पर आने में शारीरिक रूप से असमर्थ हैं। यदि ऐसे मतदाता हैं तो उनके लिए भी व्यवस्था की गयी है। मौके पर बुंडू अनुमंडल पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी, एलआरडीसी छवि रंजन, अंचल अधिकारी पवन कुमार प्रखंड विकास पदाधिकारी रेणु कुमारी सहित नगर पंचायत के सिटी मैनेजर अब्दुर रहमान, अनूप कुमार सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## हथियार की खरीद-बिक्री करते दो अपराधी रंगेहाथ गिरफ्तार



**खूंटी।** खूंटी के पुलिस कप्तान अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने मंगलवार को तोरपा थाना क्षेत्र के कुल्डा जंगल में छापामारी कर दो अपराधकर्मियों को एक लोडेड देसी पिस्तौल और एक टाटा नेक्शन गाड़ी के साथ अवैध हथियारकातूस की खरीद-बिक्री करते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में नीतीश कुमार उम्र 27 वर्ष पिता स्व बालमुकुंद गंझू, ग्राम तोरपा बाजार टांड़ तेली टोली और अतीश राम उम्र 26 वर्ष पिता करमपाल राम ग्राम सरिता हरिजन टोली थाना कमडारा जिला गुमला शामिल हैं।

# 13 मई को सुबह पांच बजे मतदान केंद्रों में पहुंच जायें मतदानकर्मी : डीसी

**मतदान केंद्र पर पहुंच कर मतदान आरंभ करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे**

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** लोकसभा आम चुनाव के मद्येनजर प्रशिक्षण कोषांग द्वारा खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए मंगलवार का प्रतिनियुक्त पोलिंग अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए प्रतिनियुक्त 320 और 280 मतदानकर्मी शामिल हुए। यह उनका अंतिम दौर का प्रशिक्षण था। खूंटी विधानसभा क्षेत्र के मतदान कर्मियों के लिए बिरसा कालेज, खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान कर्मियों के लिए लोयला इंटर कालेज, खूंटी में प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है। प्रशिक्षण के दौरान मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान के बाद की समस्त प्रक्रियाओं की विस्तार से जानकारी दी गई और उनके कार्य और दायित्वों से अवगत कराया गया। साथ ही आइएलएमएस एप्प के माध्यम से मतदान कर्मियों की कार्य दक्षता की जांच की गयी। मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने कहा कि विविध चरणों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों द्वारा आप सभी को निर्वाचन की तमाम प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया है। उम्मीद है कि आप सभी अपने कार्य दक्ष होकर चुनाव कार्यों का सफल निष्पादन करेंगे। उन्होंने मतदान कर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि डिस्पैच सेंटर से प्रस्थान करने से लेकर मतदान केंद्रों पर आपकी सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किया गया है। आप सभी निर्भीक होकर चुनाव पर्व में अपने कार्य और दायित्व का निर्वहन करेंगे। उन्होंने सभी मतदान कर्मियों को समय पर बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम, बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में बनाये जा रहे है डिस्पैच सेंटर पर पहुंचने का निर्देश दिया, ताकि मतदान कर्मियों को समयानुसार मतदान केंद्रों के लिए रवाना किया जा सके। उपायुक्त ने मतदानकर्मियो को निर्देशित किया कि मतदान के दिन पूर्वाह्न पांच बजे संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदान आरंभ करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियाजना निदेशक, आइटीडीए आलोक शिकारी कच्छप, प्रभारी वरीय पदाधिकारी सह जिला भू-अर्जन पदाधिकारी मो परवेज ने मतदान कर्मियों को सफल, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की बारीकियों से अगवत कराया। प्रशिक्षण ददेने के कार्य में सत्यकेतु नाथ मनीषी, ओमप्रकाश कुमार, गुणाधर महतो, कमर उरांव, राजेश तिर्की, आश्रित इंदवार, बजरंग साहू सहित 30 मास्टर ट्रेनर शामिल थे।

## दो हॉकी खिलाड़ियों के चयन पर जताया हर्ष







बिनिमा और संजना होरो।

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** यूरोपीय टूर के लिए भारतीय जूनियर वुमेंस हॉकी टीम में खूंटी जिले की दो खिलाड़ियों बिनिमा धान और संजना होरो के चयनित होने पर हॉकी खूंटी के अधिकारियों, सदस्यों और उनके प्रारंभिक प्रशिक्षक ने खुशी जाहिर करते हुए सभी खिलाड़ियों को बधाई दी है। इस संबंध में उनके कोच रहे दशरथ महतो ने कहा कि कुछ अंतराल के बाद खूंटी जिले से एक साथ दो हॉकी खिलाड़ियों का भारतीय टीम में चयन होना खूंटी के लिए गर्व की बात है। ये दोनों खिलाड़ी जर्मनी, बेल्जियम और नीदरलैंड में 21 में से 29 मई तक विदेश की धरती में खेलेंगे। भारतीय टीम में दोनों खिलाड़ियों के चयन पर दशरथ महतो, सुशील टोपनो, परमानंद कुमार, जुनास मुंडू, बेंजामिन होरो सोमरा भेंगरा, मोगो धान, पीटर होरो करुणा पूर्ति, विश्वासी कंडुलना, निर्मल मिंज, बुधराम मिंज, बरनाबास टोपनो, जोसेफ हेमरोम आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## इटकी में कलश यात्रा के साथ भागवत कथा शुरू



इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी के बनिया टोली के रूद्र महा काल मंदिर के समीप से कलश शोभा यात्रा के साथ ही पांच दिनी श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह भागवात कथा शुरू हो गया है। कलश यात्रा में रांची की महापौर आसा लकड़ा, पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, जोहार पार्टी के केन्द्रीय अध्यक्ष विजय मेहता, जिप सदस्य रीणा देवी, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, पुलिस फोर्स के साथ सैकड़ों की संख्या भक्त गण शामिल थे। इस दौरान विद्वानों पंडितों द्वारा मंडप और वैदिक पूजन सहित कई अनुष्ठान कर श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ की शुभारंभ कर दिया गया। इधर वृदांवन से पहुंची भागवत कथा वाचिका साध्वी देविका दिक्षित ने मनुष्य जीवन में भागवत कथा की महिमा पर विस्तार पूर्वक प्रवचन किया। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का पूजा अनुष्ठान आर्चाय जितेंद्र तिवारी और उनके सहयोगियों के नेतृत्व में यजमान आनंद केशरी उनकी धर्म पत्नी पुनम देवी, मनोज केशरी राजकुमारी देवी, भोला गोप शती देवी, स्नेही प्रिया आदि अन्य ने विधिवत पूजा अर्चना की।

# अपने राजनीतिक जीवन के प्रारंभ से ही मेरा बीजेपी से खास लगाव रहा है : रामटहल



**रामटहल चौधरी और बेटे रणधीर चौधरी का बीजेपी बरियातू मंडल ने किया स्वागत**

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** रांची के पूर्व सांसद रामटहल चौधरी की बीजेपी में घर वापसी हो गयी है। सोमवार को श्री चौधरी बीजेपी प्रदेश कार्यालय पहुंचे, जहां बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने इनका स्वागत करते हुए घर वापसी करायी। राम टहल चौधरी के घर वापसी के बाद मंगलवार को बीजेपी बरियातू मंडल के पदाधिकारियों सहित अन्य सदस्य श्री चौधरी के ओरमांझी स्थित आवास पहुंचे और उनका स्वागत किया। इस दौरान पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने कहा कि अपने राजनीतिक जीवन के प्रारंभ से ही मेरा बीजेपी से खास लगाव रहा है। वहीं उन्होंने बीजेपी बरियातू मंडल के संबंध में कहा कि इसके सदस्य बीजेपी के समर्पित सिपाही हैं। रांची लोकसभा हो या कांके विधानसभा बीजेपी प्रत्याशी को जीत दिलाने में इन लोगों का काफी अहम योगदान रहता है। मौके पर बीजेपी बरियातू मंडल अध्यक्ष

## भाजपा के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्रनाथ त्रिपाठी ओरमांझी पहुंचे



**ओरमांझी।** भारतीय जनता पार्टी के झारखंड बिहार के क्षेत्रीय संगठन मंत्री नागेंद्रनाथ त्रिपाठी मंगलवार को ओरमांझी के किसान डेरी फार्म व किसान कोल्ड स्टोर पहुंचे। वे प्रगतिशिल किसान शिवनारायण साहू से मिले और झारखंड के कृषि से संबंधित जानकारी ली, वहीं गोमाता को गुड व फल खिलाया और कहा कृषि कार्य कर रहे या गो व मक्षली पालन कर रहे सभी किसान देश का अन्नदाता हैं। भारत के विकसित राष्ट्र निमार्ण में देश के किसानों की भुमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होने खेत में लगे फसलों को भी देखा और झारखंड के किसानों की सुविधा व समस्या सहित कई जानकारियां ली। बाद में उन्होने भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार, पूर्व भजयुमो जिला अध्यक्ष सह पूर्व प्रमुख जयगोविंद उर्फ लालू साहू, एसटी मोर्चा के जिला महामंत्री बुधराम बेदिया, सुनील नायक, अजय सिंह, सत्यमराज कुशवाहा, उप मुखिया शंकर बैठा, नोना पाहन, प्रमेश्वर साहू, मुन्ना तिवारी सहित उपस्थित कई लोगों से मिले और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को मिल रहे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही उन्होने जनसंघ काल से जुड़े कार्यकताओं के संबंध में भी जानकारी ली। साथी उन्होंने देश और पार्टी के हित में कई गंभीर मुद्दों पर चर्चा भी किया।

दीपक कुमार शाह, बलशाय महतो, (किसान मोर्चा महामंत्री महानगर) महानगर कार्यसमिति सदस्य रणधीर सिंह, उपाध्यक्ष सत्यम सप्तदर्शी, सुनील टोप्पो, प्रकाश साहू, मनीष चौधरी, मंत्री सुनीता देवी, दिनेश साहू, विशेस्वर ठाकुर, कोषाध्यक्ष कैप्टन कमलेश तिवारी, महिला मोर्चा से बबिता देवी, लोवली, विणा ठाकुर, रामायण सोनी, सुनील, जगलाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भाजपा नेत्री ने चलाया जनसंपर्क अभियान



बेड़ो (आजाद सिपाही)। भाजपा नेत्री डा अनिमा लकड़ा के नेतृत्व में मंगलवार को प्रखंड के जरिया व हरिहरपुर जामटोली के कई गांवों में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी समीर उरांव के पक्ष में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। मौके पर अनिमा लकड़ा ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार गरीबों के लिए समर्पित है। जो सभी समुदायों को लेकर चलती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की ओर लगातार अग्रसर है। उन्होंने समीर उरांव को वोट देकर भारी मतों से विजय बनाएं और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। इस जनसंपर्क अभियान में आकाश विक्रम समीर मुडा अनीता सुरभि सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## डीएवी विवेकानंद स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



बेड़ो (आजाद सिपाही)। बिनय बागीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में मंगलवार को मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें पेंटिंग, स्लोगन, कविता लेखन और लघु नाटक प्रतियोगिता बच्चों के बीच आयोजित की गयी। कक्षा 9 से 12वी तक के बच्चों का प्रतियोगिता स्कूल में आयोजित की गयी। वही कक्षा 1 से कक्षा 8 तक के बच्चों का ऑनलाइन प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें बच्चों ने पेंटिग बनाकर और कविता और लघु नाटक कर स्कूल के व्हाट्सएप ग्रुप में फोटो व विडियो बनाकर भेजा। बच्चों ने सभी मतदाताओं से आग्रह किया की आगामी 13 मई को लोहरदगा लोकसभा चुनाव में अपना वोट जरूर दें। अपने मताधिकार का उपयोग करें। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक कैलाश कुमार कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में आप सभी लोग अपना मतदान अवश्य करें। बच्चों को तो अभी वोट देने का अधिकार नहीं मिला है लेकिन उनके घरों में या आस पास जिन लोगों को वोट देने का अधिकार है उन्हे वोट देने के लिए प्रेरित करें। उन्हें वोट देने जरूर भेजें और वोट देना उनका अधिकार ही नहीं बल्कि देश के नागरिक होने के नाते उनका कर्तव्य भी है की वो वोट करें। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक शिक्षिकाओं और अभिभावकों का सहयोग रहा।

## लापुंग के मारुति मंगल धाम में होगा सामूहिक पूजा अर्चना व भंडारा का आयोजन



लापुंग के मारुति मंगल धाम।

लापुंग (आजाद सिपाही)। प्रखंड के लतरातू अंबा टोली गांव में धार्मिक और सामाजिक संस्था मारुति मंगल परिवार के द्वारा निमार्णा धीन मारुति मंगल धाम में आगामी 10 मई अक्षय तृतीया के शुभ अवसर मारुति मंगल परिवार के द्वारा सामूहिक पूजा-अर्चना और विशाल भंडारा का आयोजन किया जायेगा। अध्यक्ष विक्रम महतो ने इस अवसर पर परिवार से जुड़े झारखंड के विभिन्न जिलों के महिल-पुरुष व युवा सदस्यों को उक्त कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम को लेकर मारुति मंगल परिवार के स्थानीय सदस्य एवं ग्रामीण जन काफी उत्साहित हैं। इधर कार्यक्रम की आवश्यक तैयारी को पूर्ण करने में लगे हुए है। उक्त जानकारी सचिव सुमेश कुमार महतो ने दी।

## भाजपा सिकिदिरी शक्ति केंद्र में कार्यक्रम की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** भाजपा सिकीदिरी मंडल में मंगलवार के दिन शक्तिकेंद्र पथ सभा कार्यक्रम का तैयारी को लेकर श्री श्री ज्ञान मंदिर स्कूल नवागढ़ रंगामाटी में बैठक आयोजित कि गयी। बैठक की अध्यक्षता सिकीदिरी मंडल अध्यक्ष सुनिल महतो और संचालन महामंत्री सोहराई बेदिया के द्वारा किया गया। बैठक में सभी शक्तिकेंद्रों में पथ सभा होना है जिसका तिथि, स्थान और समय निर्धारित किया गया। कुच्चू में 11 मई को कुच्चू स्कूल मैदान में और 12 मई को नवागढ़ श्री श्री ज्ञान मंदिर स्कूल मैदान में सभा आयोजित करना सुनिश्चित की गयी है। इस कार्यक्रम में प्रभारी निलमोह पहान, कार्यक्रम प्रभारी सत्यदेव मुंडा, एस्टी मोर्चा महामंत्री बुधराम बेदिया, नंदलाल राम, शिवधर रजवार, धनेस्वर बेदिया, दिलीप कुमार मिर्धा, पंचम भोगता आदि के अलावा बूथ कार्यकर्ता सोना बड़ाइक, गिलु बेदिया, शंकर बेदिया, शिबू बेदिया, करम देव बेदिया, जनार्दन महतो, नागेसर महतो, दीपेंद्र बेदिया, रामु भोगता आदि शामिल थे।

## बेड़ो में निकाली गयी मतदाता जागरूकता रैली

**मतदाताओं को जागरूक करने को हुई रंगोली और निबंध प्रतियोगिता**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान के प्रति मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के तहत मंगलवार को एस एस प्लस टू विद्यालय में रंगोली, पेंटिंग व निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। इन सभी कार्यक्रमो के द्वारा मतदान के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है ताकि आगामी 13 मई को होने वाले लोहरदगा लोकसभा चुनाव में मतदाता अधिक से अधिक मतदान करें। एक तरफ जहां विद्यार्थियों को वोट के महत्व के बारे में बताया जा रहा है। वही विद्यार्थियों से यह भी अपील की जा रही है कि वे इन कार्यक्रमों में जो जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, उसे अपने तक सीमित न रखकर अपने अभिभावकों और गांव के लोगों अगल बगल के मतदाताओं को जानकारी दें। वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है, इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को और मजबूत बनाना चाहिए। इस दौरान एस एस प्लस टू उच्च विद्यालय बेड़ो के छात्र छात्राओं और शिक्षकों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली गयी। रैली में शामिल छात्रों ने हाथों में मतदाता जागरूकता से संबंधित तख्तियां,बैनर ले रखे थे। जगह-जगह रुककर रैली में शामिल शिक्षकों ने के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। अपील की गई कि मतदान से ही योग्य जनप्रतिनिधि का चुनाव हो सकता है। मौके पर शिक्षक अक्षय दुबे ने कहा कि मतदान सभी के लिए जरूरी है। मतदान के दिन सभी काम को छोड़कर मतदान करना चाहिए। इस दौरान मतदाताओं से यह अपील की, कि वह स्वतंत्र रूप से अपने मत का प्रयोग आगामी 13 मई को अवश्य करें।

## आचार संहिता उल्लंघन को लेकर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष के विरुद्ध मामला दर्ज

इटकी (आजाद सिपाही)। इटकी में लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता उलंघन के मामले में चुनाव उड़न दस्ता टीम के सदस्य सह अंचल निरीक्षक जयकेश्वर साहू ने प्रखंड के प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष रमेश महली के विरुद्ध एक मामला दर्ज कराया है। उड़न दस्ता टीम ने आरोप लगाया है कि इटकी बाजार टांड प्लाट संख्या 101 के भूमि स्वामी तारिक आलम के मकान पर कांग्रेस पार्टी का अस्थायी चुनाव कार्यालय खोली गयी है। टीम द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान चुनाव आयोग के आदेश और शर्तों का उलंघन करते हुए कांग्रेस पार्टी द्वारा पार्टी कार्यालय खोला गया है। पार्टी कार्यालय से लगभग 200 सौ मीटर दुरी पर मतदान केन्द्र संख्या 330, और 336 और 337 अवस्थित है। जिस पर कांग्रेस पार्टी की खोली गयी अस्थायी कार्यालय आर्दश आचार संहिता के उलघन के दायरे में आता है। प्रखंड अध्यक्ष। सह मुखिया (कुगी पंचायत) रमेश महली पर आईपीसी 188 और 131 /136 आरपी एक्ट धारा लगाया गया है।

## कलश यात्रा के साथ हनुमान मंदिर का तीसरा वार्षिक उत्सव संपन्न



नामकुम (आजाद सिपाही)। श्री शिवेश्वर संकट मोचन हनुमान मंदिर के तीसरे वार्षिक उत्सव के अवसर पर मंगलवार को 501 महिलाओं ने नव युवक संघ पूजा समिति के संरक्षक मनोज कुमार सिंह, पुरोहित रामानंद पांडेय और मुखिया अनीता तिर्की के नेतृत्व में संयुक्त रूप से निकाला गया। कलश यात्रा में मुख्य रूप से सांसद संजय सेठ शामिल हुए। सांसद ने कलश यात्रा में शामिल भक्तों को अपनी ओर से शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से सनातन और संस्कार की रक्षा होती है। कलश यात्रा मंदिर से सपाही नदी पहुंचा। फिर वहां से महिलाओं ने कलश में जल लेकर बरगावां पंचायत के विभिन्न गांव का भ्रमण करते टाटा रोड होते हुए पुनः मंदिर पहुंचा। यात्रा के दौरान जय श्री राम के नारे से वातावरण राममय हो गया। मंदिर प्रांगण में खीर का वितरण और शरबत का वितरण किया गया। शाम में भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन शिव शक्ति जागरण ग्रुप द्वारा किया गया। इस अवसर पर मनोज कुमार सिंह, प्रमोद कुमार सिंह, अशोक मुंडा, रामानंद पांडेय, अनिता तिर्की, कृष्णा गोप, बिक्कू सिंह, विमल कुमार, शंकर पांडेय, विरेन सिंह के साथ सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## जंगली हाथी ने बच्चों के मध्याह्न भोजन के लिए रखे चावल-दाल को किया नष्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदीरी।** थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों का आंतक थमने का नाम ही नहीं ले रहा है, इस पर वन विभाग भी मौन है। सोमवार की देर रात एक जंगली हाथी ने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय हुण्डरु जारा का दरवाजा तोड़कर बच्चों का मध्याह्न भोजन के लिए रखे चावल, दाल, आलू आदि को चट कर गया। गांव के लोगों का कहना है कि जंगली हाथी रात करीब ग्यारह बजे के आसपास स्कूल पहुंचा और चाहरदिवारी को तोड़कर अंदर घुस गया। उसके बाद विद्यालय के किचन कमरे का खिड़की और दरवाजा को पूरी तरह से तोड़ कर बर्बाद कर दिया और किचन रूम में रखे चावल को खाया। इतना में हाथी को संतुष्टी नहीं मिली, तो विद्यालय के दुसरे कमरे के दरवाजे को ताडा, जिसमें चावल, दाल, आलू आदि रखा था, जिसको भी खा गया। जंगली हाथी ने विद्यालय के दरवाजा, खिड़की और छज्जे को काफी नुकसान किया है। साथ ही गांव के महेश बेदिया और सुकरा बेदिया के खेत में लगे गर्मा धान को खाकर और पैरों से रौंद कर बर्बाद कर दिया। हाथी हुंडरु जारा स्थित पास के जंगल में ही रूका हुआ है, जिससे ग्रामिणों में दहशत का माहौल है। सुचना पाकर कुच्चू पंचायत के मुखिया सहदेव बेदिया, ग्राम प्रधान बालेश्वर बेदिया और वनरक्षी कृष्ण कुमार महतो आदि ने विद्यालय पहुंचकर जंगली हाथी द्वारा हुए नुकसान का जायजा लिया।

कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया ने जंगली हाथी से हुये नुकसान का उचित मुवावजा देने और इस क्षेत्र से भगाने की मांग की। साथ ही उन्होंने कहा कि अभी जंगल में हाथीयों के खाने लायक एक भी पौधा नहीं रह गया है, वनरक्षी कृष्ण कुमार महतो ने ग्रामिणों के बीच हाथी भगाने के लिए पटाखे का वितरण किया। मौके पर विद्यालय के शिक्षक पुसुमन बेदिया, विधालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नित्यानंद बेदिया पंचम भोगता, मदन बेदिया, महेश बेदिया करमू बेदिया, धरमू बेदिया, आदि उपस्थित थे।

## सहायक जिला निर्वाची पदाधिकारी ने अधिकारियों के साथ कई बूथों का किया भौतिक निरीक्षण



इटकी (आजाद सिपाही)। आगामी 13 मई को लोहरदगा लोक सभा चुनाव को लेकर सहायक निवार्ची पदाधिकारी मोनी कुमारी ने मंगलवार को प्रखंड के अधिकारियों की एक टीम के साथ प्रखंड के कई मतदान केंद्रों का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक निवार्ची अधिकारी सबसे पहले बुथ संख्या 333, 334, 339 और 340 पहुंची और स्थानीय प्रशासन द्वारा मतदाताओं के सुविधा के लिए की गयी मूलभूत व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिया। इसके बाद प्रखंड मुख्यालय के सभागार में चुनाव से जुड़े अधिकारी, कर्मचारी और वीएलओ के साथ बैठक की और चुनाव में मतदाता अधिक से अधिक बुथ पहुंचे सके और निर्भिक होकर अपना मताधिकार का शत प्रतिशत प्रयोग कर सकें, इसके लिए भी कई दिशा निर्देश जारी किया। इसके बाद चुनाव में मतदाताओं को अधिक से अधिक बोट कराने का शपथ दिलाया गया। कार्यक्रम में बीडीओ शशि निलिमा डुंगडुंग, सीओ विजय कुमार, प्रिये रंजन, धर्मदासी, सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, बीएलओ सहित कई कर्मचारी अधिकारी मौजूद थे।

## आंधी में गिरे विशाल पेड़ से दब कर स्कूटी सवार की मौत, चार गंभीर



मृतक की फाइल फोटो

नामकुम (आजाद सिपाही)। मंगलवार शाम आई तेज आंधी में सड़क किनारे खड़ा विशाल पेड़ गुजर रहें एक कार, एक स्कूटी और दो बाइक सवार पर गिर गया। जिसमें स्कूटी सवार सोनू कुमार साहू (उम्र 26) पिता बसंत साहू, बेड़वारी गोंदलीपोखर निवासी की मौत हो गयी। जबकि चार लोगों को गंभीर अवस्था में रिम्स में भर्ती कराया गया। घायलों में उदित मरांडी, ज्योति भारती (दोनों साहेबगंज निवासी), आशा मुर्मू (गोड्डा) और झुनकी देवी (हेसल अनगड़ा निवासी) शामिल हैं। वहीं कार (जेएच 05 सी डब्ल्यू 6264) में सवार तीनों युवक सुरक्षित है। जानकारी के अनुसार सोनू और झुनकी देवी खेलगांव स्थित ओरियंट क्राफ्ट कंपनी में काम कर होंडा एक्टिवा स्कूटी (जेएच 01एफजे 7333) से घर लौट रहे थे। वहीं, सीआईटी के छात्र उदित मरांडी, आशा मुर्मू एवं ज्योति भारती हंटर बाइक से सीआईटी लौट रहे थे। कार सवार पुरुलिया जा रहे थे। जैसे ही तीनों वाहन सिलवे टाटी बस्ती पहुंचे विशाल गुलमोहर का पेड़ उनपर गिर गया। पुलिस ने हाइड्रा की मदद से पेड़ को सड़क से किनारे कर आवागमन सामान्य कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जब्त कर लिया है। वहीं, इलाज के दौरान रिम्स में सीआईटी की छात्रा ज्योति भारती की भी मौत हो गयी।

## ककरिया में महिलाओं ने मेहंदी और रंगोली बनाकर चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग की छात्राओं ने मतदाता जागरूकता अभियान चलाया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के राजकीय कृत उच्च विद्यालय लापुंग में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान में बच्चे बच्चियां बिरसा चौक से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लापुंग तक निकला गया। बच्चो ने नारा लगाया पहले वोट तब की जलपान, सभी मतदाता को वोट देना जरूरी है का नारा लगाया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारीः लापुंग प्रखंड उषा मिंज, प्रधानाध्यापक अमरेंद्र कुमार राय के अलावे ककरिया पंचायत के ककरिया में महिला समूह की दीदीयों के द्वारा स्वीप कोषांग अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। महिला समूह की दीदीयों के द्वारा रंगोली, मेहंदी का बेहतरीन प्रदर्शन कर आसपास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। तथा लोगों को उनके मताधिकार के महत्व को समझाया। इस दौरान मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली, मतदाता शपथ दिलाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। सभी को मतदान के दिन अपने नजदीकी मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर जीसीआरपी चांदमनी कुमारी, सक्रीय महिला सीलीमा देवी, भीओ अध्यक्ष राजश्री देवी, सरिता देवी, सेविका मनीषा जयसवाल, रेणु डे, मिनु देवी, फुलवती कुमारी, शोभा देवी, सीता देवी, बबीता देवी, चांदनी पाठक, मुमताज बेगम, नाजमुन परवीन, रिंकी देवी, गीता देवी, सना प्रवीण, ज्योति देवी, मीठु देवी, उर्मिला देवी दुर्गा देवी, रानी, चिंता देवी, गीता जायसवाल, बिजली गुप्ता, सीमा देवी, रेखा, सुलेखा देवी, बिरसमनी देवी प्रमीला देवी, सुमन देवी, पुष्पा देवी, अफसाना, नसीमा परवीन, सविता देवी, ज्ञानी देवी रफीजन खातुन, रीतू, तेतरी देवी समेत कई महिलाएं मौजूद रहीं।

## रामकृष्ण मिशन आश्रम में नि:शुल्क आंख जाच शिविर का किया आयोजन



सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। रामकृष्ण मिशन आश्रम मोरहाबादी रॉची के द्वारा नवागढ़ के खक्सी टोली विवेकानंद सेवा संघ में नरेन आई केयर कार्यक्रम अंतर्गत आज मंगलवार के दिन नि:शुल्क आंख जांच शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कुल 75 लोगों की आंख जांच की गयी। जांचोपरांत सभी को दवईयॉ भी दी गयी। कार्यक्रम में रामकृष्ण मिशन आश्रम से स्वामी सुखमयानंद जी महराज, तकनीशियन गोविंद सेन, आजीत महतो, राम उरांव, दीपेंद्र बेदिया, बीड़ंबर बेदिया, एस्टीआई हब से रोहित शाही, पहलू बेदिया आदि शामिल थे।

# एनसीपी कार्यकर्ता घर-घर मांगेंगे भाजपा प्रत्याशी वीडी राम के लिए वोट: कमलेश सिंह

हुसैनाबाद में एनसीपी कार्यकर्ताओ की हुई बैठक, भाजपा प्रत्याशी के जीत की बनी रणनीति

सांसद प्रत्याशी वीडी राम को भारी मतों से जीताने की अपील


एनसीपी के आवासीय कार्यालय में आयोजित बैठक में शामिल कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** एनडीए के घटक दल एनसीपी अजीत गुट के कार्यकर्ताओं की बैठक हुसैनाबाद स्थित आवासीय कार्यालय में हुई। बैठक में पार्टी द्वारा प्रतिनियुक्त पलामू लोकसभा प्रभारी अजीत सिंह शामिल हुए। बैठक को एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उन्हें खुद भी बैठक में रहना था। मगर चुनावी कार्यक्रमों में व्यस्तता की वजह वह शामिल नहीं हो सके। इसका उन्हें काफी मलाल भी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि घर-घर पहुंच कर एनडीए प्रत्याशी वीडी राम के पक्ष में वोट मांगे। उन्होंने कहा कि एनडीए की सरकार में किसान गरीब मजदूर व आम लोगों के हित में किये गये कार्यों से जनता को अवगत करायें। उन्होंने कहा कि देश की मजबूती व लोकतंत्र को कायम रखने के लिए नरेंद्र भाई मोदी को प्रधानमंत्री बनाना जरूरी है। एनसीपी के पलामू लोस प्रभारी अजीत सिंह ने कहा कि पार्टी तन मन धन से तैयार है। एक एक कार्यकर्ता अपने अपने गांव के एक एक घर में केंद्र सरकार की उपलब्धियां पहुंचने के साथ उनका वोट मांगने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि इस चुनाव देश में स्वाभिमान की रक्षा के लिए एनडीए प्रत्याशी को विजयी बनाने का दायित्व सभी का है। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष संदीप पासवान ने की। संचालन प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह ने किया। बैठक में हुसैनाबाद के सभी प्रखंडों के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। सभी ने एकजुटता के साथ एनडीए प्रत्याशी को भारी मतों से जीत दिलाने का संकल्प लिया।

## भाजपा नेताओं ने वीडी राम के लिए मांगा समर्थन



**बिश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर विस क्षेत्र में मंगलवार को भाजपा नेताओं ने कई जगह चुनावी चौपाल लगाया। वहीं दर्जनों गांवों का दौरा कर पार्टी प्रत्यासी विष्णु दयाल राम के लिए लोगों से समर्थन मांगा। इस दौरान भाजपा नेताओं ने निवर्तमान सांसद सह पार्टी प्रत्यासी विष्णु दयाल राम की दस वर्षों की उपलब्धियां गिनायी। वहीं लोगों को केंद्र की मोदी सरकार के कल्याणकारी योजनाओं से भी अवगत कराया। वरिष्ठ भाजपा नेता अजय दुबे ने कहा कि भाजपा भारत की मजबूती और देश के विकाश के लिए काम करती है। इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर पूरा देश विश्वाश करता है। मौके पर जनक शर्मा,मनोरंजन गुप्ता, जिला कार्य समिति सदस्य शंभूशरण सिंह, मनोज विश्वकर्मा, प्रभु विश्वकर्मा, सतीश कुमार, गिरजाशंकर तिवारी, पंकज पांडेय, अवधेश सिंह, विमल चंद्रवंशी, राधेश्याम विश्वकर्मा, विनोद प्रजापति, दिनेश श्रीवास्तव, बैजनाथ सिंह, दीपक यादव, उमेश विश्वकर्मा, शशि कुमार सिंह, श्याम किशोर सिंह सहित कई भाजपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।**

# आदिवासी नायक झारखंडी आवाम के अरमान हेमंत से मिले अविनाश देव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के भाई राजाराम सोरेन के आज श्राद्धकर्म में झामुमो नेता अविनाश देव ने उनके पैतृक गांव नेमरा पहुंच कर भाग लिया। जहां पूर्व सीएम हेमंत दा पैरोल पर जेल से आए और अपने महान आंदोलनकारी चाचा के श्रद्धकर्म में शामिल हुए। इस दौरान श्री देव ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन से मिले और कुशल छेम जाना। अविनाश देव ने दिवंगत राजाराम सोरेन के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किए और हेमंत दा को अंगवस्त्र मिठाई देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मामूली आरोप में सलाखों के पीछे कैद से जब हेमंत दा घर आए मानो झारखंडी अरमानों का जन शैलाब उमड़ गया हो। इस क्षण को शब्दो में व्यक्त नहीं कर सकते है। मेरे लिए यह भावुक क्षण रहा। उन्होंने कहा कि कैदखाने की ओर जब पुनर्वापसी किए सिपाही लेकर चला जाते जाते हाथ जोड़ कर जनता का अभिवादन किये सब का दिल फफक गया। आज मेरा नायक जल जंगल जमीन लूट दामन के खिलाफ आदिवासियत स्मिता के लिए जेल में है। हम सभी को ऐसे दमनकारी लोगों को वोट से चोट करें और करारा जवाब दें। चाचा जी के यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी। नमन, विनम्र श्रद्धांजलि! पूरे यात्रा का मतलब प्रस्थान से पहुंच तक मिलन से विदाई तक का को - ऑर्डिनेट पलामू झामुमो जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने किया। केंद्रीय समिति सदस्य सुनील तिवारी ने पूरे कार्यक्रम में सिद्दत से साथ निभाया। अनेकों मंत्री विधायक कार्यकर्ता से मुलाकात बात और हेमंत के साथ अविष्मरणीय पल रहा।



## शतप्रतिशत मतदान कराने को लेकर उच्च विद्यालय खड़गपुर में संध्या चौपाल का आयोजन



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र में शतप्रतिशत मतदान कराने को लेकर मंगलवार को स्तरोन्नत उच्च विद्यालय खड़गपुर में प्रखंड प्रशासन द्वारा संध्या चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम से पहले आम मतदाताओं को मताधिकार के उपयोग करने के लिए क्षेत्र में जागरूकता रैली निकाली गयी। संध्या चौपाल में सैंकड़ो आजिविका सखी मंडल महिलाओं के साथ उपस्थित मतदाताओं को शपथ भी दिलायी गयी। मौके पर अकांक्षी ब्लॉक कॉर्डिनेटर प्रणव कुमार और जेएसएलपीएस के बीपीएम मुकेश कुमार ने कहा कि लोकतंत्र को जीवित व जागृत बनाये रखने में मतदान अतिआवश्यक है। जिले में लोकसभा चुनाव 13 मई सातवें चरण में मतदान होना है। इस दिन एक-एक मतदाताओं को सारे काम छोड़कर सबसे पहले मतदान करना है। कहा कि जिला निर्वाचन पदाधिकारी की ओर से इस बार के चुनाव में 80 प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य रखा गया है। लक्ष्य को हासिल करने के लिए सभी का मतदान करना जरूरी है। मौके पर जेएस एलपिएस बीपीएम मुकेश कुमार,अकांक्षी ब्लॉक कॉर्डिनेटर प्रणव कुमार, नाजीर ब्रजेश कुमार, मुखिया प्रतिनिधि सतेंद्र मेहता, प्रधानाध्यापक डॉ हरिद्वार प्रसाद, शिक्षक अजय मेहता, अवधेश राम, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि जितेंद्र मेहता, सुनेश्वर राम सहित मतदाता उपस्थित थे।

# आने वाला समय ओबीसी समाज के लोगों का है: बीडी प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पिछड़ा वर्ग एकता अधिकार मंच झारखंड प्रदेश के केन्द्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद द्वारा आयोजित दो नम्बर टाउन रेडमा में प्रेस-वार्ता में कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 में झारखण्ड के आठ सामान्य सिटों में से छह पर एनडीए तथा तीन पर इण्डिया गठबंधन द्वारा पिछड़ा वर्ग के लोगों को प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं एक सीट पर अनुसूचित जाति तथा पांच सीट पर अनुसूचित जन जाति के लिए आरक्षित है इस मंच के माध्यम से मैं ओबीसी के अंतर्गत आने वाले सभी जाति समुदाय और संप्रदाय के लोगों से आहवान करता हूं कि दल पार्टी और जाति से उपर उठकर अपने पिछड़ा वर्ग के प्रत्याशियों के पक्ष में भारी संख्या में मतदान करके और करवाकर विजय बनाने का कार्य करें, ताकि लोक सभा में पिछडा वर्ग के आवाज को मजबूती से रख सके। वहीं आरक्षित संसदीय सीटों जैसे लोहरदगा, चाईबासा, दुमका, राजमहल, खूंटी और पलामू में जो प्रत्याशी चाहे वो किसी भी दल पार्टी गठबंधन में हो, अगर वह ओबीसी समाज के हक और अधिकार की बात करेगा, साथ ही ओबीसी समाज के व्यवसायियों के सुरक्षा और अपने संसदीय क्षेत्र में जिला और प्रखंड मुख्यालय में ओबीसी छात्र-छात्राओं के लिए सांसद निधि से ओबीसी छात्रावास का निर्माण सभी सुविधओं के साथ निशुल्क व्यवस्था करते है, तो ओबीसी समाज और मंच उनका समर्थन करेगा। उन्हें हमारे मंच के लोग तन-मन-धन से उनके पक्ष में मतदान करने के लिए ओबीसी समाज के लोगों को एकजुट करने का कार्य करेगी। ओबीसी समाज की जाति अधारित जनगणना कराकर जनसंख्या के अनुपात में सामाजिक, राजनैतिक, शैक्षणिक और सभी सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षा संस्थानों में आरक्षण की व्यवस्था हो और ओबीसी समाज के व्यवसायियों का सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार अलग से सुरक्षा निति तैयार कर ओबीसी समाज को सुरक्षा प्रदान करें तथा जो व्यवसायियों द्वारा जीएसटी और इनकम टैक्स के माध्यम से सरकार को 22 से 24 हजार करोड़ सलाना कर देकर देश कि अर्थव्यवस्था को चलाने का काम करते है। उसमें से व्यवसायियों को 60 वर्ष की आयु के बाद पेंशन कि व्यवस्था केंद्र सरकार लागू करें और देश, राज्य, जिला व प्रखण्ड स्तर पर ओबीसी के छात्र-छात्राओं के लिए सभी सुविधाओं से संपन्न निःशुल्क छात्रावास कि व्यवस्था करें और सरकारी व गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों में निःशुल्क शिक्षा कि व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि हम ओबीसी समाज के लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहकर भी लोगों रोजगार देने का कार्य करते है। ओबीसी समाज राजनैनिक क्षेत्र में अपनी जागरूकता दिखाकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें आने वाला समय ओबीसी समाज के लोगों का है। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से केन्द्रीय सदस्य राजनायारण पटेल, विनय प्रसाद, बिहारी साव, मुखिया अशोक प्रसाद, दिलीप प्रसाद, जनकधारी मेहता, गोरखनाथ चौधरी, बरुण बिहारी, अख्तर अंसारी, जवाहर चौधरी, दीपक प्रसाद सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## भारतीय मानवाधिकार परिषद पलामू बोर्ड का हुआ गठन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** भारतीय मानवाधिकार परिषद पलामू बोर्ड का गठन शहर के सुनंदा स्थित कार्यालय में एक बैठक में किया गया। जिसमें अध्यक्ष संध्या देवी, उपाध्यक्ष डां सीमा कुमारी, महासचिव महेंद्र नाथ शर्मा, सचिव में चंचला देवी, किरण कुमारी, अविनाश कुमार राजा को चुना गया। जबकि समन्वयक का दायित्व शीला कुजूर, संजीव कुजूर को दिया गया। एचीव सदस्य के रूप में अस्तोरा देवी को चुना गया। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को कानूनी अधिकार और उचित न्याय, पुलिस का भय आम लोगों से निकाल कर सही तालमेल स्थापित करना, गरीब असहाय लोगों की मदद करना, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर रोक लगाना सहित कई सामाजिक बिन्दुओं पर यह संगठन कार्य करेगा।

## कपड़ा व्यवसायी रितेश कुमार से अज्ञात व्यक्ति ने 5 लाख रुपये की मांगी रंगदारी

**छतरपुर (आजाद सिपाही)।** छतरपुर नगर पंचायत अंतर्गत खाटिन निवासी संतोष गुप्ता को गोली मारने का मामला अभी ठंडा नहीं हुआ था की एक और व्यवसाई को जान से मारने की धमकी दी जा रही है। अज्ञात व्यक्ति के द्वारा फोन पर यह धमकी दी गयी है। छतरपुर के व्यवसाई रितेश कुमार ने बताया फोन पर धमकी देते हुए पर 5 लाख रुपए की उससे रंगदारी मांगी गई है। नहीं देने पर शाम तक गोली मारने की धमकी दी गई है। इस मामले में ऋक्ष्क्के लिए आवेदन छतरपुर थाने में बस स्टैंड के कपड़ा व्यव्सायी रितेश कुमार के द्वारा दी गयी है। उन्होंने इसकी लिखित शिकायत छतरपुर थाना को दिया है। लिखित पत्र में उन्होंने बताया कि दिनांक 06/05/ 2024 को सुबह 9: 35 बजे मोबाइल नंबर 8864077366 से मोबाइल नंबर 7992344513 पर अज्ञात व्यक्ति के द्वारा 5 लाख रंगदारी की मांग किया गया नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी गई है। वहीं उन्होंने लिखा कि अपनी चाची सुमन गुप्ता पति संतोष कुमार गुप्ता से जमीन विवाद में दिनांक 05/05/2024 को तू तू मैं मैं हुआ है। उन्होंने अपनी सुरक्षा का गुहार लगाते हुए जांच पड़ताल कर दोषियों पर करवाई करने का आग्रह किया है।

## सभी स्थानों पर एएमएफ की सुविधाओं को हर हाल में बहाल करें : शशि रंजन



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मंगलवार को सीएपीएफ को ठहारने के लिये चयनित राजमाता प्रफुल मंजरी उच्च विद्यालय व केंद्रीय विद्यालय चैनपुर का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने केंद्रीय विद्यालय के आसपास फैले झाड़ियों को साफ-सफाई करने पर बल दिया। वहीं राजमाता प्रफुल मंजरी उच्च विद्यालय में भी सभी सुविधाओं को दुरुस्त करने को लेकर चैनपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देशित किया। इसके बाद उन्होंने इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के लिये चिन्हित सदगुरु प्रताप हरि+2 उच्च विद्यालय का भी जायजा लिया। उन्होंने चैनपुर बीडीओ से रिजर्व ईवीएम मशीन को सुरक्षित रखने के लिए बनायी गयी इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम से मतदान केंद्रों की दूरी और सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी ली। **सदगुरु प्रताप हरि+2 उच्च विद्यालय व मतदान केंद्र संख्या 118 व 119 को मॉडल बूथ बनाने के निर्देश:** निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने चैनपुर के बीडीओ को सदगुरु प्रताप हरि+2 उच्च विद्यालय व मतदान केंद्र संख्या 118 व 119 को मॉडल बूथ बनाने के निर्देश दिये। इसके साथ ही सभी बूथों में एएमएफ के तहत सभी सुविधाओं को अनिवार्य रूप से बहाल करने के निर्देश दिये। इस दौरान विशेष कर पेयजल की सुविधा व धूप से बचने हेतु टेंट लगाने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त व चैनपुर सीओ उपस्थित रहे।

# संघर्ष और क्रांति की उपज हैं बसपा के पलामू लोस प्रत्याशी : राजन मेहता

बीमोड़ पर खुला बसपा का चुनावी कार्यालय, प्रदेश अध्यक्ष ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता


चुनावी कार्यालय का उद्घाटन करते प्रदेश अध्यक्ष

**बिश्रामपुर (पलामू)।** बीमोड़ पर मंगलवार को बसपा का चुनावी कार्यालय खुला। जिसका उद्घाटन बसपा के प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता ने फीता काट कर किया। उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता वरीय बसपा नेता गोपाल राम और संचालन संजय बैठा ने किया। राजन मेहता ने कहा कि बसपा के पलामू लोक सभा प्रत्याशी कामेश्वर बैठा संघर्ष और क्रांति की उपज हैं। उन्होंने सामंतवादी विचारधारा को खत्म करने के लिए लगभग तीस वर्षों तक जंगलों का खाक छाना। पलामू को ऐसे ही क्रांतिकारी सांसद की जरूरत है। श्री मेहता ने कार्यकर्ताओं से आह्वाहन किया कि गांव-गांव, घर घर जाकर बसपा सुप्रीमो बहन मायावती का संदेश लोगों को बतायें। गोपाल राम ने कहा कि बसपा जात धर्म की नही बल्कि सभी के उत्थान की बात करती है। वहीं एनडीए धर्म की तो इंडिया गठबंधन वाले सिर्फ जात पात की बात करते हैं। इसलिए दोनो गठबंधनों को नकारने की जरूरत है।

संजय बैठा ने कहा कि मेरे पिता बसपा प्रत्यासी कामेश्वर बैठा गरीबों की आवाज को हमेशा बुलंद करते रहे हैं। पलामू की जनता ने उन्हें एक बार अवसर भी दिया था। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस बार भी जनता अपना समर्थन उन्हे ही देगी। मौके पर राजेश राम, मदन राम, विनोद कुमार, सुनेश्वर राम, अकालु राम सहित कई बसपा नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स के लिए मतदान प्रारंभ, 55 वोटर्स ने किया मतदान



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** आवश्यक सेवा में लगे अब्सेंटी वोटर्स के लिये मंगलवार से मतदान की प्रक्रिया प्रारंभ हो गया।अब्सेंटी वोटर्स के मतदान हेतु समाहरणालय के दूसरे तल्ले में सुविधा केंद्र का अधिष्ठापन कराया गया है जो आगामी 9 मई को शाम 5 बजे तक क्रियाशील रहेगा।इस दौरान जो लोग आवश्यक सेवा में लगे है और वे फॉर्म 12 डी भरकर अपने नोडल पदाधिकारी के समक्ष आवेदन समर्पित किये थे वो सुविधा केंद्र(समाहरणालय)में वोटर आईकार्ड या भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वैकल्पिक दस्तावेज के रूप में चिह्नित किये गये 12 दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज को अपने साथ अनिवार्य रूप से लाकर मतदान कर सकते हैं। इसी क्रम में आज कुल 55 वोटर्स ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। ज्ञातव्य है कि आवश्यक सेवा में लगे कुल 293 मतदाताओं से दिनांक 9 मई के शाम 5 बजे तक मतदातान कराने का लक्ष्य रखा गया है। इसके अतिरिक्त 7 से 9 मई के बीच पुलिस लाइन मेदिनीनगर के अलावा 7 मई को छत्तरपुर,8 मई को हुसैनाबाद व 9 को विश्रामपुर के पुलिस लाइन में भी चुनाव कार्य में संगलन पदाधिकारियों/ कर्मचारियों से मतदान कराया जा रहा है।

## वज्रपात की चपेट में आकर बच्ची की मौत


**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के कोल्हुआ सोनबरसा पंचायत के गाजी बिहरा गांव के लेमुआटीकर टोला निवासी बिनोद पासवान की चार वर्षीय पुत्री साक्षी कुमारी की मौत मंगलवार की शाम व्रजपात से हो गयी। इसे गंभीरावस्था में हुसैनाबाद अस्पताल ले जाने के दौरान रास्ते मे मौत हो गयी। बच्ची अपने घर के बाहर खेल रही थी। तभी अचानक आये वारिश और ओलावृष्टि के साथ हुई वज्रपात के चपेट में आ गयी। परिजनों ने आपदा प्रबंधन विभाग से मुआवजे की मांग की है।

# स्पोर्ट्स

टी 20 वर्ल्डकप के लिए टीम इंडिया की नई जर्सी लांच: नीले के साथ ऑरेंज कलर का कांबिनेशन, कॉलर पर तिरंगे के रंग

# केकेआर टीम की दो बार फ्लाइट की लैंडिंग फेल

एजेंसी



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स टीम आज कोलकाता पहुंच गयी है। इससे पहले, टीम को खराब मौसम के चलते काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। टीम की फ्लाइट की लैंडिंग सोमवार को दो बार फेल हुई। कोलकाता ने अपना पिछला मैच 5 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ लखनऊ में खेला था।

इस मैच के बाद केकेआर की टीम चार्टर्ड प्लेन से सोमवार को लखनऊ से कोलकाता के लिए निकली थी। लेकिन देर रात खराब मौसम के चलते कोलकाता की फ्लाइट की लैंडिंग दो बार फेल हो गई और टीम कोलकाता नहीं पहुंच सकी और कल रात वाराणसी में रुकना पड़ा। टीम आज दोपहर वाराणसी से कोलकाता पहुंची। केकेआर ने ये अपडेट सोशल मीडिया पर दिया।

वहीं, देर रात 1:20 बजे केकेआर ने ट्वीट कर बताया कि गुवाहाटी से कोलकाता के लिए उड़ान भरने के बाद टीम एक बार फिर सफल लैंडिंग नहीं करा सकी। जिसके बाद उनकी फ्लाइट को वाराणसी की ओर डाइवर्ट किया गया। इसके बाद टीम ने रात 3 बजे एक और ट्वीट किया और बताया था कि पूरी टीम वाराणसी में ही रुक रही है।

**कोलकाता ने लखनऊ को हराया :** कोलकाता ने रविवार को इस सीजन के 54वें मुकाबले में लखनऊ को 98 रन से हराया। लखनऊ ने होमग्राउंड भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी (इकाना) स्टेडियम में टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। कोलकाता ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 235 रन बनाएं। इकाना स्टेडियम में पहली बार 200 से ज्यादा रन का स्कोर बना। कोलकाता ने सीजन में छठी बार 200+ का स्कोर बनाया है।

जवाब में लखनऊ 16.1 ओवर में 137 रन पर ऑलआउट हो गई। सुनील नरेन ने 39 बॉल पर 81 रन की पारी खेली। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

आइपीएल 2024 का गणितः पिछले 4 मैचों में तीसरी हार से हैदराबाद की मुश्किलें बढ़ीं; आज क्वालिफाई कर सकती है आरआर

इंडियन प्रीमियर लीग में लीग स्टेज के 55 मैच खत्म हो चुके हैं। सोमवार को मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स हैदराबाद को 7 विकेट से हराया। इस नतीजे से टक 9वें नंबर पर पहुंच गयी, वहीं एसआरएच चौथे नंबर पर बरकरार है।

## चुनाव प्रशिक्षण लेने गये हुसैनाबाद क्षेत्र के शिक्षक की आकस्मिक मौत, शोक


फाइल फोटो : सहायक अध्यापक अवध किशोर राम

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र महुदंड पंचायत अंतर्गत राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय लक्सेरा के सहायक अध्यापक अवध किशोर राम की मौत हो गयी। मेदिनीनगर में चुनाव प्रशिक्षण लेने के दौरान उनकी तबीयत खराब हो गयी थी। रिम्स ले जाने के दौरान उनकी मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार 5 मई को अवध किशोर राम मेदिनीनगर के हेरिटेज स्कूल में लोकसभा चुनाव का प्रशिक्षण प्राप्त करने गये थे। वहां अचानक उनकी तबीयत बिगड़ गयी। शिक्षकों ने उन्हें तत्काल सदर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें रिम्स रांची रेफर कर दिया। रांची जाने के क्रम में रास्ते में ही उनकी मौत हो गयी। शिक्षकों ने बताया कि समयानुसार प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर अवध किशोर राम अपना मतदान देने के लिए लंबी कतार में खड़े थे। तभी अचानक उल्टी होने के बाद वह अचेत होकर गिर पड़े। शिक्षकों ने परिजनों को सूचना दी और अस्पताल में भर्ती कराया। सहायक अध्यापक की आकस्मिक मौत पर आकलन सफल सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा हुसैनाबाद ने गहरा दुःख प्रकट किया है तथा परिवार के एक सदस्य को नौकरी और उचित मुआवजा देने की मांग चुनाव आयोग व पलामू उपायुक्त से की है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में संघ के प्रखंड अध्यक्ष अभिषेक शर्मा, मीडिया प्रभारी अनिल कुमार, अविनाश सिन्हा, रजनीश कुमार, अभय राम, बलिराम यादव, पप्पू पासवान, बिनय शर्मा, सुदर्शन राम, फरजाना खातून, अर्जुन यादव, उपेंद्र ठाकुर समेत कई अन्य शिक्षकों का नाम शामिल है।

# जवानों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त, एक की मौत

## बाइक सवार को बचाने में बस डिवाइडर से टकरा कर पलट गयी

## 12 घायल जवान बगोदर ट्रामा सेंटर में भर्ती, सभी आइआरबी के जवान

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** बगोदर थाना क्षेत्र झरी पुल घाघरा कॉलेज के समीप मंगलवार की दोपहर आइआरबी जवानों से भरी बस असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इसमें एक जवान की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं करीब 12 जवान घायल हो गये हैं। मृतक जवान की पहचान विकास भगत के रूप में की गयी है।

### कैसे हुआ सड़क हादसा

सभी आइआरबी के जवान हैं, जो गिरिडीह से गढ़वा जा रहे थे। इसी दौरान बस असंतुलित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस बाबत बताया जाता है कि शिखर ट्रेवल्स नामक बस, जो कि जीटी रोड डुमरी की तरफ से बगोदर आ रही थी, तभी एक बाइक को बचाने के क्रम में असंतुलित होकर डिवाइडर पर बस चढ़ गयी और बस का टायर फटने से सीधे सड़क पर जाकर पलट गयी। इस घटना में बस में सवार एक पुलिस जवान की मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं बस में सवार 12 जवान घायल हो गये।



### जवानों को तुरंत कराया गया भर्ती

इस घटना के बाद लोगों की भीड़ जुट गयी और घायल जवानों को इलाज के लिए स्थानीय लोगों और बगोदर पुलिस के सहयोग से बगोदर ट्रामा सेंटर ले जाया गया। यहां घायलों में चार जवानों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद एसएनएमएमसीएच रेफर किया गया। वहीं गंभीर रूप से घायल जवानों को रांची रिम्स रेफर किया गया है। अन्य मामूली रूप से घायल जवानों का इलाज बगोदर अस्पताल में किया जा रहा है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद गिरिडीह एसपी दीपक शर्मा बगोदर अस्पताल पहुंचे और घायलों का हाल जाना। साथ ही गभीर रूप से घायलों को बेहतर इलाज के लिए धनबाद भेजने में सहयोग किया। बताया जाता है कि बस में कुल 40 जवान सवार थे। इधर घटना को लेकर बगोदर अस्पताल में घायल जवानों को देखने के लिए लोगों की भीड़ जुटी हुई थी।

## ढुल्लू महतो का निरसा विधानसभा क्षेत्र में धुआंधार जनसंपर्क अभियान

# जन आशीर्वाद यात्रा पर निकले ढुल्लू महतो और अपर्णा सेनगुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** भाजपा धनबाद लोकसभा प्रत्याशी ढुल्लू महतो का निरसा विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों और चौक चौराहों पर जनसंपर्क अभियान धुआंधार चलाया। जिसमे मंगलवार को सुबह 9:00 बजे से जनसंपर्क की शुरूआत तेतुलिया मोड पर निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत के साथ हुआ शुरूआत। वही डूभी, सिरका, गोपालगंज, देवियाना, भालखारिया, खसरी, पांड्रा, डांगपाडा, शासनबेरिया, मडमा, कंचडी, स्वागत मोड, मुगमा स्टेशन रोड, शिवडंगाल, भालुक सुंधा, गलफरबाड़ी, सियालकनाली, नीमडंगाल, गलफरबड़ी मोड मे भजन व ओबीसी के साथ बैठक किया, पात्थरचाली, एग्यारकुंड दुर्गा मंदिर के पास बैठक, मुंडा थोड़ा, संजय नगर, कालीमंडा, गाड़ीखाना, पंचमोहली, जोगरात, डूमुरकुंडा, लायडीह, जामकुदर, नतुनगांउ, जांच पोटारी मे 9 बजे लास्ट बैठक किया गया है।



वही जन आशीर्वाद यात्रा पर निकले धनबाद लोकसभा एनडीए प्रत्याशी ढुल्लू महतो निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता के साथ निरसा विधानसभा अंतर्गत टोपाटांड बाउरी टोला पहुंचकर चुआड़ विद्रोह के महानायक शहीद गोवर्धन दिकपती बाउरी जी के आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया और टोपाटांड़ बाउरी टोला के देवतुल्य ग्रामीणों से आशीर्वाद मांगा और कमल फूल छाप पर बटन दबाकर विजय बनाने की अपील की और इस दौरान निरसा विधानसभा क्षेत्र के सभी जगह जगह पर ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर ढुलू महतो को स्वागत किया और जनसमर्थन देते हुए आशीर्वाद दिया। मौके पर भाजपा पदाधिकारी, मंडल अधिकारी और कार्यकर्ता हर जगह मौजूद थे।

# बोकारो स्टील प्लांट के डीएनडब्लू विभाग के केबुल टनल में अग्नि सुरक्षा का पुख्ता प्रबंध

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के डीएनडब्लू विभाग के मेन स्टेप डाउन सब स्टेशन के बेसमेंट और उससे जुड़े केबल टनल में फायर रीटार्डेन्ट डोर और फायर बैरियर पैनल का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (कार्मिक और प्रशासन तथा अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद के द्वारा किया गया। इस मौके पर मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) पीके बैसाखिया, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा और अग्निशमन सेवाएं) बी पी सरतापे, मुख्य महाप्रबंधक (डी एन डब्लू) एन भाटिया, वितरण तंत्र विभाग, सुरक्षा अभियन्त्रण विभाग, सीईडी, अग्नि सेवाएं व अन्य विभागों के पदाधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। पावर सप्लाई का वितरण केबल के माध्यम से समस्त विभागों को किया जाता है, इसे सुचारू रुप से वितरित करने के लिए प्लांट के सभी विभागों को एच टी केबुल नेटवर्क से जोड़ा गया है। अग्नि रोधक द्वार की उपयोगिता तब होती है जब किसी कारण केबुल टनल में आग लग जाती है। अग्नि रोधक द्वार आग को एक कमपार्टमेंट से दूसरे कमपार्टमेंट में जाने से रोकती है. अग्नि रोधक पैनल केबल के आग को आगे बढने से रोकती है, जिससे कि जान माल का नुकसान कम से कम होता है और प्लांट को सुचारु रूप से चलाने में मदद मिलता है। डीएनडब्लू विभाग के अग्नि सुरक्षा के प्रबंधन के संदर्भ में दिलीप कुमार गोंड, महाप्रबंधक (डी एन डब्लू) ने बताया कि केबल टनल में अग्नि सुरक्षा के लिए और भी कदम उठाए जा रहे हैं तथा इसके लिए अग्नि रोधक द्वार और अग्नि अवरोधक पैनल जैसे उपकरणों का उपयोग किया जा रहा।



# स्क्रूटनी में 3 प्रत्याशी का नामांकन अस्वीकार



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने लोकसभा चुनाव के लिए प्राप्त सभी 28 नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की। स्क्रूटनी के दौरान कुछ उम्मीदवार स्वयं और कुछ उम्मीदवार के प्रतिनिधि मौजूद थे। स्क्रूटनी में 3 प्रत्याशी, हीरा लाल शंखवार, नारायण गिरी तथा गौतम कुमार महतो का नामांकन अस्वीकार किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि 9 मई 2024 को दोपहर 3:00 बजे तक नाम वापस लेने की अंतिम तिथि निर्धारित है। धनबाद में 25 मई को सुबह 7 बजे से संध्या 5 बजे तक मतदान निर्धारित है। 4 जून 2024 को मतगणना तथा 6 जून को चुनाव की प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी। इस दौरान सामान्य प्रेक्षक अनूप खिनची, उपायुक्त माधवी मिश्रा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन, आर.ओ. सेल के नोडल पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला तथा अन्य लोग मौजूद थे।

# पायनियर कंपनी के कर्मियों ने चिरकुंडा नगर परिषद क्षेत्र में कचरा उठाव बंद किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** चिरकुंडा नगर परिषद के विभिन्न वार्डों में कचरा का उठाव पायनियर कंपनी द्वारा बंद कर दी गयी है पायनियर कंपनी में कार्यरत कचरा उठाव के कर्मियों ने कंपनी पर संसाधन से जुड़ी हुई रो मटेरियल उपलब्ध नहीं कराने को लेकर कचरा का उठाव बंद कर दिया है। जिससे मंगलवार के दिन शहर के किसी भी वार्ड में कचरा का उठाव नहीं हो पाया कार्यरत कर्मियों ने बताया कि कचरा उठाव में जो वाहनों का उपयोग होता है उस वाहनों में मेंटेनेंस में भी खर्च होती है और वह खर्च पायनियर कंपनी के द्वारा नहीं दी जा रही है जिसके कारण से कर्मियों द्वारा कार्य करने से स्पष्ट रूप से मना कर दिया गया है। इसको लेकर नगर परिषद के अधिकारी पायनियर के प्रतिनिधियों से वार्ता कर रही है। इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी संदीप कुमार पासवान ने बताया कि पायनियर एजेंसी के अधिकारियों से बात चल रही है और बुधवार से पुनः कचरा का उठाव प्रारंभ किया जायेगा जो भी कर्मियों की मांगे हैं उनको एजेंसी पर दबाव बनाकर जल्द पूरा कराया जायेगा और शहर के विभिन्न वार्डो से कचरा का उठाव पूर्व की भांति प्रारंभ हो जायेगी।



## भाजपा व आजसू नेताओं ने स्व बिनोद बाबू का किया अपमान, जूता-चप्पल पहनकर किया माल्यार्पण

# ढुल्लू और सांसद चंद्र प्रकाश सार्वजनिक रूप से मांगें माफीः कुलदीप

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुदा।** भाजपा व आजसू के नेता और कार्यकर्ताओं द्वारा स्व बिनोद बाबू के प्रतिमा पर जूता पहन माल्यार्पण करने का मामला गहराया। उक्त मामले को लेकर स्वर्ग विनोद बिहारी महतो स्मारक समिति के सदस्यों और उनके अनुयायियों समेत क्षेत्र के तमाम वर्ग के प्रबुद्ध लोगों ने एक पत्रकार वार्ता कर घटना पर कड़ी निंदा किया हैं। इस दौरान क्षेत्र के आमजनों में विधायक धुलु महतो और चंद्र प्रकाश चौधरी के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त हैं। इतना ही नहीं समिति के लोगों द्वारा बिनोद बाबू के प्रतिमा को गंगा जल से धोकर प्रतिमा स्थल की सुद्धिकरन किया गया। बताते चले कि बीते सोमवार को एनडीए समर्थित गिरिडीह से आजसू प्रत्याशी सह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के नामांकन में बाघमारा विधायक सह धनबाद लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के नेतृत्व में उनके समर्थक महुदा मोड़ स्थित स्व बिनोद बाबू चौक पहुंचे। जहां विधायक ढूलु ने जैसे ही माल्यार्पण करने के लिए प्रतिमा वेदी पर चढ़े तभी उपस्थित उनके कार्यकर्ताओं की भीड़ भी प्रतिमा वेदी पर जूता पहनकर चढ़ गये और माल्यार्पण करते रहे। हालांकि इस बीच कई बार मायक से भी कहा गया कि जूता-चप्पल पहनकर प्रतिमा वेदी पर नहीं चढ़े किंतु भाजपा व आजसू के नेता कहां मानने वाले वे तमाम आदर्शो को अपने जूतों से कुचल कर तार-तार कर दिया। और जूता पहनकर माल्यार्पण करना जारी रखा। जूता पहन माल्यार्पण करने का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने बाद उनके अनुयायियों समेत क्षेत्र के तमाम वर्ग के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त हैं। वार्ता के दौरान समिति सदस्य कुलदीप ठाकुर ने कहा कि बीते सोमवार को भाजपा विधायक ढुलू महतो के नेतृत्व में एनडीए समर्थित आजसू प्रत्यासी के नामांकन में आये उनके समर्थको द्वारा जूता पहनकर प्रतिमा स्थल को रोंधने का जो काम किया हैं। वह काफी निंदनीय हैं। जिससे झारखंड के लोगों में काफी नाराजगी हैं। आंदोलनकारीयों के स्वाभिमान से समझौता किसी कीमत पर नहीं किया जा सकता हैं। भाजपा व आजसू के नेता बिनोद बाबू का नाम लेकर केवल राजनीती करते हैं, और बाहर-बाहर चटकारा लेते हैं। यहां आने के बाद ये लोग सारे बातो को भूल जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि इस पर ढूलु महतो और चंद्र प्रकाश चौधरी सार्वजनिक रूप से क्षमा नहीं मांगते हैं, तो क्षेत्र की जनता आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। झामुमो नेता निर्मल रवानी ने कहा एनडीए प्रत्याशी के नामाकन के दौरान बिनोद बाबु के आदम कद प्रतिमा पर बीजेपी और आजसू के नेता तथा कार्यकता द्वारा जूता चप्पल पहनकर माल्यार्पण कर उनका जो अपमान किया हैं। हम उसकी घोर निंदा करते है। यह दोनो दल पूरे जिवन भर विनोद बाबु का सम्मान देने का कार्य नही किया सिर्फ चुनाव में याद आता है पूरे झारखंड मे लोग चाहे जिस वर्ग के हो या जिस समुदाय के लोग सभी बिनोद बाबु को अपना आदर्श तथा रोल मॉडल मानता है उस महान व्यक्ति के प्रतिमा पर जूता चप्पल पहन कर जाना उनके ओछी मानसिकता का परिचय है।



# धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक नियुक्त

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 7-धनबाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु व्यय प्रेक्षक की नियुक्ति की गयी है। व्यय प्रेक्षक धनबाद आ चुके हैं। सभी राजनीतिक दल, मोबाइल नंबरों पर प्रेक्षक से संपर्क स्थापित कर सकते हैं। देखें उनका नाम, मोबाइल संख्या और आवासन स्थल। सामान्य प्रेक्षकः आनंद कुमार, मोबाइल संख्याः 9229601717, संबंधित विधानसभा संख्या और नामः 36-बोकारो एवं 37-चंदनकियारी, आवासनः धनबाद नया परिसदन, कमरा नंबर-02, मिलने का समयः सुबह 9:30 बजे से 10:30 बजे तक। सामान्य प्रेक्षकः निखिल गोयल, मोबाइल संख्याः 9229582515, संबंधित विधानसभा संख्या एवं नामः 38-सिंदरी, 39-निरसा, 40-धनबाद एवं 41 झरिया, आवासनः धनबाद नया परिसदन, कमरा नंबर-01, मिलने का समयः सुबह 9:30 बजे से 10:30 बजे तक।


## उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय खूँटी
(पोस्टल बैलेट कोषांग)
postalballotcellkhunti@gmail.com

**आदेश**

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित खूँटी जिला अतंर्गत दिनांक–08.05.2024 से अतिरिक्त **Facilitation Center** का अधीष्ठापन समाहरणालय Block-A पर प्रथम तल पर स्थित पोस्टल बैलेट कोषांग के सामने किया गया है, जिसमें दिनांक 08.05.2024 से मतदान का कार्य किया जाना है। कार्मिक कोषांग के ज्ञापांक 212/का0को0, दिनांक 26.04.2024 के द्वारा पूर्व से प्रेशित पत्र के आधार पर **Facilitation Center** में प्रतिनियुक्त Reserve कर्मी निम्नवत है:–

| क्रमांक | प्रतिनियुक्त कर्मी का नाम | Duty | Attestation Officer Name | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1 | SNEH SINCHIT BHENGRA 342400186 ST JOSEPH HIGH SCHOOL, Mo. No.-8084332858 | P1 (FC) | श्री बबन कुमार सिंह, श्रम अधीक्षक, खूँटी। (9771638754) | दिनांक 08.05.2024 से स्थानः डी0 सी0 कार्यालय कक्ष के पास। |
| 2 | ANJLI AIND 342400273 DISTRICT CM SOE, KHUNTI. Mo. No. - 9693563784 | P2 (FC) | | |
| 3 | ARPANA PATHAK 342401032 HIGH SCHOOL SELDA. Mo. No. - 7632006061 | P3 (FC) | | |

अतः Reserve Team को दिनांक 08.05.2024 से अगले आदेश तक अधिष्ठापित अतिरिक्त FC में (अन्य जिलों से प्राप्त/मतदान कार्य में नियुक्त अन्य कर्मी) मतदान का कार्य संपन्न कराने हेतु निदेश दिया जाता है।

विश्वासभाजन,
जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त,खूँटी

PR 324494 Election(24-25).D

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, चतरा
(डाक मतपत्र–सह–मतपत्र कोषांग)

**:– आम सूचना :–**

लोकसभा आम चुनाव 2024 में लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से आवश्यक सेवा (AVES) के मतदाताओं को मतदान कराने के लिए निम्नलिखित निर्धारित तिथियॉ एवं PVC केन्द्र गठित की जाती है जिसकी विवरणी निम्नवत् है :–

| क्रम | पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथि | निर्धारित समय | लोकसभा क्षेत्र का नाम | सुविधा केन्द्र का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 09.05.2024 से 10.05.2024 | पूर्वाहन 9:00 बजे से अपराहन 5:00 बजे तक | सिंहभूम/खूँटी/लोहरदगा/पलामू | निर्वाची पदाधिकारी का कार्यालय, 4-Chatra |
| 02 | 14.05.2024 से 16.05.2024 | पूर्वाहन 9:00 बजे से अपराहन 5:00 बजे तक | चतरा/कोडरमा/हजारीबाग | निर्वाची पदाधिकारी का कार्यालय, 4-Chatra |
| 03 | 17.05.2024 से 18.05.2024 | पूर्वाहन 9:00 बजे से अपराहन 5:00 बजे तक | धनबाद/गिरिडीह/जमशेदपुर/रॉंची | निर्वाची पदाधिकारी का कार्यालय, 4-Chatra |
| 04 | 26.05.2024 से 27.05.2024 | पूर्वाहन 9:00 बजे से अपराहन 5:00 बजे तक | राजमहल/गोड्डा/दुमका | निर्वाची पदाधिकारी का कार्यालय, 4-Chatra |

नोट :– कुल सोलह (16) अनिवार्य सेवाओं में से चतरा जिलान्तर्गत 07 अनिवार्य सेवाएँ चिन्हित है यथा विद्युत विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, डाक एवं टेलिग्राफ, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशामक, एम्बुलेंस सेवा एवं जेल शामिल।

विशेष नोट :– सभी अभ्यार्थी, लोकसभा 4–चतरा (2024) को सूचित किया जाता है कि मतदान तिथि को मतदान केन्द्र पर अपने मतदान अभिकर्त्ता (Polling Agent) को नियुक्त किया जा सकता है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, चतरा

PR 324503 Election(24-25)#D

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी –सह– उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा

**डाक मतपत्र कोषांग**

लोकसभा आम चुनाव, 2024 में लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने हेतु निर्धारित तिथि एवं सुविधा केन्द्र की विवरणी निम्नवत है :–

| क्र0 | पोस्टल बैलेट से मतदान की तिथि | निर्धारित समय | लोकसभा क्षेत्र का नाम | सुविधा केन्द्र का नाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | प्रथम चरण 12–05–2024 से लगातार 17–05–2024 तक द्वितीय चरण 18–05–2024 एवं 19–05–2024 | पूर्वाहन 09:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक | सभी लोकसभा क्षेत्र | AVSC, AVPD & COVID-19 (Home Voting) | |
| 02 | 14–05–2024, से लगातार 16–05–2024 तक | पूर्वाहन 09:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक | आवश्यक सेवाएं–सभी लोकसभा क्षेत्र | PVC (उपायुक्त कार्यालय, कोडरमा पता–समाहरणालय, कोडरमा, झारखंड) | आवश्यक सेवा के कर्मियों के लिए |
| 03 | 09–05–2024 एवं 10–05–2024 | पूर्वाहन 09:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक | सिंहभुम, खुंटी, लोहरदगा, पलामू | FC-1 (उपायुक्त कार्यालय, कोडरमा पता–समाहरणालय, कोडरमा, झारखंड) | पोलिंग कर्मियों के लिए |
| | 26–05–2024 एवं 27–05–2024 | पूर्वाहन 09:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक | गोड्डा, राजमहल, दुमका एवं अन्य | | |
| 04 | 12–05–2024 से लगातार 19–05–2024 तक | पूर्वाहन 09:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक | कोडरमा | FC-2 (Govt. Engineering College, Koderma, पता–राजकीय पोलटेक्नीक कैम्पस, बागीटांड, कोडरमा(झारखंड) | पोलिंग कर्मियों के लिए |
| 05 | 12–05–2024 से लगातार 19–05–2024 तक | पूर्वाहन 09:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक | कोडरमा | FC-3 (Govt. Engineering College, Koderma, पता–राजकीय पोलटेक्नीक कैम्पस, बागीटांड, कोडरमा(झारखंड) | पोलिंग कर्मियों के लिए |
| 06 | 12–05–2024 से लगातार 19–05–2024 तक | पूर्वाहन 09:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक | कोडरमा | FC-4 (Govt. Engineering College, Koderma, पता–राजकीय पोलटेक्नीक कैम्पस, बागीटांड, कोडरमा(झारखंड) | पोलिंग कर्मियों के लिए |
| 07 | 12–05–2024 से लगातार 19–05–2024 तक | पूर्वाहन 09:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक | कोडरमा | FC-5 (Govt. Engineering College, Koderma, पता–राजकीय पोलटेक्नीक कैम्पस, बागीटांड, कोडरमा(झारखंड) | पोलिंग कर्मियों के लिए |
| 08 | 12–05–2024 से लगातार 19–05–2024 तक | पूर्वाहन 09:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक | हजारीबाग, जमशेदपुर | FC-6 (Govt. Engineering College, Koderma, पता–राजकीय पोलटेक्नीक कैम्पस, बागीटांड, कोडरमा(झारखंड) | पोलिंग कर्मियों के लिए |
| 09 | 12–05–2024 से लगातार 19–05–2024 तक | पूर्वाहन 09:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक | चतरा, गिरिडीह, रॉंची एवं धनबाद | FC-7 (Govt. Engineering College, Koderma, पता–राजकीय पोलटेक्नीक कैम्पस, बागीटांड, कोडरमा(झारखंड) | पोलिंग कर्मियों के लिए |
| 10 | 09–05–2024 एवं 10–05–2024 | पूर्वाहन 09:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक | सिंहभुम, खुंटी, लोहरदगा एवं पलामू | FC-8 पुलिस अधीक्षक, कोडरमा का कार्यालय, कोडरमा (पता–समाहरणालय भवन, कोडरमा, झारखंड) | पुलिस कर्मी एवं होमगार्ड के लिए |
| | 12–05–2024 से लगातार 19–05–2024 तक | पूर्वाहन 09:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक | हजारीबाग, चतरा, जमशेदपुर, रॉंची, | | |
| | 26–05–2024 एवं 27–05–2024 | पूर्वाहन 09:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक | , गोड्डा, राजमहल एवं दुमका | | |
| 11 | 12–05–2024 से लगातार 19–05–2024 तक | पूर्वाहन 09:30 बजे से शाम 05:00 बजे तक | कोडरमा, गिरिडीह, धनबाद | FC-9 (पुलिस केन्द्र, चंदवारा, जिला–कोडरमा) | पुलिस कर्मी एवं होमगार्ड के लिए |

नोटः– सभी मतदाता मतदान करने के लिए अपने साथ निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित पहचान पत्र लाना सुनिश्चित करें।

ह0/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–
उपायुक्त, कोडरमा

PR 324511 Election(24-25)#D

# किट-डीयू और केपीआइटी टेक्नोलॉजीज ने सह-ब्रांडेड एम.टेक कार्यक्रम के लांच के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** ऑटोमोटिव सॉफ्टवेयर में वैश्विक अग्रणी किट-डीयू और केपीआइटी टेक्नोलॉजीज लिमिटेड ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की है जो गतिशीलता क्षेत्र में एक अभूतपूर्व साझेदारी को बढ़ावा देगा। यह सहयोग ऑटोमोटिव इलेक्ट्रॉनिक्स और सॉफ्टवेयर पर केंद्रित एक नए सह-ब्रांडेड एम.टेक कार्यक्रम के शुभारंभ का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य अगली पीढ़ी के प्रौद्योगिकी विशेषज्ञों को तैयार करना है। साझेदारी किट के उन्नत शैक्षिक ढांचे के साथ ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी में केपीआईटी की उद्योग-अग्रणी क्षमताओं को जोड़ती है। इस पहल का उद्देश्य न केवल प्रतिभा पूल की गुणवत्ता को बढ़ाना है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करना है कि स्नातक तुरंत रोजगार के योग्य हों और इस क्षेत्र में नवीन अनुसंधान और प्रगति में योगदान करने में सक्षम हों।




किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने सहयोग के बारे में अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे पास प्रतिभा की कमी को पाटने और भविष्य के लिए तैयार डिजिटल पेशेवरों को पोषित करने में उद्योग के साथ साझेदारी करने के लिए एक मजबूत बौद्धिक पूंजी और प्रतिभा आधार है। केपीआइटी टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के सह-संस्थापक, सीइओ और प्रबंध निदेशक किशोर पाटिल ने साझेदारी की विशिष्टता पर प्रकाश डाला। किट-डीयू के साथ समझौता भारत में केपीआईटी के लिए अपनी तरह का अनूठा है। हम ऑटोमोटिव प्रौद्योगिकी पेशेवरों की अगली पीढ़ी को विकसित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और किट-डीयू के छात्रों के बीच प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं। किट-डीयू के कुलपति प्रो सरनजीत सिंह ने उद्योग-अकादमिक सहयोग के महत्व परटिप्पणी की। कहा कि बाजार के लिए तैयार कार्यबल की मांग तेजी से बढ़ रही है।

# कंधमाल से बीजेडी उम्मीदवार डॉ अच्युत सामंत ने अपनी संपत्ति की घोषणा की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** कंधमाल से आगामी लोकसभा चुनाव के लिए बीजेडी उम्मीदवार डॉ अच्युत सामंत ने अपनी संपत्ति की घोषणा की है। घोषणा के अनुसार उनकी चल और अचल संपत्ति की कीमत कुल 12.44 लाख रुपये है, जिसमें एक सांसद के तौर पर मिलने वाली उनकी सैलरी 10 लाख रुपये भी शामिल है।

अपने परोपकारी और निस्वार्थ सेवाओं? प्रयासों के लिए जाने जाने वाले डॉ. सामंत सात भाइयों के परिवार से हैं। पैतृक संपत्ति में उनका हिस्सा 1.28 लाख रुपये है। इसके अतिरिक्त, उनके पास 20,500 रुपये की नकदी, 1,60,000 रुपये की जीवन बीमा पॉलिसी और इंडियन बैंक में 48,000 रुपये का बांड है। यह



घोषणा उन्हें ओड़िशा में लोकसभा दावेदारों के बीच सबसे मामूली वित्तीय स्थिति वाले उम्मीदवार के रूप में स्थापित करती है।

किट और किस जैसे सफल संस्थानों के संस्थापक होने के बावजूद, डॉ. सामंत की संपत्ति इस भौतिकवादी युग में न्यूनतम है। यह स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि वे एक गरीब परिवार से आते हैं और उनका परोपकारी जीवन, विशेषकर शिक्षा और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में एक समर्पित जीवन है।

निस्वार्थ समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें पिछले तीन दशकों में पूरे ओडिशा के हर घर में एक परिचित और प्रिय जननायक बना दिया है। डॉ. सामंत के जनसेवा तथा लोकसेवा का प्रभाव राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर फैला हुआ है, जिसका मुख्य कारण उनके द्वारा गरीबी उन्मूलन और सामाजिक उत्थान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शिक्षा के क्षेत्र में उनके अथक प्रयास हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव तक उनके पास कोई उल्लेखनीय चल-अचल संपत्ति नहीं थी और न ही पिछले 5 वर्षों में उन्होंने कोई और संपत्ति जोड़ी है। उनकी चल-अचल संपत्ति न के बराबर है।

# एम्स भुवनेश्वर में दुर्लभ स्कैल्प ट्यूमर का सफल ऑपरेशन

- पश्चिम बंगाल के 51 वर्षीय पुरुष को नया जीवन प्रदान किया
- करीब सात किलो का सिनोवियल साकोर्मा ट्यूमर निकाला गया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** पश्चिम बंगाल के 51 वर्षीय पुरुष (रवींद्र बिशुई) को नया जीवन प्रदान करते हुए, एम्स भुवनेश्वर ने एक सफल दुर्लभ खोपड़ी ट्यूमर ऑपरेशन किया। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने ऐसे दुर्लभ ऑपरेशन के लिए डॉक्टरों के समूह को बधाई देते हुए ओड़िशा के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों के लोगों को आधुनिक और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल सेवा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय संस्थान की प्रतिबद्धता दोहरायी। चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिलीप कुमार परिदा ने भी डॉक्टरों की टीम को ऐसे अद्भुत कार्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। मरीज इलाज के लिए विभिन्न मेडिकल कॉलेजों और अस्पतालों में गया। सभी जगह इनकार करने के बाद वह एम्स, भुवनेश्वर के प्लास्टिक सर्जरी विभाग में पहुंचा। एम्स भुवनेश्वर की बहु-विषयक टीम ने बर्न्स एंड प्लास्टिक सर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ संजय कुमार गिरि के मार्गदर्शन में उपचार रणनीति तैयार की। इसमें डॉ बिस्वास को भी जोड़ा। रोगी रवींद्र बिशुई को लंबे समय से चली आ रही खोपड़ी की सूजन को ठीक करने के लिए जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ा। इस जटिल प्रक्रिया में रेडियोडायग्नोसिस विभाग के डॉ मनोज कुमार नायक द्वारा द्विपक्षीय सतही लौकिक धमनियों और बाईं पश्चकपाल धमनी को लक्षित करते हुए रक्त वाहिकाओं का सटीक एम्बोलिजेशन शामिल था। इसके बाद डॉ रबी नारायण साहू (न्यूरोसर्जरी), डॉ कानव द्वारा सर्जिकल छांटना शामिल था। इसके अलावा डॉ अनिल कुमार, डॉ फणींद्र कुमार स्वैन (सर्जिकल ऑन्कोलॉजी), डॉ दिनेश, डॉ संजय के गिरी, डॉ शांतनु सुब्बा, डॉ आरके साहू, डॉ अपर्णा कानूनगो (प्लास्टिक सर्जरी), डॉ गोपिका जीत, डॉ आकांक्षा राजपूत और डॉ अहाना तथा डॉ अपराजिता पांडा के नेतृत्व में समर्पित एनेस्थीसिया टीम के साथ-साथ सूर्या, अशोक, सिबांजलि, प्रमोद की सतर्क नर्सिंग टीम भी शामिल थी। संगीता ने पूरी प्रक्रिया के दौरान मरीज की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित की। डॉ प्रीतिनंद मिश्रा द्वारा नमूने के समय पर किये गये पैथोलॉजिकल मूल्यांकन ने उपचार प्रक्रिया में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। इसमें शामिल सर्जिकल टीमों के सहयोगात्मक प्रयासों ने न केवल एक दुर्लभ खोपड़ी ट्यूमर के सफल उपचार को सुनिश्चित किया, बल्कि जटिल चिकित्सा मामलों को संबोधित करने में अंतःविषय सहयोग के महत्व को भी रेखांकित किया।

## 10 को भुवनेश्वर में पीएम मोदी का रोड शो



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 तारीख को फिर ओड़िशा का दौरा करेंगे। वे भुवनेश्वर में मास्टर कैंटीन से शुरू होकर बाणी बिहार तक रोड शो करेंगे। मोदी भुवनेश्वर में रात्रि विश्राम करेंगे। 11 तारीख को वह बलांगीर में होने वाली समाबेश में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर मंगलवार को एसपीजी टीम और पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी की। इसके अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और छत्तीसगढ़ के सीएम बिष्णुदेव साए कल ओड़िशा का दौरा करेंगे। परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा 9 मई को ओड़िशा आयेंगे।

# 16 मई को पीएम मोदी के गिरिडीह दौरे की तैयारियों में जुटे कार्यकर्ता



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गिरिडीह।** लोकसभा चुनाव के निमित कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत बगोदर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिरनी प्रखंड के ग्राम पेशम के गोटवार मैदान में 16 मई को सुबह 8 बजे प्रस्तावित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर मंगलवार को संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश महामंत्री सह राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। साथ ही दिशा निर्देश दिए। इस दौरान लोकसभा प्रभारी विकास प्रीतम, विधायक केदार हजारा, विधायक अमित यादव, विधायक नीरा यादव, बगोदर पूर्व विधायक नागेंद्र महतो, लोकसभा संयोजक रामचंद्र सिंह जिला अध्यक्ष महादेव दुबे, जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, पूर्व आइजी लक्ष्मण सिंह, जिप अध्यक्ष श्रुनिया देवी, सहित भाजपा के नेता-कार्यकर्ता मौजूद थे।












# आइआइटी भुवनेश्वर-डीआरडीओ की किक-ऑफ बैठक में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना पर की गयी चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** एक अभूतपूर्व पहल के रूप में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) भुवनेश्वर और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के बीच 7 मई को परस्पर सहयोग हेतु किक-ऑफ बैठक का सफल आयोजन किया गया। किक-ऑफ कार्यक्रम के शुभारंभ समारोह के दौरान डीआरडीओ के इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार प्रणाली (इसीएस) क्लस्टर के महानिदेशक (डीजी) डॉ बिनय के दास के साथ-साथ डीआरडीओ की सीएचइएसएस, एलआरडीइ, डीइएएल, डीएलआरएल और आइआरडीइ प्रयोगशालाओं के निदेशकों सहित अन्य वरिष्ठ वैज्ञानिक उपस्थित रहे। इस दौरान डीआरडीओ के इसीएस क्लस्टर से 9 स्वीकृत परियोजनाएं सौंपी गयीं। इसके बाद आइआइटी भुवनेश्वर के संकाय सदस्यों और शोध विद्वानों के साथ बातचीत का सत्र आयोजित किया गया। इसके अलावा 18 करोड़ की कुल लागत वाली 7 अन्य परियोजनाएं भी स्वीकृत होने की प्रक्रिया में हैं।

विद्युत विज्ञान संकाय के प्रमुख प्रो एसआर सामंतराय ने स्वीकृत परियोजनाओं के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ दास ने कहा कि इसीएस क्लस्टर, डीआरडीओ और आइआइटी भुवनेश्वर के बीच यह सहयोग रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश की भविष्य की जरूरतों को पूरा करने के उद्देश्य के लिए काम करने की दिशा में है। उन्होंने कहा कि लक्ष्य अब आत्मनिर्भरता प्राप्त करने से आगे बढ़कर दुनिया भर में अन्य लोगों के लिए भारतीय सशस्त्र बलों के लिए मानक स्थापित करना है। इस संदर्भ में, यह सहयोग और आईआइटी भुवनेश्वर में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का यह अवसर महत्वपूर्ण साबित होगा।

आइआइटी भुवनेश्वर के निदेशक प्रोफेसर श्रीपाद करमलकर ने कहा कि देश भर में आईआईटी ज्ञान सृजन और ज्ञान प्रसार से आगे बढ़कर ज्ञान अनुप्रयोग, स्टार्ट-अप और उद्यमिता के माध्यम से धन सृजन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षक तैयार कर रही है। ऐसे परिदृश्य में, रक्षा तंत्र और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान के लिए डीआरडीओ के साथ सहयोग उत्कृष्टता की दिशा में नया मार्ग प्रशस्त करेगा।

प्रायोजित अनुसंधान और औद्योगिक परामर्श (एसआरआइसी) के डीन प्रो दिनाकर पासला ने अनुसंधान सहयोग के लिए आइआइटी भुवनेश्वर पर भरोसा जताने के लिए डीआरडीओ के इसीएस क्लस्टर का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर अभिभाषण देते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग के एसोसिएट हेड डॉ विजय शंकर पसुपुरेड्डी ने एक विचार और दृष्टि को लागू करने के वृहद और सूक्ष्म दोनों स्तरों पर ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया।

डीआरडीओ की ओर से सेंटर फॉर हाई एनर्जी सिस्टम्स एंड साइंसेज (सीएचइएसएस) के निदेशक डॉ जगन्नाथ नायक; रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स अनुसंधान प्रयोगशाला (डीएलआरएल) के निदेशक एन श्रीनिवास राव, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं रडार विकास प्रतिष्ठान (एलआरडीइ) के निदेशक जी विश्वम; उपकरण अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान (आइआरडीइ) के निदेशक डॉ अजय कुमार और रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स अनुप्रयोग प्रयोगशाला (डीइएएल) के निदेशक एलसी मंगल ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखें। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के एसोसिएट हेड डॉ डीपी डोगरा ने इस कार्यक्रम का समन्वय किया।












# जिंदल स्टेनलेस ने नौ सेना के लिए डीआरडीओ के स्मार्ट सिस्टम में विशेष मिश्रित धातु स्टील शीट की आपूर्ति की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** भारत की अग्रणी स्टेनलेस स्टील निमार्ता जिंदल स्टेनलेस ने आज घोषणा की कि कंपनीनेनौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं को बढ़ाने के उद्देश्य से सुपरसोनिक मिसाइल-असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (स्मार्ट) प्रणाली में संरचनात्मक अनुप्रयोग के लिए 3 मिमी वाली विशेष मिश्रित धातु स्टील शीट विकसित और आपूर्ति की है। अगली पीढ़ी की मिसाइल-आधारित हल्के वजन की इस तारपीडो प्रणाली में उड़ान अनुप्रयोगों के लिए उपयोग की जाने वाली विशेष किस्म की ये शीट देश की सैन्य अनुसंधान शाखा रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) को दी गयी, जिसने प्रणाली का डिजाइन तैयार किया और पिछले सप्ताह ओडिशा के तट पर सफल परीक्षण किया। जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि नौसेना की स्मार्ट प्रणाली का सफल उड़ान-परीक्षण हल्के वजन वाले तारपीडो की पारंपरिक सीमा से परे भारत की रणनीतिक रक्षा क्षमताओं में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। कैनिस्टर-आधारित इस मिसाइल प्रणाली के माध्यम से भारतीय नौसेना को मजबूत बनाने में जिंदल स्टेनलेस का योगदान गौरवपूर्ण है। इस प्रणाली में शानदार प्रदर्शन और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए उच्चतम गुणवत्ता की सामग्री की जरूरत होती है।

जिंदल स्टेनलेस ने इससे पहले डीआरडीओ के साथ-साथ इसरो के तहत प्रमुख परियोजनाओं के लिए सामग्री की आपूर्ति की है, जिसमें भारत के महत्वाकांक्षी चंद्र मिशन चंद्रयान, पीएसएलवी, जीएसएलवी एमके 3, परमाणु पनडुब्बी मिसाइल प्रणाली और लगभग सभी मिसाइल कार्यक्रमों और रॉकेटों में निकास इकाई अनुप्रयोग के लिए मिसाइल कैनिस्टर शामिल हैं। कंपनी आगामी मिसाइल कार्यक्रमों की सामग्री आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में भी समर्पित रूप से काम कर रही है।






आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
**संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**